रांची
शनिवार
12.11.2022
मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 04
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-23 अंक-276 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

रश्मि प्रवाह

अगर जीवन में सफलता प्राप्त करनी है तो यह गुण व्यक्ति में अवश्य होने चाहिए। धैर्यवान होना, पवित्र होना और सबसे महत्वपूर्ण दृढ़ निश्चयी होना।

यूपीए के विधायकों ने प्रदर्शित की एकजुटता

रांची। विधानसभा के मुख्य गेट पर यूपीए के विधायकों ने शुक्रवार को अपनी एकजुटता प्रदर्शित करते हुए कहा कि झारखंड को हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे। जो वादा सरकार ने किया था उसे पूरा किया जा रहा है। झारखंड की पहचान 1932 की खतियान है और हम इसे लागू करने जा रहे हैं। इस दौरान झामुमो, कांग्रेस और राजद के विधायक हाथों में तख्तियां लेकर खड़े थे।

विष्णु अग्रवाल से ईडी ने की पूछताछ

रांची। प्रवर्तन निदेशालय के रांची जोनल ऑफिस में कारोबारी विष्णु अग्रवाल से पूछताछ हुई। ईडी ने नौ नवम्बर की पूछताछ के बाद कई सारे कागजातों के साथ विष्णु अग्रवाल को बुलाया था। एक दिन का वक्त उन्हें कागजात जुटाने के लिए दिया गया था। ऐसे में शुक्रवार की दोपहर वह रांची जोनल ऑफिस पहुंचे। देर शाम तक सेना की जमीन की खरीद के साथ-साथ अन्य गैरमजरूआ व खास महल की जमीन की खरीद से जुड़े मामले में ईडी ने विष्णु अग्रवाल से पूछताछ की।

23 क्रशर यूनिट को सीओटी देना भी ईडी रडार पर : साहिबगंज में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने साल 2021 में अगस्त महीनें में एक ही दिन में 69 स्टोर क्रशर यूनिट का कंसेंट ऑफ ऑपरेशन (सीओटी) रद्द कर दिया था। इसके बाद कुछ ही दिनों बाद 23 क्रशर यूनिट के सीओटी को बोर्ड ने रिस्टोर कर दिया था। इस मामले में ईडी की रडार पर माइनिंग डिपोर्टमेंट व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों की भूमिका है।

पूर्व पीएम राजीव गांधी हत्याकांड केस में सभी छह दोषियों को रिहा करने का आदेश

नयी दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी हत्याकांड मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जेल में बंद सभी छह आरोपियों को रिहा करने के आदेश दे दिया है। दोषियों नलिनी और आरपी रविचंद्रन दोनों ने समय से पहले रिहाई की मांग को लेकर शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। न्यायाधीश बीआर. गवई और न्यायाधीश बीवी. नागरत्ना की पीठ ने कहा कि मामले के दोषियों में से एक आरोपी एजी. पेरारिवलन के मामले में शीर्ष अदालत का पहले दिया गया फैसला इन दोनों के मामले में भी लागू होता है।

ये छह दोषी होंगे रिहा : राजीव गांधी हत्याकांड में नलिनी, विचंद्रन, मुरुगन, संथन, जयकुमार और रॉबर्ट पॉयस को रिहा करने के आदेश दिया है।

विस में आरक्षण संशोधन और स्थानीयता विधेयक पारित

1932 खतियान में जिनका होगा नाम वही कहलायेंगे झारखंड के मूलनिवासी, अब ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति संबंधित इस विधेयक को विधानसभा से पारित करा कर अपने सबसे बड़े चुनावी वायदे को पूरा कर लिया है। विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र के दौरान झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण संशोधन विधेयक 2022 और झारखंड स्थानीय व्यक्तियों की परिभाषा और परिणामी सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य लाभों को ऐसे स्थानीय व्यक्तियों तक विस्तारित करने के लिए विधेयक 2022 को बहुमत से पारित करा लिया है। सबसे खास बात है कि सीएम हेमंत सोरेन ने स्थानीयता विधेयक में संशोधन करते हुए नियोजन शब्द जोड़ दिया है। इसके तहत थर्ड और फोर्थ ग्रेड की नौकरियां सिर्फ स्थानीय को ही मिलेगी। सरकार ने वायदे के अनुरूप शुक्रवार को विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र बुलाकर इन दोनों विधेयकों को ध्वनिमत से पारित करा लिया। झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2022 विधेयक भारत के संविधान की नौंवी अनुसूची में सम्मिलित होने के उपरांत प्रभावी होगा। इससे झारखंड में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-1), पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-2) और आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों को 77 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। इस विधेयक के पारित हो जाने से ओबीसी के अलावा एसटी और एससी को मिलनेवाले आरक्षण प्रतिशत में भी बढ़ोत्तरी हुई है। विधानसभा के विशेष सत्र में सीएम हेमंत सोरेन ने इस विधेयक को पेश करते हुए बताया कि सीधी भर्ती से राज्य में होनेवाली सरकारी नियुक्तियों में 77 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है, जबकि मेरिट से 23 प्रतिशत पद भरे जायेंगे। इस विधेयक के अनुसार अब राज्य में अनुसूचित जाति के लिए 12, अनुसूचित जनजाति के लिए 26, अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-1) के लिए 15, पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-2) के लिए 12, आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों का वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। यानी सरकारी नौकरियों में इनके लिये 77 प्रतिशत आरक्षण ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

विधेयक की मुख्य बातें : -

झारखंड स्थानीय व्यक्तियों की परिभाषा और परिणामी सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य लाभों को ऐसे स्थानीय व्यक्तियों तक विस्तारित करने के लिए अधिनियम, 2022 संविधान की नौंवी अनुसूची में शामिल होने के बाद प्रभावी होगा। भूमिहीन के मामले में ग्रामसभा द्वारा संस्कृति, स्थानीय रीति-रिवाज और परंपरा के आधार पर स्थानीयता की पहचान की जायेगी। इस अधिनियम के तहत परिभाषित स्थानीय लोग कृषि ऋण के मामले में राज्य के लाभ के हकदार होंगे।

स्थानीयता विधेयक पर किसने क्या कहा

स्थानीयता से जुड़े विधेयक के कुछ बिंदुओं पर सवाल उठाते हुए अमित कुमार यादव, विनोद कुमार सिंह और रामचंद्र चंद्रवंशी ने इसे प्रवर समिति में भेजने का प्रस्ताव रखा। जबकि लंबोदर महतो ने अपने संशोधन प्रस्ताव में 1932 या उससे पहले के सर्वेक्षण की अनुपलब्धता की स्थिति में जिले के अंतिम सर्वेक्षण को आधार बनाने का संशोधन रखा। रामचंद्र चंद्रवंशी ने अपने संशोधन में विधेयक के खंड-2 (क) के स्पष्टीकरण (2) अंतिम पंक्ति में शब्द पहचान एवं करने के मध्य वंशावली के आधार पर अंत: स्थापित करने की बात रखी। उन्होंने कहा कि इस विधेयक को भी नौंवी अनुसूची के बजाये संकल्प के जरिये लागू करना चाहिए था।

स्पीकर को बुके देकर सीएम ने किया अभिनंदन

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष रबिन्द्र नाथ महतो को बुके देकर उनका अभिनंदन किया।

सीएम ने कहा- आदिवासी-मूलवासियों को मिलेगा उनका अधिकार

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2022 और 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति से संबंधित विधेयक को सदन की मंजूरी मिलने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जो कहते हैं, वो करते हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पिछले साल हमने सरना कोर्ड पारित किया था। आज का दिन शुभ है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पूरे झारखंड के लिए आज का दिन विशेष और ऐतिहासिक है। झारखंड विधानसभा से झारखंडवासियों की आत्मा और अस्मिता से जुड़े 1932 खतियान आधारित स्थानीयता और नियुक्ति तथा सेवाओं में आरक्षण वृद्धि का विधेयक पारित हो चुका है। आज पूरा झारखंड जश्न और खुशियां मना रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन में इन दोनों विधेयकों के सदन से पारित होने के बाद विधानसभा परिसर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक बार फिर झारखंड के लिहाज से 11 नवंबर का दिन इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो चुका है।

■ यहां रह रहे सभी लोगों के हितों का पूरा ख्याल और संरक्षण किया जायेगा : हेमंत सोरेन

हमारी सरकार ने निभाया वादा, अब केंद्र सरकार की जिम्मेदारी : मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने जनता से जो वादा किया था, उसे निभाने का काम किया है। अब केंद्र सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह झारखंड की भावनाओं के अनुरूप संवैधानिक प्रावधानों के तहत 1932 खतियान आधारित स्थानीयता और नियुक्ति तथा सेवाओं में आरक्षण वृद्धि से संबंधित विधेयक को नौवीं अनुसूची में डालने की पहल करे, ताकि झारखंडवासियों उनका मान-सम्मान और अधिकार मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर जरूर हुई तो पूरी सरकार दिल्ली में भी इसके लिये अपनी पूरी ताकत लगाने से पीछे नहीं हटेगी।

विकास और जनकल्याण के कार्य निरंतर जारी : मुख्यमंत्री ने कहा कि तमाम चुनौतियों का सामना करते हुए जनकल्याण और ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

जमानत मिलने के बाद रांची पहुंचे कांग्रेस के तीनों विधायक ने विस सत्र में लिया हिस्सा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। कैश कांड में कलकत्ता हाईकोर्ट से स्थायी जमानत मिलने के बाद कांग्रेस के तीनों विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी शुक्रवार को कोलकाता से रांची पहुंचे। तीनों का कई जगह स्वागत हुआ। इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी ने रांची में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही अपने समर्थकों का आभार व्यक्त किया।

रांची में पत्रकारों से बातचीत करते हुए तीनों विधायकों ने कहा कि एक साजिश के तहत कुछ बाहरी लोगों ने उन्हें फंसाने का प्रयास किया है जिसका जल्द ही पर्दाफाश होगा। विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार गिराने की कोशिश में उन सभी की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने कहा कि वे मांग करेंगे कि वर्ल्ड की बेस्ट एजेंसी से पूरे प्रकरण की जांच करायी जाये।

सुप्रीम कोर्ट ने जदयू-राजद गठबंधन सरकार बर्खास्त करने की याचिका की खारिज

- आरएनएम

नयी दिल्ली। सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार की जदयू-राजद सरकार के विरुद्ध दायर एक याचिका को खारिज करते हुए कहा कि चुनिंदा हालात में चुनाव बाद किये गये गठबंधन स्वीकार्य हैं। एक व्यक्ति चंदन कुमार ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दाखिल कर राजद-जदयू गठबंधन को गलत बताकर नीतीश कुमार सरकार को बर्खास्त करने को कहा गया था। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस एमएम संदरेश की बेंच ने कहा कि दल-बदल कानून में भी इस तरह के गठबंधन का प्रावधान है। संविधान का 10वां शेड्यूल भी इसकी इजाजत देता है। सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच का कहना था कि याचिका में कोई मजबूत दलील नहीं दी गयी है, जिस पर कोर्ट विचार करने का मन बनाये। लिहाजा इस याचिका को सिरे से खारिज किया जाता है। एक व्यक्ति चंदन कुमार ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर करके दलील दी थी कि नीतीश और जदयू का महागठबंधन जनता के साथ धोखा है। हॉर्स ट्रेडिंग और करप्ट पॉलिटिक्स के चलते लोगों को एक स्थिर सरकार नहीं मिल पा रही है। उनका कहना था कि ये गठबंधन संविधान का सरासर उल्लंघन है। नीतीश कुमार को सुप्रीम कोर्ट तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने का आदेश जारी करे। याचिकाकर्ता का कहना था कि चुनाव बाद हुए इस गठबंधन को अदालत फ्रॉड घोषित करे। ऐसी पार्टियों के लिए ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

■ कहा- चुनिंदा हालात में चुनाव बाद किये गये गठबंधन सरकार स्वीकार्य

ज्ञानवापी परिसर के शिवलिंग का संरक्षण अगले आदेश तक रहेगा जारी

सर्वोच्च न्यायालय ने ज्ञानवापी मामले में सुनवाई के दौरान अपने पुराने आदेश को रखा बरकरार

- आरएनएम

नयी दिल्ली। सर्वोच्च न्यायालय ने ज्ञानवापी मामले में सुनवाई के दौरान अपने पुराने आदेश को बरकरार रखते हुए कहा कि शिवलिंग का संरक्षण अगले आदेश तक जारी रहेगा। हिंदू पक्ष को इस मामले में जवाब देने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया गया है। कोर्ट ने इससे पहले 12 नवम्बर तक वजू खाने के संरक्षण का आदेश दिया था। इस बारे में हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने शिवलिंग (ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में) के सीलिंग आदेश को अगले आदेश तक बढ़ा दिया है। अदालत ने हमें मुस्लिम पक्ष की एक याचिका का जवाब देने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने ज्ञानवापी परिसर के ईएसआई सर्वे कराने की मांग पर अब 28 नवम्बर को सुनवाई करेगी। वहीं, श्रृंगार गौरी और ज्ञानवापी मस्जिद मामले में जिला जज अजय कृष्ण विश्वेश ने सुनवाई की अगली तारीख पांच दिसम्बर को तय की है। मालूम हो कि इसके पहले ज्ञानवापी की श्रृंगार गौरी के नियमित दर्शन, पूजा पाठ और अन्य मामलों के संरक्षण के लिए 21 अक्टूबर को जिला जज की कोर्ट में हिन्दू पक्ष की ओर से कार्रवाई आगे बढ़ाने की मांग पर सुनवाई हुई थी। वहीं, मुस्लिम पक्ष ने अधिवक्ता आयुक्त की कार्रवाई की मांग पर आपत्ति के लिए समय मांगा था। जिला जज ने इस पर 100 रुपये का जुर्माना सुनाते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए दो नवम्बर की तारीख दे दी थी। वहीं, इसके पहले श्रृंगार गौरी मामले में पक्षकार के लिए आये सभी आवेदनों को कोर्ट ने खारिज कर दिया था।

राखी सिंह सहित पांच महिलाओं ने डाली थी याचिका

ज्ञानवापी परिसर के लिए राखी सिंह सहित पांच महिलाओं ने याचिका डाली थी। ज्ञानवापी परिसर में सर्वे के दौरान मिले शिवलिंग की कार्बन डेटिंग की मांग खारिज हो गयी थी। राखी सिंह सहित पांचो वादी महिलाओं ने अब एक बार फिर से ज्ञानवापी परिसर के सर्वे की मांग की थी। इन महिलाओं के इस प्रार्थना पत्र को 17 मई को अदालत के सामने रखा गया था। इन पांचों महिलाओं की दी गयी याचिका में कहा गया है कि 16 मई को कमीशन की कार्यवाही के दौरान सर्वे में मिले शिवलिंग को पूरब की ओर दीवार में दरवाजे को ईंट से ढका गया है। वहीं, तहखाने में नंदी के सामने ये मलबा रखा गया है और उत्तर दिशा की ओर भी एक दीवार बनायी गयी है। इसमें उन्होंने मांग की है कि दीवार व मलबे को हटाकर शिवलिंग की ऊंचाई, लंबाई व चौड़ाई के साथ ही तहखानों में सर्वे की कार्रवाई की जाये।

एके-47 की तस्वीर भेज रंगदारी मांगनेवाला उग्रवादी गिरफ्तार

■ आधा दर्जन कारोबारियों से मांगी थी रंगदारी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। रांची के आधा दर्जन से अधिक कारोबारियों से रंगदारी मांगने वाले टीपीसी उग्रवादी करण कुमार उरांव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। करण राजधानी में संगठन के विस्तार के साथ-साथ कारोबारियों को धमकाकर लेवी वसूलने का काम कर रहा था। रांची के सिटी एसपी अंशुमान कुमार ने बताया कि करण टीपीसी के नाम पर लगातार रांची के कारोबारियों से रंगदारी की डिमांड कर रहा था। हाल में ही उसने सुखदेव नगर के रहनेवाले एक पेट्रोल पंप के मालिक से 50 लाख और पिठोरिया के एक ईंट कारोबारी से 20 लाख की रंगदारी की मांग की थी। रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी भी दी गयी थी। मामला संज्ञान में आने के बाद रांची के सीनियर एसपी ने सिटी एसपी अंशुमान कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर रंगदारी मांगनेवाले उग्रवादियों को गिरफ्तार करने का टास्क दिया था। टीम में सुखदेव नगर थाना प्रभारी ममता को भी शामिल किया गया था। टेक्निकल सेल की मदद से पुलिस को जानकारी मिली कि कारोबारियों से रंगदारी मांगने वाला उग्रवादी रांची के जगतपुर इलाके में रहकर ही काम कर रहा है जिसके बाद घेराबंदी कर पुलिस की टीम ने करण को गिरफ्तार कर लिया।

एके-47 की तस्वीर भेज मांगता था रंगदारी : करण व्हाट्स एप्प के जरिये रंगदारी की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री का केंद्रीय सरना समिति और सरना प्रार्थना सभा ने किया जोरदार स्वागत और अभिनंदन

रांची। 1932 खतियान आधारित स्थानीयता और नियुक्ति तथा सेवाओं में आरक्षण वृद्धि का विधेयक झारखंड विधानसभा से पारित होने पर झारखंडवासियों में इतना उत्साह उमंग उल्लास और खुशी है, इसकी बानगी मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय परिसर में भी देखने को मिली। इस ऐतिहासिक पहल के लिए केंद्रीय सरना समिति और सरना प्रार्थना सभा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया। इस मौके पर उन्होंने खूब जयकारे लगाये। एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर खुशियों को इजहार किया। वहीं, आतिशबाजी कर जश्न मनाया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड और झारखंडवासियों के मान-सम्मान और अस्मिता के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इन दोनों विधेयकों को पारित कर हमारी सरकार आदिवासियों-मूलवासियों को उनका हक और अधिकार देने का कार्य किया है। झारखंड विकास के रास्ते पर आगे बढ़ चुका है और यह सिलसिला नहीं थमेगा।

आजसू की बिरसा कॉलेज खूंटी कमिटी का गठन किया गया

रांची। शुक्रवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की बिरसा कॉलेज खूंटी कमिटी का गठन किया गया। कमिटी ज्योस्ना केरकटा एवं हेमंत कुमार के नेतृत्व में गठन कमिटी किया गया जो इस प्रकार है। प्रभारी- कामेशर महतो, सह प्रभारी: रोहित कुमार, अध्यक्ष : विशाल कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष : विकाश कुमार, वरीय उपाध्यक्ष : विनोद कुमार, बसंत कुमार, अजीत साहू, उपाध्यक्ष : प्रियंका कुमारी ,प्रिंस गोप, महासचिव : प्राची गुप्ता, संयुक्त सचिव : सुकेश महतो, कोषाध्यक्ष : राजकुमार, संजय महतो, सह कोषाध्यक्ष : अजय महतो, मीडिया प्रभारी : अभिषेक नाग, सोशल मीडिया प्रभारी: रितेश साहू, आज के इस कार्यक्रम में मुख्य प्रदेश सचिव ओम वर्मा, ज्योस्तना केरकेटा, चेतन प्रकाश, हेमंत कुमार,अंकित कुमार इत्यादि उपस्थि थे।

झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राजद की ठगबंधन वाली सरकार जो दलित हितैषी होने का ढ़ोंग करती है

रांची। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राजद की ठगबंधन वाली सरकार जो दलित हितैषी होने का ढ़ोंग करती है आज राज्य के 14 प्रतिशत (लगभग 50 लाख आबादी) अनुसूचित जाति समाज के साथ अन्याय व विश्वासघात करते हुए कानुनन रूप से उनके अस्मिता और पहचान को छिनने का काम कर रही है। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राजद वाली सरकार ने झारखंड विधानसभा में सत्र बुला कर स्थानीयता को परिभाषित करने वाले विधेयक को पारित तो कर दिया लेकिन विधेयक में अनुसूचित शब्द को ही दरकिनार कर दिया। जो सीधे तौर पर राज्य के 14 प्रतिशत अनुसूचित जाति समाज को प्रभावित कर रहा है। इस विधेयक से अनुसूचित जाति की पहचान ही खो जायेगी। जेएमएम कांग्रेस राजद की सरकार को यह शायद पता नहीं है कि लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में कहे गये हर शब्द और लिखित में दिये गये प्रत्येक शब्दों का अवलोकन माननीय उच्च न्यायालय एवं माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा किया जाता है। बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर का पूरा जीवन कठिन संघर्ष वाला रहा लेकिन जब उन्होंने संविधान लिखा तो अपने संघर्ष से कुंठित हो कर नहीं लिखा। उन्होंने संविधान में सभी वर्ग, जाति, धर्म, समाज के लोगों को एक समान रखते हुए समान हक और अधिकार देने का काम किया। लेकिन झारखण्ड महागठबंधन वाली सरकार स्थानीयता को परिभाषित करने वाले विधेयक में कुंठित मानसिकता को ध्यान में रखते हुए विधेयक को पारित कर दिया। यह विधेयक किसी दल का घोषणापत्र नहीं है कि किसी एक समाज को अपने राजनीतिक मुद्दे को लेकर बाहर कर दिया जाये।

जमानत मिलने के बाद जेल से आजाद हुए अधिवक्ता राजीव कुमार

नवीन मेल संवाददाता

रांची। पश्चिम बंगाल में कैश के साथ पकड़े गए अधिवक्ता राजीव कुमार को झारखंड हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद शुक्रवार की देर शाम जेल से बाहर आ गए।09 नवम्बर को राजीव कुमार को झारखंड हाई कोर्ट से जमानत मिली थी, वे पश्चिम बंगाल में कारोबारी अमित अग्रवाल से 50 लाख रिश्वत लेने के मामले में न्यायिक हिरासत में रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में थे।

क्या है मामला : 31 जुलाई को बंगाल पुलिस की डिटेक्टिव विंग ने राजीव कुमार को कोलकाता में गिरफ्तार किया था, तब उनके पास से 50 लाख नकदी भी बरामद की गई थी। इस मामले में कारोबारी अमित अग्रवाल ने एफआईआर दर्ज करायी थी। दर्ज एफआईआर में बताया गया था कि रांची हाईकोर्ट में शेल कंपनियों और अवैध खनन की जांच सीबीआई से कराने के लिए दर्ज याचिका से नाम हटाने के बदले राजीव कुमार ने चार करोड़ की मांग की थी, बाद में वह 50 लाख लेने कोलकाता आए थे। जिसके बाद बंगाल पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था। बाद में मामले को ईडी ने टेकओवर कर लिया था, जिसके बाद बंगाल से राजीव कुमार को रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में रखा गया था।

हाईकोर्ट से मिली थी जमानत : 9 नवंबर को झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में राजीव कुमार के द्वारा दायर जमानत याचिका पर सुनवाई हुई थी. सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता ने अदालत से जमानत की गुहार लगाई. उन्होंने अदालत को आश्वस्त किया कि राजीव कुमार जांच में सहयोग करेंगे. जब भी उन्हें बुलाया जाएगा वह हाजिर रहेंग. जिसके बाद अदालत ने उन्हें जांच में सहयोग करने की शर्त पर जमानत प्रदान करने का आदेश दिया था।इससे पहले 11 अक्टूबर को अधिवक्ता राजीव कुमार ने अपने वकील के माध्यम से हाई कोर्ट में नियमित जमानत याचिका दाखिल की थी. एम अक्टूबर को रांची ईडी की विशेष कोर्ट ने उन्हें बेल देने से इंकार करते हुए बेल पिटीशन खारिज कर दी थी. निचली अदालत से राहत नहीं मिलने के बाद राजीव कुमार ने हाईकोर्ट से बेल की गुहार लगायी थी.

अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा जबरन नाबालिग को ले जाने पर ग्रामीणों ने बचाया

मुरी। मुरी ओपी थाना अंतर्गत नया बाजार कच्ची पड़ा निवासी पिता सुभाष चंद्र तिवारी के पुत्र सूर्यवंशम तिवारी उम्र 12 वर्ष को दो अज्ञात व्यक्तियों को द्वारा जबरन उठाकर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार सूर्यवंशम तिवारी अपने घर से रोज के भाति उसुलाइन इंग्लिश मीडियम स्कूल गया था। स्कूल छुट्टी होने के बाद घर साइकिल से जा रहे था तभी अचानक दो व्यक्ति साइकिल रोककर सूर्यवंशम को मुंह पर कपड़ा बांधकर स्वर्णरेखा नदी की ओर ले गया, जहां नदी में स्नान कर रहे ग्रामीण ने देखा और उस व्यक्ति के पास पहुंचकर दोनों अज्ञात व्यक्ति से ग्रामीणों के द्वारा पूछताछ करने लगे, वह बोला कि यह मेरा भाई है वहीं लड़के से ग्रामीण ने पूछा लड़के ने सर हिलाकर इशारा करके बताया तभी ग्रामीणों ने उस व्यक्ति को पीटना चालू कर दिया।

यादव महासभा की बैठक बुढ़मू प्रखंड के बाड़े में आयोजित की गयी

नवीन मेल संवाददाता

बुढ़मू। यादव महासभा की बैठक बुढ़मू प्रखंड के बाड़े गांव में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बुढ़मू प्रखंड के यादव समाज के अध्यक्ष बालेश्वर यादव ने किया। रेजांगला शहादत दिवस समारोह सफल बनाने को लेकर किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप जिला प्रांतीय यादव महासभा के अध्यक्ष तपेश्वर यादव उपस्थित थे। इस दौरान यादव समाज के द्वारा कहा गया कि 18 नवम्बर को रेजांगला शहादत दिवस समारोह को भव्य रुप से मानाया जाएगा। साथ ही यादव समाज ने कहा कि 1962 में चीन और भारत के साथ जो युद्ध था, जिसमें 113 जवान शहीद हुए थे, जिसका शहीद दिवस हर वर्ष 18 नवम्बर को मनाया जाता है और इस वर्ष भी मनाया जाएगा। इस वर्ष 18 नवम्बर को जगरनाथपुर मन्दिर धुरुवा रांची में मनाया जाएगा। और रांची जिला प्रांतीय यादव महासभा की बैनर तले रेजांगला शहादत दिवस मनाया जाएगा। मौके पर यादव समाज के प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर यादव, रामेश्वर गोप, हीरालाल यादव, जगन्नाथ यादव, प्रकाश यादव, विजय, पंचू जयवीर, धर्म चंद यादव, राजू, बिगु, छतर देव, मुन्ना यादव, जलेश्वर यादव, राजेश यादव, अजय यादव सहित यादव समाज के कई लोग उपस्थित थे।

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा जनाक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन

सिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सिल्ली मुख्यालय के समीप जनाक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में रांची लोकसभा सांसद संजय सेठ उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजय सेठ ने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था बहुत ही दयनीय अवस्था हो चुकी है लोगों को संध्या 7:00 बजे के बाद कहीं सफर करने के लिए सोचना पड़ता है। बहू बेटी भी अपने आप को सुरक्षित नहीं महसूस करती है। मुख्यमंत्री जी हमारे कार्यकताओं को सीधे तौर पर धमकी देते हैं की हमारे विरुद्ध इसी तरह का जन आक्रोश प्रदर्शन करते हैं तो उनके ऊपर केस किया जाए और उनके सहयोगी कांग्रेस पार्टी बीजेपी कार्यकताओं को हाथ पैर तोड़ने का धमकी देती है। इसे सीधी तौर पर गुंडाराज शासन कहां जाएगा। वही जिला अध्यक्ष धीरज महतो ने कहा कि हर जगह जगह भ्रष्टाचार कायम हो चुका है चाहे प्रखंड मुख्यालय या प्रशासन आदि जगहों भ्रष्टाचार से कायम है। मगर सरकार छुपी थापी हुई है। अंत में कार्यसमिति सदस्य रमाकांत महतो ने भी संबोधित करते हुए कहा कि जनता समझ चुकी है क्षेत्र में बिजली व्यवस्था चरमरा गई है हमेशा लोड सेटिंग से ही क्षेत्र में बिजली सप्लाई किया जाता है मगर किसी समस्या की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान नहीं है।

ओबीसी आरक्षण बढ़ाने वाले विधेयक को पास करने के प्रस्ताव पर ओबीसी ने सरकार को दी बधाई

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड विधान सभा में ओबीसी आरक्षण बढ़ाने वाले विधेयक को पास करने के लिए सदन के व गठबंधन के नेता राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हार्दिक बधाई और आभार जताया है. भारतीय जनता पार्टी को अपनी 20 साल की गलती सुधारने का मौका मिला। उक्त बातें आज राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने विधानसभा में ओबीसी विधेयक पास किए जाने पर कहा उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को ओबीसी के आरक्षण 27 परसेंट से 14 परसेंट करने की गलती को सुधारने का 20 साल बाद मौका मिल गया है। अब ओबीसी के हित का गेंद भाजपा नीत केंद्र सरकार के पाले में आ गया है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा केंद्र सरकार से मांग करता है कि इन विधेयक को लोकसभा के मानसून सत्र में नौवीं अनुसूची में डाली जाए ताकि राज्य में होने वाले नियुक्ति में ओबीसी को 27 परसेंट आरक्षण मिले। राज्य सरकार से भी मांग करता हूं कि वह विधानसभा में आरक्षण बढ़ाने का विधेयक पास होने के बाद इसे नियुक्ति में कार्य रूप दिया जाए तभी इस विधेयक की उपयोगिता साबित होगी।

झारखंड सरकार का निर्णय ऐतिहासिक और साहसिक : राजद

रांची। झारखंड प्रदेश राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने झारखंड सरकार द्वारा विधानसभा द्वारा पारित निर्णय पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह निर्णय ऐतिहासिक एवं साहसिक कदम तो है ही झारखंड के हित में व पिछड़ों को 27% आरक्षण मिलना मिल का पत्थर साबित होगा और यह कदम महागठबंधन की सरकार ही ले सकती थी ।। यह सरकार जन हित व राज्य हित में करने का काम किया। पिछड़ों के आरक्षण के लिए राष्ट्रीय जनता दल लगातार आंदोलन करती रही है सरकार के इस निर्णय से डॉ मनोज ने कहा की यही भाजपा के नेता भाजपा की झारखंड सरकार ने पिछड़ों को मिलने वाला 27% आरक्षण को घटाकर 14% करने का काम किया था और यही सुदेश महतो जी जो सरकार में मंत्री थे ताली बजाकर पारित करवाया था और सरकार से हटते ही इन्हें पिछड़ों का याद भाजपा सहित आजसू को सताने लगी थी किंतु महागठबंधन की सरकार बनते ही यह लंबित मांगे पूरी हुई जो सराहनीय एवं साहसिक है।

किसान कॉल सेंटर–18001801551

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबन्धन अभिकरण (आत्मा), रामगढ़

नया समाहरणालय भवन, भूतल, ब्लॉक– सी0, छत्तरमाण्डू, रामगढ़ (825101)

ई0मेल– atmaramgarh@gmail.com वेबसाईट– atmaramgarh.org.in

–: निविदा सूचना :–

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उप विकास आयुक्त–सह–सचिव DMFT, रामगढ़ के स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक संख्या– 658 / वि0 रामगढ़, दिनांक 28.10.2022 के आलोक में प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना (पी.एम.के.के.के. वाई.) अन्तर्गत रामगढ़ जिले के प्रखण्ड दुलमी, गोला, पतरातू एवं माण्डू में क्लस्टर आधारित Robotic Solar Mobile Pumping System परियोजना का कार्य किया जाना है। Robotic Solar Mobile Pumping System के कार्य हेतु *Consultancy services/Agencies* से सील बन्द Bid आमंत्रित की जाती है। नियम एवं शर्तें तथा अन्य जानकारी कार्यालय के सूचनापट्ट अथवा Website- www.ramgarh.nic.in पर देखा जा सकता है।

1- Bid प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय:–दिनांक 28.11.2022 समय 11:30 पूर्वाह्न तक।
2- Bid जमा करने का स्थान :–परियोजना निदेशक, आत्मा कार्यालय, रामगढ़।
3- Bid खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक 29.11.2022, समय 11:00 पूर्वाह्न।
4- Bid खोलने का स्थान :–समाहरणालय भवन, ब्लॉक–B सभाकक्ष, रामगढ़।

ह0/–

PR 282064 (Agriculture)22-23*D

परियोजना निदेशक,आत्मा, रामगढ़

बीएयू के तीसी फसल शोध कार्यों को राष्ट्रीय पंचवर्षीय समीक्षा बैठक में सराहना मिली

रांची। देश भर में कार्यरत आईसीएआर-अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (तेलहनी झ तीसी) का राष्ट्रीय स्तर पर पंचवर्षीय समीक्षा बैठक रायपुर में संपन्न हुआ. इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित तीन दिवसीय बैठक में देश में चल रहे तीसी फसल के कुल 14 शोध परियोजना केन्द्रों के कार्यो की समीक्षा की गयी. आईसीएआर द्वारा गठित सात सदस्यीय समीक्षा दल की बैठक की अध्यक्षता जूनागढ़ कृषि विश्वविद्यालय जूनागढ़ एवं नवसारी कृषि विश्वविद्यालय, नवसारी गुजरात के पूर्व कुलपति डॉ एआर पाठक तथा संचालन सदस्य सचिव डॉ कंदिर देल ने की. बैठक में राष्ट्रीय परियोजना अन्वेंषक (तीसी फसल) डॉ एएल रत्नाकुमार ने पिछले पंचवर्षीय समीक्षा बैठक (वर्ष 2012-13 से 2016-17 तक) की अनुशंसा एवं एक्शन टेकन रिपोर्ट को प्रस्तुत किया.

बुढ़मू में भाजपा ने निकाला जन आक्रोश रैली

नवीन मेल संवाददाता

बुढ़मू। भाजपा बुढ़मू मंडल और ठाकुरगांव मंडल के द्वारा सरकार के खिलाफ बुढ़मू में जन आक्रोश रैली निकाला गया। इस दौरान जन आक्रोश रैली बुढ़मू ब्लॉक पहुंचा, और ब्लॉक परिसर में उपस्थित भाजपा नेताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार वादा करके विकास नहीं कर रही है, और लोगों की मांग को पूरा नहीं कर रही है , और कहा कि झारखंड की जनता को सरकार ठग रही है कहते हुए सरकार के खिलाफ कमियों को बताया।, और भाजपा नेताओं ने प्रखंड पदाधिकारियों को भ्रष्टाचार को दूर करने की बात चेतावनी दी।, और भ्रष्टाचार नहीं रुकने पर पदाधिकारियों के खिलाफ विरोध करने की बात कही। मौके पर भाजपा बुढ़मू मंडल के अध्यक्ष जगलाल महतो, उत्पल नाथ शाहदेव, हल्ला बोल कार्यक्रम के प्रभारी मनोज वाजपई, गंगोत्री कुजूर , भाजपा नेता कमलेश राम, मनोज गुप्ता, बिटू लाल शाहदेव, विनोद गुप्ता, नंदलाल पहान, अर्जुन महतो , जितेंद्र महतो, लक्ष्मण महतो, प्रकाश यादव, संजय नायक, जय कुमार साहू, पवन कुमार महतो, सुरेश राम, विकास साहू ,सूरज कुमार महतो, शिवबालक महतो, राजू गोस्वामी, नितेश कुमार महतो संतोष यादव, शंकर कुमार महतो, बुढ़मू मंडल के प्रभारी राजेंद्र पांडे, शर्मा महतो सुरेश महतो पंकज कुमार महतो कौशल कुमार महतो सहित भारतीय जनता पार्टी के लोग उपस्थित थे। और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग

(भूमि संरक्षण निदेशालय, झारखण्ड, राँची)

कार्यालय–भूमि संरक्षण पदाधिकारी, चतरा, कैम्प कार्यालय कोडरमा।

जिला संयुक्त कृषि भवन कोडरमा।, E-mail-id scochatra@gmail.com

वित्तीय वर्ष 2022–23 में डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक निर्माण के लिए "जल निधि नामक" योजना–

झारखण्ड राज्य योजनान्तर्गत कृषि को बढ़ावा देने, के लिए मानसुन पर कृषकों को निर्भरता कम करने हेतु विभिन्न श्रोतों से सिंचाई की समूचित व्यवस्था हेतु **डीप बोरिंग** एवं **परकोलेशन टैंक निर्माण हेतु"जलनिधि" नामक योजना** जिससे कृषि योग्य भूमि को सिंचित और बहुफसलीय कृषि को बढ़ावा दिया जा सके।

कृषक / संस्था का चयन

(1) अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / लघु / सीमांत कृषक / महिला कृषकों / ईच्छुक कृषकों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।

(2) जिन कृषकों को पूर्व में डीप बोरिंग, सिचांई पम्प एवं परकोलेशन टैंक निर्माण का लाभ प्राप्त हो चुका है, उनकी पात्रता जलनिधि योजना के लिए मान्य नही होगी।

(3) योजना के कार्यान्वयन में त्रिस्तरीय पंचायती राज्य व्यवस्था की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी एवं योजना बनाओं अभियान / विशेष ग्राम–सभा के तहत चयनित योजनाओं तथा माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दिया जायेगा।

आवेदन पत्र की प्राप्ति

(I) **भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कोडरमा** के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध सुपात्र कृषकों से विहित प्रपत्र–I में आवेदन प्राप्त किया जायेगा।

(II) कार्यालय–भूमि संरक्षण पदाधिकारी,, कैम्प कार्यालय कोडरमा **(जिला संयुक्त कृषि भवन कोडरमा)** से कार्यालय अवधि में निःशूल्क आवेदन–पत्र प्राप्त किया जा सकता है।

(III) आवेदन–पत्र का प्रारूप विभागीय वेबसाईट www.jharkhand.gov.in/agri. एवं www.Sameti.org पर भी उपलब्ध है।

आवेदन–पत्र निम्न कागजातों के साथ विज्ञापन प्रसारण के बाद से ही दिनांक 25.11.2022 तक कार्यालय अवधि में भूमि संरक्षण कार्यालय, कैम्प कार्यालय कोडरमा (जिला संयुक्त कृषि भवन कोडरमा) में जमा लिया जायेगा।

1. संबंधित योजना ग्राम–सभा / विशेष ग्राम से पारित होनी चाहिए एवं पारित ग्राम–सभा की छाया प्रति मुखिया द्वारा अभिप्रमाणित होना चाहिए।
2. पानी पंचायत समिति का गठन कर, रजिस्टर की छाया प्रति (क्षेत्रीय कर्मचारी / पदाधिकारी की उपस्थिति मे) पानी पंचायत के गठन की रंगीन फोटोग्राफ देय होगा।
3. पानी पंचायत का राष्ट्रीयकृत बैंक में बचत खाता खोलकर कृषक–अंशदान की राशि के साथ बचत खाता की छाया प्रति (चयनित अध्यक्ष एवं सचिव का संयुक्त पासबुक की छाया प्रति)।
4. लाभान्वित कृषकों की सूची विहित प्रपत्र में (मूल प्रति) न्यूनतम 12 कृषक।
5. गाँव के नक्श पर संबंधित योजना को चिन्हित कर नक्शा की छाया प्रति।
6. भूमि का खेसरा संख्या अद्यतन रजस्व रशीद पहचान पत्र के साथ संलग्न करें यदि जमीन पूर्वज के नाम से है तो कुर्सी नामा के साथ अपने जमीन का रकबा दिखाते हुए शपथ पत्र संलग्न करेंगे।
7. जिस स्थल पर डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक का कार्यान्वयन होगा उस रैयती भूमि का खाता सं0, प्लॉट सं0, रकबा, का भूमि प्रतिवेदन अंचलाधिकारी द्वारा मान्य होगा।

(1) डीप बोरिंग की योजना:–

कार्य योजना	पात्रता	अनुदान की राशि		
		अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई	अधिकतम अनुदान की राशि	कृषक समूह का अंशदान की राषि
योजना अंतर्गत 6 इंच Diameter Deep Boring, Submersible Pump 1.5 HP, आवश्यक Accessories एवं संस्थापन (Installation) के साथ लक्ष्य OSP-20	योजना लघु एवं सीमांत कषक समूहों के लिए लागु होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 05 एकड़ भूमि होना अनिर्वाय होगा।	3.50 लाख	90 प्रतिषत (3.15 लाख)	10 प्रतिषत (0.35 लाख)

(2) परकोलेशन टैंक की योजना।

कार्य योजना	पात्रता	अनुदान की राशि		
		अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई	अधिकतम अनुदान की राशि	कृषक समूह का अंशदान की राशि
Length of percolation tank 120ft. width of percolation tank 100ft. Depth of percolation tank 12ft. Length of Bound-370ft side slope-1:1 लक्ष्य OSP-56	योजना लघु एवं सीमांत कषक समूहों के लिए लागु होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 10 एकड़ भूमि होना अनिर्वाय होगा।	4.70 लाख	90 प्रतिषत (4.23 लाख)	10 प्रतिशत (0.47 लाख)

PR 282081 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(22-23)#D

ह0

भूमि संरक्षा पदाधिकारी, कोडरमा

केंद्र को अपनी जिम्मेदारी नहीं सौंपे, पहले राज्य सरकार 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति और एससी, एसटी व ओबीसी आरक्षण वृद्धि को लागू करे: डॉ. लंबोदर

नवीन मेल संवाददाता

रांची। आजसू पार्टी के विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने शुक्रवार को झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान विधानसभा परिसर में धरना दिया. उन्होंने धरना के क्रम में कहा कि राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारियों को केंद्र सरकार को नहीं सौंपे। पहले स्थानीय नीति और एससी, एसटी व ओबीसी आरक्षण को राज्य में लागू करे, फिर नौंवी अनुसूची में शामिल करने का प्रस्ताव केंद्र को दे। इस क्रम में उन्होंने कहा कि 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति और एससी, एसटी व ओबीसी आरक्षण वृद्धि का प्रस्ताव आजसू पार्टी के संघर्ष का परिणाम है और आज का दिन ऐतिहासिक दिन होनेवाला है। झारखंड में 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति और और एससी, एसटी व ओबीसी आरक्षण में वृद्धि का विधयेक विधानसभा में आ रहा है, निश्चित रूप से सरकार के निर्णय का हम स्वागत करते हैं। लेकिन कहीं न कहीं सरकार की नीयत और नीति में थोड़ा खोट है। सरकार जो विधेयक ला रही है उस विधेयक में यह प्रस्ताव है कि यह विधयेक तब लागू होगा जब केंद्र की नौवीं अनुसूची में शामिल हो जाएगा तो कहीं न कहीं सरकार की नीति और नियत दोनों में खोट है। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी की मांग व झारखंड की साढ़े तीन करोड़ लोगों की आवाज है तथा उनके संघर्ष के परिणाम के स्वरूप यह विधेयक सरकार ला रही है। पहले सरकार को चाहिए कि दोनों विधायक को राज्य में लागू करें। उसके बाद केंद्र सरकार को भारत के संविधान के नौवीं अनुसूची में शामिल करें इसका हम स्वागत करते हैं। लेकिन राज्य में पहले कानून बने राज्य में लागू हो। परंतु सरकार ऐसा नहीं करने वाली है। सरकार ने पेच डाल दिया है। सरकार ने स्पष्ट रूप से कहा है कि नवीं अनुसूची में शामिल होने के बाद यह दोनों लागू होगा तो कहीं न कहीं राज्य की जनता को सरकार दिग्भ्रमित कर रही है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर हम सदन में आवाज उठाएंगे और इसको लेकर सदन में हमने संशोधन प्रस्ताव भी डाला है कि पहले 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति और एससी, एसडी व ओबीसी आरक्षण वृद्धि विधयेक झारखंड में लागू करे।

कृषक उच्च विद्यालय गुडु गडरी को सीएसआर मद से मिला 32 जोड़ी बेंच व डेस्क

रातू। कृषक उच्च विद्यालय गड़री गुडू रातू रांची को लांसर एंड टुब्रो कंपनी प्राईवेट लिमिटेड के सिएसआर मद के द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए 32 जोड़ी बेंच डेस्क दिया गया। इस कार्यक्रम में रांची स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट मैनेजर जेडी त्रिपाठी, राहुल कुमार जुडूको, विकास पांडे एडमिस्टेशन, कुनाल प्लानिंग मैनेजर, सुधाकर, तेजा सेफ्टी मैनेजर कंपनी का प्रतिनिधित्व कर रहे थे, साथ ही विद्यालय के प्रबंध समिति सचिव अशोक कुमार प्रधानाध्यापिका सीमा कुमारी, उप प्रधानाध्यापिका मेलसा स्वेता तिर्की, सहायक शिक्षक नलनी रंजन प्रसाद, संजय कुमार महतो, कृषक उच्च विद्यालय गड़री गुडू रातू रांची को संचालित करने वाली संस्था शहीद विशुन महतो स्मारक संस्था के अध्यक्ष कालीराम उरांव सचिव अशोक कुमार सदस्य पितांबर महतो,करमा महतो, सुरेश उरांव आदि मौजूद रहे। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट मैनेजर के द्वारा विद्यालय परिवार को आश्वासन दिया गया।

न्यूज गैलरी

सरला बिरला पब्लिक स्कूल के लिए गौरवशाली क्षण

रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल की सत्र 2021-22 की छात्रा आयुषी चौधरी को संसद भवन में राष्ट्रीय नेताओं को पुष्पांजलि अर्पित करने के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए चुना गया है। आयुषी ने आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लिया था और जनवरी में उद्धरण लेखन सह कविता लेखन प्रतियोगिता में प्रथम रनर अप रही। तीन नवंबर को सी.आई.ई.टी. एन.सी. ई. आर. टी. ने उसे सूचित किया कि उन्हें 14 नवंबर 2022 को भारत के पहले प्रधानमंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर राष्ट्रीय नेताओं को श्रद्धांजलि देने के लिए चुना गया है। इस विशिष्ट यात्रा के साथ उन्हें वहां रहने के अतिरिक्त, संसद भवन, संसद संग्रहालय, प्रधानमंत्री संग्रहालय और राष्ट्रीय युद्ध स्मारक आदि का भ्रमण कराया जाएगा। आयुषी ने बताया कि उसकी प्रतिभा को पहचान कर उसे इस विशेष अवसर के लिए तैयार करने में विद्यालय का विशेष योगदान रहा है। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ० प्रदीप वर्मा ने छात्रा को बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने कहा कि वह छात्रा की उपलब्धि से प्रसन्न हैं और उन्होंने छात्रा को उसके सुनहरे भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।

सेल में कर्मचारियों को दिलाई गई गुणवत्ता की शपथ

रांची। विश्व गुणवत्ता दिवस पर रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर फोर आयरन एंड स्टील सेल रांची में समारोह हुआ। मौके पर गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में कार्यकारी निदेशक आरडीसीआईएस एन बनर्जी, कार्यकारी निदेशक (एसएसओ) ए चक्रवर्ती व मुख्य महाप्रबंधक (आरटी) पी पाठक ने गुणवत्ता ध्वज फहराया। कर्मचारियों को गुणवत्ता की शपथ दिलाई। वहीं, एन बनर्जी ने ग्राहकों के लिए उपलब्ध कई विकल्पों को देखते हुए गुणवत्ता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने लोगों से कंपनी के लिए एक ब्रांड वैल्यू बनाने और अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए गुणवत्ता अभियान जारी रखने को कहा।

रिम्स में चतुर्थवर्गीय पदों पर नियुक्ति पत्र नहीं देने का कोर्ट का निर्देश

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने रिम्स के चतुर्थवर्गीय पदों पर अगले आदेश तक नियुक्ति पत्र देने पर मौखिक रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस डॉ रवि रंजन और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए 18 नवंबर को विस्तृत सुनवाई करने का निर्देश दिया। इस दौरान रिम्स की ओर से भी नियुक्ति पत्र नहीं देने की बात कही गई। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता राजेंद्र कृष्णा ने अदालत को बताया कि रिम्स में चतुर्थ वर्ग पर वर्ष 2019 में नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। बाद में उसे रद्द कर वर्ष 2021 में उन्हीं पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी गई। अब चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जाना है। ऐसे में उन्हें नियुक्ति पत्र नहीं दिया जाए। इस पर रिम्स की ओर से नियुक्ति पत्र नहीं देने पर सहमति जताई गई। तब अदालत ने अगले आदेश तक नियुक्ति पत्र नहीं देने को कहा है। अदालत ने रिम्स की बदहाली अन्य मामलों के एक साथ सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है। उस दौरान मामले में किसी भी पक्ष को समय नहीं दिया जाएगा। बता दें कि हाई कोर्ट में रिम्स में मशीनों की खराबी व जरूरी संसाधन उपलब्ध नहीं होने को लेकर याचिका दाखिल की गई है। इसके साथ ही यहां तृतीय और चतुर्थवर्गीय पदों पर नियुक्ति में गडबड़ी को लेकर भी याचिका दाखिल की गई है।

इनरव्हील क्लब पलाश ने मनाया बाल दिवस

रांची। इनरव्हील क्लब ऑफ रांची पलाश की ओर से शुक्रवार को कल्याणपुर राजकीयकृत मध्य विद्यालय में बाल दिवस का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 1-2 तक के बच्चों के बीच चित्रांकन प्रतियोगिता व कक्षा 3-5 तक के बच्चों के बीच शिक्षाप्रद खेल का आयोजन किया गया। इस बीच बच्चों को लगन से कार्य करना, ईमानदारी बरतना, ईर्ष्या न करना जैसे संदेश दिए गए। देश के प्रथम प्रधानमंत्री चाचा नेहरू को भी बच्चों ने याद किया। खेल में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर स्कूल के प्रधानाध्यापक सुधाशु रंजन, क्लब की अध्यक्ष श्वेता चौधरी, सोनी वर्मा, नूतन सिंह, रश्मि कपिला, रत्ना झा, सीमा झा, निशि चंद्रा, संध्या रोशन आदि मौजूद थे।

कांग्रेस जनों ने पटाखे फोड़कर व मिठाईयां बांटकर मनाया जश्न

ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव पारित

> यह सीधे-सीधे जन सरोकार से जुड़ा हुआ मामला था जिसका पिछले 22 वर्षों से झारखंड वासियों को इंतजार था यह एक बेहद महत्वपूर्ण ऐतिहासिक फैसला है। हमारी सरकार के इस निर्णय से राज्य के युवाओं को रोजगार के क्षेत्र में लाभ मिलेगा।

नवीन मेल संवाददाता

रांची । झारखंड में 1932 का खतियान ही स्थानीयता का आधार होगा. महागठबंधन की सरकार ने शुक्रवार 11 नवम्बर, 2022 को इस बिल को विधानसभा से पारित करा लिया। इस ऐतिहासिक निर्णय पर शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की उपस्थिति में कांग्रेस जनों ने पटाखे फोडकर, मिठाईयां बांटकर जश्न मनाया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि 1932 खतियान आधारित स्थानीयता नीति के लिए राज्य की जनता पिछले 22 वर्षों से इंतजार कर रही थी इसका विधानसभा द्वारा पास होना हमारे लिए गर्व एवं हर्ष का विषय है। इसके साथ ही हमने सरकार में रहकर ओबीसी आरक्षण के लिए जो संघर्ष और आंदोलन किया था उसका परिणाम भी आज आया कि झारखंड के ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव भी आम सहमति से पारित कर दिया गया। यह सीधे-सीधे जन सरोकार से जुड़ा हुआ मामला था जिसका पिछले 22 वर्षों से झारखंड वासियों को इंतजार था यह एक बेहद महत्वपूर्ण ऐतिहासिक फैसला है। हमारी सरकार के इस निर्णय से राज्य के युवाओं को रोजगार के क्षेत्र में लाभ मिलेगा। 1932 आधारित खतियान पर आधारित स्थानीयता नीति कैबिनेट द्वारा पारित किए जाने पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इससे राज्य के युवाओं और जनता को सीधा लाभ होगा। झारखंड का सर्वांगीण विकास के लिए यह आवश्यक कदम है और यह मील का पत्थर साबित होगा यह ऐतिहासिक फैसला है और इसका स्वागत किया जाना चाहिए। जश्न कार्यक्रम में मुख्य रूप से केशव महतो कमलेश, राजीव रंजन प्रसाद, राकेश सिन्हा, अमुल्य नीरज खलखो, डॉ राकेश किरण महतो, मानस सिन्हा, कुमार राजा, जगदीश साहु , निरंजन पासवान, नेली नाथन, अरूण साहू, जितेन्द्र त्रिवेदी, शहीद अंसारी, सुरेन राम, अजय कुमार, छोटू सिंह, अजय सिंह, राजेश चन्द्र राजू, विनंजय भारती, प्रिंस बट्ट, सलीम खान, इस्तियाक अहमद, पंकज तिवारी, दामोदर प्रसाद, एवं रामानंद केशरी आदि शामिल थे।

स्थानीय नीति नियोजन व आरक्षण नीति का ध्वनिमत से सदन से पारित होना ऐतिहासिक : नायक

नवीन मेल संवाददाता

रांची। स्थानीय नीति नियोजन नीति एवं आरक्षण नीति का ध्वनिमत से सदन से पारित होना झारखंडी दलित आदिवासी मूलवासी समाज के लिए ऐतिहासिक दिन साबित हुआ और शुक्रवार का दिन झारखंड के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों पर लिखा जाएगा। उपरोक्त बातें आज झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष हटिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने सदन में दोनों विधेयक का ध्वनिमत से पारित होने पर आज अपनी प्रतिक्रिया में कहीं। उन्होंने हेमंत सरकार को बधाई देते हुए कहा कि जो भारतीय जनता पार्टी की सरकार 20 वर्षों तक झारखंड के दलित आदिवासी मूलवासी समाज के हक और अधिकार को दबाकर रखा था उसको हेमंत सोरेन की सरकार ने उनके हक और अधिकार को देने का काम किया इसके लिए झारखंडी सूचना अधिकार मंच एवं समस्त झारखंड के दलित आदिवासी मूलवासी समाज उनको इस कार्य के लिए बधाई देता है। श्री नायक में आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय सरकार सदन से पारित दोनों विधेयक जो झारखंड की जनता की मूल आत्मा से जुड़ी हुई है उनके भावनाओं के साथ जुड़ी हुई है उन दोनों विधेयक को अविलंब केंद्र की सरकार कानून बनाकर नवीं अनुसूची में अविलंब डालने का काम करें। अगर भारतीय जनता पार्टी की केंद्र की सरकार अगर इन दोनों कानूनों को अगर नहीं पारित करती है तो आने वाले लोकसभा के चुनाव में विधानसभा के चुनाव में झारखंड से उनका सुपारा साफ करने के लिए झारखंडी समाज कमर कस चुकी है।

राजेन्द्र प्रसाद ने विधानसभा अध्यक्ष व मुख्यमंत्री को दी बधाई, कहा-जातीय जनगणना भी कराएं

नवीन मेल संवाददाता

रांची। 1932 और ओबीसी को 27% आरक्षण देने को लेकर संविधान की नौवीं अनुसूची में डालने का प्रस्ताव विधानसभा सभा से पास होने पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विधानसभा में मिलकर उन्हें बधाई दी। प्रसाद ने मुख्यमंत्री से कहा कि मूलवासी सदान मोर्चा ने 1932 के साथ अंतिम सर्वे 1964 के आधार पर स्थानीय नीति को परिभाषित करने और ओबीसी को 36% आरक्षण देने को को लेकर लम्बी संघर्ष और आन्दोलन किया है। प्रसाद ने कहा कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने कम से कम 36% आरक्षण ओबीसी को देने की अनुशंसा की थी 36% आरक्षण का प्रस्ताव पारित होता तो संविधानिक तौर पर प्रस्ताव को और भी मजबूती मिलती। प्रसाद ने मुख्यमंत्री से पिछड़ी जातियों का जनगणना और सर्वेक्षण कराने का आग्रह किया। इस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया की वे पिछड़ी जातियों का जनगणना भी वे कराएंगें।

एकल प्रयोग प्लास्टिक के विरुद्ध चला अभियान

रांची। झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और डोरंडा कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से शुक्रवार को एकल प्रयोग प्लास्टिक के दुष्प्रभाव को लेकर अभियान चलाया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक व हस्तनिर्मित पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। साथ ही, एकल प्रयोग प्लास्टिक के विरुद्ध वन विभाग के पलाश सभागार से जागरुकता रैली निकाली। रैली मेकॉन चौक, डोरंडा बाजार से होते हुए डोरंडा कॉलेज परिसर में आकर समाप्त हुई। रैली के बाद कॉलेज में एकल प्रयोग प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष शशिकर सामंता, सदस्य सचिव वाईके दास, कॉलेज के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा, सीसीएफ एसआर नटेश व रांची विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार मौजूद रहे। शशिकर सामंता ने कहा कि एकल प्रयोग वाले प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करके पर्यावरण को काफी हद तक नुकसान से बचाया जा सकता है।

अयोध्या नारी सेना के तत्वावधान में अयोध्या नगरी में हुआ तीर्थस्थल का भ्रमण

नवीन मेल संवाददाता

रांची। शुक्रवार को नारी सेना के केंद्रीय अध्यक्ष पूनम सिंह की अध्यक्षता में सैकड़ों महिला एवं पुरूष तीर्थयात्री अयोध्या नगरी में हनुमान गढ़ी, ऐतिहासिक नवनिर्मित राम मंदिर, नंदी ग्राम, सूर्यकुंड, मणि पर्वत आदि धार्मिक स्थल का भ्रमण कर इनके पौराणिक इतिहास को जाना साथ ही साथ देश में सुख, शांति एवं अमन, चैन के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस तीर्थयात्रा के जत्था को हिंदू सम्राट भैरव सिंह, वार्ड पार्षद रौशनी खालको, संजीव कुमार साहू, विजय यादव ने मंगलमय यात्रा की शुभकामनाओं के साथ रांची रेलवे स्टेशन से विदा किया था। इस तीर्थयात्रा का नेतृत्व सेना के केंद्रीय अध्यक्ष पुनम सिंह, संस्थापक सह युवाओं की धड़कन सूरज सिंह भवानी, संरक्षक विनय शर्मा, प्रवक्ता शिव किशोर शर्मा, मीडिया प्रभारी कुमारी कामिनी सिंह, वार्ड नंबर 29 के प्रसिद्ध समाजसेविका अनुपमा सिंह कर रहें है। इस तीर्थयात्रा में जयविंदा देवी, लीला देवी, ज्योति सिंह, किरण देवी, कमला शर्मा, नेहा महतो, रानी राणा, ममता कुमारी, सोनी कुमारी, सीमा देवी, नीला खालको, आर्यन कुमार सहित सैकड़ों महिला एवं पुरुष शामिल है। मौके पर आज धार्मिक स्थल दर्शन के बाद भव्य भक्तिमय भवन कीर्तन एवं महाप्रसाद का वितरण गोलाघाट तुलसी नगर कमरू आश्रम में किया गया।यह जानकारी सेना के मीडिया प्रभारी कामिनी सिंह ने दी है।

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में बिरसा जयंती समारोह 14-15 नवंबर को

नवीन मेल संवाददाता

रांची। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में 14-15 नवंबर को बिरसा जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। विभिन्न कार्यक्रमों में कृषि, पशु चिकित्सा एवं वानिकी- तीनों संकायों के विद्यार्थी भाग लेंगे। जयंती समारोह की तैयारियों के लिए आज बीएयू मुख्यालय के प्रबंध पर्षद कक्ष में वरिष्ठ पदाधिकारियों की एक बैठक हुई जिसमें वानिकी संकाय के अधिष्ठाता डॉ एमएस मलिक को कार्यक्रम संयोजक नामित किया गया। समन्वयक की भूमिका डॉ बसंत चंद्र उरांव निभाएंगे। रांची कृषि महाविद्यालय क्रीड़ांगन 14 नवंबर को तीरंदाजी प्रतियोगिता होगी। इसी दिन बिरसा भगवान के जीवन, दर्शन और संदेशों पर आधारित वक्तृत्व कला प्रतियोगिता पशु चिकित्सा महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में होगी। अपराहन 2:00 बजे से क्षेत्रीय एकल गीत, एकल नृत्य, समूह गीत, समूह नृत्य एवं देशभक्ति गीत की प्रतियोगिताएं रांची कृषि महाविद्यालय प्रेक्षागृह में होंगी। पन्द्रह नवंबर को सुबह 8 बजे छात्र- छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में शोभा यात्रा एवं झांकी निकाली जाएगी। गीत, नृत्य एवं भाषण कला में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी आरएसी प्रेक्षागृह में अपनी प्रस्तुति देंगे तथा पुरस्कार वितरण समारोह होगा। आज की तैयारी बैठक में कृषि अधिष्ठाता डॉ एसके पाल, पशु चिकित्सा संकाय के अधिष्ठाता डॉ सुशील प्रसाद तथा निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ जगरनाथ उरांव भी उपस्थित थे।

1932 आधारित स्थानीयता नीति व पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पहले उनकी सरकार ने ही दी थी : बाबूलाल

सरकार की मंशा ठीक होती तो सरकारी संकल्प के जरिए दोनों ही नीति को लागू कराती, लेकिन आमलोगों को ठगने के लिए इसे नौंवी अनुसूची में शामिल करने का प्रस्ताव भेजा जा रहा है।

नवीन मेल संवाददाता

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को यह एहसास हो चुका है कि अब उनका जेल जाना तय है। भ्रष्टचार को छिपाने के लिए उनकी अनर्गल बयानबाजी भी उनका ढाल न बन सकी। बाबूलाल मरांडी ने भाजपा का सूपड़ा साफ कर देने संबंधी बयान पर कहा कि मुख्यमंत्री 17 नवंबर को ईडी के समक्ष जाईये। सच बोलिए और न्यायिक संस्थाओं के सम्मान के निर्णय को सहर्ष संभालिए। राज्य में 1932 आधारित स्थानीयता नीति व पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि दोनों ही फैसले पहले उनकी सरकार ने किए थे, लेकिन हाईकोर्ट ने इसे खारिज कर दिया था। सरकार की मंशा ठीक होती तो सरकारी संकल्प के जरिए दोनों ही नीति को लागू कराती, लेकिन आमलोगों को ठगने के लिए इसे नौंवी अनुसूची में शामिल करने का प्रस्ताव भेजा जा रहा है।

नेता प्रतिपक्ष नहीं बनाना चाहते, सामना जो नहीं कर पाएंगे

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा विधायकों ने उन्हें अपना नेता चुना। लेकिन उन्हें नेता प्रतिपक्ष नहीं बनाया जा रहा है, ये जानते हैं कि सदन में ये मेरे सवालों का जवाब नहीं दे पाएंगे। यही वजह है कि यह नेता प्रतिपक्ष के फैसले को टाल रहे हैं। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन व उनके लोग सीएनटी को लेकर बड़े बड़े दावे करते हैं, लेकिन जांच हुआ तो यह पता चला है कि सीएनटी का उल्लंघन कर सबसे ज्यादा जमीन लूटने वाले लोग यही हैं।

अंग्रेजी जाने बगैर हम अपनी भाषा को अंतरराष्ट्रीय भाषा नहीं बना सकते : डॉ मोहन कांत

रांची। रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय में शुक्रवार को ईस्ट एंड वेस्ट यूनिवर्सिटी नीदरलैंड के पूर्व चांसलर डॉ मोहन कांत गौतम का विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। विषय था अंतःसंबंध भाषाओं का अतीत, वर्तमान एवं भविष्यः विश्व परिदृश्य में। डॉ गौतम ने कहा कि किसी बोली का साहित्य नहीं है, तो वह भाषा नहीं हो सकती, ऐसी बात नहीं है। हमें दूसरी भाषाओं का भी ज्ञान रखना चाहिए। अंग्रेजी भाषा को जाने बगैर हम अपनी भाषा को अंतरराष्ट्रीय भाषा नहीं बना सकते। डॉ गौतम ने कहा कि दूसरे देशों में आदिवासियों की भाषा कैसे बढ़ी, इस विषय पर शोध होना चाहिए। संसार की लगभग 3000 भाषाएं आज लगभग खत्म हो गईं हैं। ऐसी स्थिति, परिस्थिति में हम अपनी भाषा को कैसे बढ़ाएं, इस दिशा में पहल होनी चाहिए।

स्थानीय व नियोजन नीति लागू करना राज्य का अधिकार 9वीं अनुसूची का बहाना बना रही राज्य सरकार : दीपक प्रकाश

स्थानीय नीति और नियोजन नीति बनाने, लागू करने का पूरा अधिकार राज्य सरकार को

दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य सरकार को स्थानीय नीति,नियोजन नीति बनाने, लागू करने का पूरा अधिकार भारत के संविधान ने दिया है, फिर 9वीं अनुसूची की बहानेबाजी क्यों? उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट हो चुका है कि हेमंत सोरेन सरकार की मंशा साफ नही है। ये इसे लटकाना, भटकाना और अटकाना चाहते हैं। जैसे भाजपा की पूर्व सरकार ने संकल्प के आधार पर स्थानीय नीति और नियोजन नीति को परिभाषित करते हुए लागू किया था, उसी तर्ज पर हेमंत सरकार भी बहाने बाजी छोड़ स्थानीय नीति और नियोजन नीति लागू करे।

> राज्य सरकार को यदि पिछड़ों की इतनी ही चिंता थी तो फिर बिना आरक्षण दिए पंचायत चुनाव क्यों कराए गए और अब नगर निकाय चुनाव कराने की भी बात बिना आरक्षण के ही हो रही।

नवीन मेल संवाददातपा

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने हेमंत सरकार की नई स्थानीय और नियोजन नीति को लटकाने, भटकाने और अटकाने वाला विधेयक बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राज्य गठन के पूर्व से ही जन भावनाओं के साथ खड़ी है। स्व अटल बिहारी वाजपाई एवं लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में झारखंड राज्य का गठन हुआ। भाजपा ने अलग राज्य के सपनों को साकार किया जबकि आज के सत्ताधारी दलों ने कैसे अलग राज्य के आंदोलन को बदनाम किया, बेचा और खरीदा यह जनता जानती है। उन्होंने कहा कि आज भ्रष्टाचार में आकंठ डुबी सरकार, आरोपों से घिरे मुख्यमंत्री एवं उनके कुनबे को 32 महीनों के बाद 1932 के खतियान की याद आ गई। मुख्यमंत्री ने फिर एकबार राज्य की जनता को दिग्भ्रमित किया है। इनकी मंशा साफ नही है। ये सिर्फ दिखावा करना चाहते हैं। इनके नियत में खोट है।

दलित समाज का नहीं किया उल्लेख : दीपक प्रकाश ने कहा कि हेमंत सरकार का आदिवासी, दलित, पिछड़ा विरोधी चेहरा उजागर हो चुका है। विधेयक में अनुसूचित जाति का उल्लेख तक नहीं है। ऐसे ही अपनी परंपरा संस्कृति का पालन करने वाला जनजाति समाज विकास की बाट जोह रहा है। दीपक प्रकाश ने पूछा कि मुख्यमंत्री बताएं कि उनके मंत्रिमंडल में हो,मुंडा,आदिम जनजाति समाज के कितने लोग हैं? दीपक प्रकाश ने कहा कि आज जिस कांग्रेस की गोद में बैठकर हेमंत सोरेन सरकार चला रहे, उसी कांग्रेस ने 10 वर्षों तक मंडल कमीशन रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक अधिकार नहीं दिया था।

पुष्कर महतो के नेतृत्व में झारखंड स्वशासी परिषद के पूर्व पार्षद मोर्चा से जुड़े

बीजेपी नहीं चाहती कि मुख्यमंत्री को झारखंड आंदोलनकारी गौरव पुत्र के सम्मान से सम्मानित किया जाये

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो के नेतृत्व में शुक्रवार को झारखंड आंदोलन के सुविख्यात आंदोलनकारियों में से झारखंड स्वशासी परिषद के पूर्व पार्षदगण जुड़े। इन पूर्व पार्षदों में रांची की रानी कुमारी, धनबाद की रेखा मंडल, लोहरदगा की कमला देवी, बोकारो के ज्ञानेश्वर सिंह यादव, देवघर के गेंदालाल दास, देवघर के रघुनाथ दास, गढ़वा के डॉ मोहम्मद यासीन अंसारी, गुमला के देवचरण गोप प्रमुख हैं। मौके पर संस्थापक पुष्कर महतो सभी का स्वागत करते हुए ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों की आवाज को मंजिल तक पहुंचाना है, इस दिशा में ठोस कदम एवं सकारात्मक दिशा में पहल किया जा चुका है। शीघ्र ही जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए राज्य गठन की तिथि से सभी झारखंड आंदोलनकारियों को समान रूप से राजकीय मान-सम्मान पहचान नियोजन पेंशन देने के सवाल पर नीतिगत कार्रवाई की जाएगी। श्री महतो ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राज्य के संप्रदायिक शक्ति एवं पूंजीवादी ताकतों के दलाल नहीं चाहते हैं कि झारखंड आंदोलनकारी गौरव पुत्र के सम्मान से उन्हें सम्मानित किया जाए। लेकिन राज्य के सभी झारखंड आंदोलनकारी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उपलब्धियों के आधार पर झारखंड आंदोलनकारी गौरव पुत्र के रूप में सम्मानित करने के लिए अपने-अपने जिले में सांस्कृतिक दलों के साथ पूरी तरह से तैयार हैं। श्री महतो ने जानकारी दी कि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा पुष्कर महतो, दिवाकर साहू, प्रेम शंकर साहू के नाम से निबंधित है। इस संगठन के नाम से कोई भी व्यक्ति बिना सहमति के कार्यक्रम आयोजित करता है तो यह आधिकारिक नहीं होगा।

न्यूज गैलरी

स्थानीय नीति और ओबीसी आरक्षण को लेकर जताया हर्ष

रांची। मूलवासी सदान मोर्चा ने स्थानीय नीति और ओबीसी आरक्षण को लेकर विधानसभा में प्रस्ताव पारित होने पर खुशी जाहिर की ।मूलवासी सदान मोर्चा के वरिष्ठ सलाहकार क्षितीश कुमार राय, डॉ राम प्रसाद अमित साहू विशाल कुमार ने अंतिम सर्वे के साथ अन्य विकल्पित व्यवस्था और पिछड़ी जातियों को 27 प्रतिशत आरक्षण को देने साथ अनुसूचित जाति को 12 प्रतिशत करने का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री के धन्यवाद दिया है।

स्कूली बच्चों की पढ़ाई बाधित कर जलडेगा मिडिल स्कूल में लगाया गया सरकार आपके द्वार का शिविर

जलडेगा। सरकार के आदेश का पालन करना है इसका मतलब ये नही की स्कूली बच्चों के पठन पाठन में बाधा पहुंचाया जाए। लेकिन जलडेगा में ऐसा ही कुछ हुआ जलडेगा मिडिल स्कूल के मुख्य गेट के पास ही प्रशासन ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित करने के लिए टेंट लगवा दिया। कार्यक्रम में लोगों की भीड़ ऊपर से साउंड सिस्टम और नुक्कड़ नाटक वालों के नाच गान के कारण बच्चे पढ़ नही पाए। बता दें कि जलडेगा पंचायत में पूर्व से ही 11 नवंबर को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम करने का तिथि निर्धारित किया गया था, रास मेला के कारण जलडेगा हाई स्कूल में ये शिविर नही लग पाया लेकिन इसके बाद भी प्रशासन के पास ये शिविर को आयोजित करने के बहुत सारे विकल्प थे। लेकिन भी प्रशासन ने शिविर के लिए स्कूल को चुना। इससे पहले भी कुटुंगिया में बच्चों की पढ़ाई बाधित कर स्कूल परिसर में ही शिविर आयोजन किया था। स्कूल के प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार से बात करने पर बताया कि स्कूल में शिविर लगाने के लिए कोई चिट्ठी तो नही दिया गया लेकिन क्या करें प्रशासन के खिलाफ नहीं जा सकते।

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के मौके पर सेंट्रल अंजुमन इस्लामिया ने मौलाना अब्दुल कलाम आजाद को किया याद

सिमडेगा। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के मौके पर सेंट्रल अंजुमन इस्लामिया सिमडेगा द्वारा शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित करते हुए मौलाना अब्दुल कलाम आजाद को याद किया। इस मौके पर अंजुमन की ओर से मौलाना आजाद की तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। इस कार्यक्रम पर बोलते हुए अंजुमन के सदर मोहम्मद गयास ने कहा मौलाना आजाद स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री थे उन्होंने पूरे देश में शिक्षा का दीप जलाया उन्होंने कई यूनिवर्सिटी कई टेक्निकल कॉलेज की स्थापना की। शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान भुलाया नहीं जा सकता। उनका सपना था भारत का हर बच्चा उच्च शिक्षा प्राप्त करें इसके लिए उन्होंने मरते दम तक काम किया अब हमारा फर्ज बनता है कि हम उनके सपनों को साकार करें ।सभी बच्चे को पढ़ाये क्योंकि बच्चे शिक्षित होंगे तभी उनका सपनों का भारत का निर्माण हो सकेगा। मौके पर प्रमुख रूप से जफर खान ,इफ्तेखार आलम, नौशाद, तनवीर खान ,सलमान खान ,मोहम्मद मेहनाज, मोहम्मद सैफी ,मास्टर महमूद आदि उपस्थित थे।

कैरो यूथ कांग्रेस का तिला उरांव प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत

कैरो / लोहरदगा। प्रखण्ड के कैरो निवासी तिला उरांव को यूथ कांग्रेस का प्रखण्ड अध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर कांग्रेसियों में खासकर युवा लोगो मे उत्साह का माहौल है तथा उन्हें बधाई दी गई है। इस अवसर पर तिला उराँव ने कहा कि पार्टी जिस विश्वास के साथ हमे यूथ कांग्रेस का प्रखण्ड अध्यक्ष बनाया गया उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। पार्टी संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में हर संभव प्रयास करूंगा। बधाई देने वालो में राजसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू,मंत्री सह लोहरदगा विधायक डॉक्टर रामेश्वर उराँव,पूर्व विधायक सुखदेव भगत, यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ, जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष सूखैर भगत,पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार साहू, प्रदेश डेलीगेट नेसार अहमद,शाहिद अहमद बेलू, कुणाल अभिषेक, मोहन दुबे, यूथ कांग्रेस के जिला कार्यकारी अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव कार्तिक कुजूर, प्रखण्ड अध्यक्ष अनीश अहमद, बुधवा उरांव, लछु उरांव, रोहित प्रजापति, विकास उरांव, कृष्णा उरांव, मनोज उरांव, मंगरा उरांव, अल्ताफ अंसारी, देवदत्त प्रजापति, किशोर भगत आदि शामिल हैं।

कला उत्सव में बेहतर प्रदर्शन करने पर छात्रों को किया गया सम्मानित

सिमडेगा। सिमडेगा जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय कला उत्सव का आयोजन किया था इस पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के 2 बच्चों के द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया था जिसके बाद शुक्रवार को सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर सलडेगा में हुआ छात्रा गुलावती कुमारी और विवेक सिंह का जोरदार स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की गुलावती कुमारी को लोकगीत श्रेणी में तथा विवेक सिंह को पारंपरिक खिलौने एवं खेल की श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ थे वे दोनों अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जाएंगे विद्यालय के मंच पर उन्हें पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू ने आशीर्वाद देते हुए उन्हें आगे के कार्यक्रम के लिए भी जोर शोर से तैयारी करने को कहा ' इस अवसर पर आचार्य मनोज प्रसाद, आशीष बड़ाईक, जितेंद्र पाठक, ओमप्रकाश आलोकनाथ साहू, मनोज कुमार, पंकज किंडो, आचार्या सीमा कुमारी, गीता कुमारी, गौरी देवी, सोनिया कुमारी, शारदा मिश्रा, मीरा कच्छप, सुषमा प्रधान आदि आचार्य-आचार्या तथा सभी छात्र छात्रा उपस्थित थे।

झारखंड ऑटो चालक संघ सिमडेगा के सम्मेलन बोले राजेश सिंह

ऑटो चालकों का शोषण नहीं होगा बर्दाश्त

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। सिमडेगा परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में शुक्रवार को झारखंड ऑटो चालक संघ की विशाल सम्मेलन का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में सिमडेगा जिले भर के सभी क्षेत्रों से ऑटो चालक शामिल हुए इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश मजदूर यूनियन के अध्यक्ष सह झारखंड ऑटो चालक के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह उपस्थित रहे। सर्वप्रथम समिति द्वारा माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया इसके बाद कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर संरक्षक अतुल बरला ने कहा अब तक कई संगठन आए और गए लेकिन किसी ने भी ऑटो चालकों की समस्याओं को नहीं सुना लगातार ऑटो चालकों के साथ शोषण जारी रही लेकिन अब ऑटो चालकों नई संगठन झारखंड ऑटो चालक संघ एक नई मजबूती के साथ आगे आई है और ऑटो चालकों

की सभी समस्याओं को दूर करेगी। उपस्थित मुख्य अतिथि राजेश कुमार सिंह ने कहा आज सरकार ऑटो चालकों का सुध नहीं ले रही जबकि सरकार को सभी प्रकार के टैक्स और ऑटो स्टैंड में भी टैक्स दी जा रही है लेकिन मूलभूत सुविधाओं के नाम पर प्रशासन बेवकूफ बना रहा है। आज फोटो चालकों को बेवजह परेशान किया जा रहा है उनका शोषण हो रहा है लेकिन इस पर बोलने वाले कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं है ऑटो स्टैंड में मूलभूत सुविधाओं की घोर कमी है इसके बावजूद प्रत्येक दिन टैक्स ली जाती वहां पर यात्रियों के बैठने की सुविधा नहीं है पीने की पानी नहीं है और कई तरह की सुविधाएं चाहिए वह भी उपलब्ध नहीं है लेकिन इसके बावजूद ऑटो चालक अपनी परेशानियों को साझा करते हुए दुखी रहते हैं। परंतु अब ऐसा नहीं होगा ऑटो चालक संघ अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते हुए सरकार से मांग करेगी कि ऑटो चालक संघ की सभी सुविधाएं बहाल करें। उन सभी ऑटो चालकों को अपने कागजात दुरुस्त किसी भी यात्री के साथ दुर्व्यवहार नहीं करने एवं सभी लोगों को श्रम विभाग से श्रम कार्ड निबंधन करवाने की बात कही इसके अलावा शराब का सेवन नहीं करने एवं अन्य चीजों पर भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस मौके पर क्षेत्रवार उपाध्यक्ष चुनते हुए प्रभार दी गई। जिसमें के केरसई शीतल प्रसाद, रेंगारिह विनोद सोरेन,कोचेडेगा समीर केरकेट्टा, गरजा संजय बड़ाईक, बीरु राजकिशोर साहू,खूंटी टोली अजगर साहू,बम्बलकेरा विवेक मुंडा,कुड्रम महेश दास,मुड़िया बिल्चुस बाडा, बरपानी धर्मजीत केरकेट्टा, किनकेल कामेश्वर बड़ाईक, सहित अन्य जगहों पर भी प्रभारी बनाया गया इस मौके पर ठंड को मद्देनजर रखते हुए राजेश कुमार सिंह द्वारा सभी आटो चालकों के बीच कंबल का भी वितरण किया।

भंडरा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन, लोगों ने दिये आवेदन

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा/भंडरा। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार₹ कार्यक्रम का आयोजन भंडरा प्रखंड के बड़गाईं पंचायत स्थित कुंदो खेल मैदान में किया गया। कार्यक्रम में आज जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा सरकार के सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, केसीसी योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, फूलो झानो आशीर्वाद अभियान, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना समेत अन्य लोक कल्याणकारी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया। इसमें सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना कि 05 किशोरियों को स्वीकृति पत्र दिया गया। जेएसएलपीएस की पांच महिला मंडल के समूहों के बीच कुल दस लाख रुपये का क्रेडिट लिंकेज किया गया। कृषि विभाग की ओर से 06 लाभुकों के बीच चना बीज का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 10 लाभुकों को आवास पूर्णता का प्रमाण पत्र दिया गया। पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से मनरेगा अंतर्गत कुल 30 योजनाओं का शुभारंभ किया गया। तीन लाभुकों के बीच सर्वजन पेंशन का स्वीकृति पत्र दिया गया।

कार्यक्रम में आम लोगों ने विधानसभा सभा का विशेष सत्र का सीधा प्रसारण भी एलईडी स्क्रीन पर देखा। कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत सिन्हा, अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता, जिला परिषद सदस्य राजमणि उराँव, प्रखंड प्रमुख दरिया देवी, बड़गाईं मुखिया कैली उराँव, पंचायत सचिव रउफ अंसारी समेत उपस्थित थे।

कुरडेग में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

कुरडेग। भारतीय जनता पार्टी द्वारा झारखंड सरकार के विरुद्ध जन आक्रोश धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत सिंह ने कहा की हेमंत सोरेन की अगुवाई में झारखंड सरकार हर क्षेत्र में फेल है चारों और लूट का बाजार है। जल्द ही झारखंड सरकार की विदाई हो जाएगी। वहीं जनाक्रोश धरना प्रदर्शन में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए प्रदेश भाजपा के मंत्री मुनेश्वर साहू ने कहा की झारखंड में जंगल राज कायम हो गया है। यहां ना बहु सुरक्षित है ना बेटी। चारों ओर भ्रष्टाचार का राज है। जन आक्रोश धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री के जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा झारखंड की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है कहां गया प्रतिवर्ष 500000 नौकरी का वादा कहां गया

बेरोजगारी भत्ता कहा गया। स्थानीय नीति सरकार ने झारखंड के मूलवासी आदिवासी को ठगने का काम किया है। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेन्द्र प्रसाद ,जिला उपाध्यक्ष मनोज साय, प्रखण्ड सांसद प्रतिनिधि उमेश जयसवाल, बैजनाथ जयसवाल,रामचन्द्र साय, प्रमुख सरस्वती देवी ,उपप्रमुख अजय जयसवाल , रविन्द्र शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

लक्मे एकेडमी लालपुर के छात्राओं ने किया कला का प्रदर्शन

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले हुए सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

रांची। लैक्मे अकादमी एक अग्रणी सौंदर्य प्रशिक्षण अकादमी है। लैक्मे ब्यूटीशियन कोर्स के अंतर्गत कॉस्मेटोलॉजी, त्वचा, बाल, सौंदर्य चिकित्सा और श्रृंगार में प्रमाणित सौंदर्य पाठ्यक्रम को फैशन, सौंदर्य, फिल्म और मनोरंजन जैसे उद्योगों में रोमांचक कैरियर के लिए बनाया गया है। एप्टेक द्वारा पावर्ड लक्मे अकैडमी प्रशिक्षण के बेसिक और एडवांस्ड कोर्स के कई स्तर उपलब्ध कराती है। इसका हर कोर्स सौंदर्य और कॉस्मेटोलॉजी के पाठ्यक्रमों को प्रदर्शित करता है। इस एकेडमी द्वारा पेशेवर तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त होता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साबिर हुसैन ने सभी छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए

उज्जवल भविष्य की कामना की । संचालक संजय मेहता ने बताया कि वर्तमान युग विकासशीलता का ऐसा युग है, जहां प्रत्येक व्यक्ति अपने कैरियर को लेकर बहुत ही सजग है। वर्तमान परिस्थितियों में सौंदर्य उद्योग में कैरियर बनाने और आत्मनिर्भर होकर रोजगार प्राप्त करने का एक बहुत ही अनुकूल समय है।

उन्होंने बताया कि प्रतिभाशाली व्यक्ति सौंदर्य उद्योग में अपना कैरियर बनाते हुए आकर्षक आय अर्जित कर सकते हैं। जिसमें सौंदर्य उद्योग से जुड़ने की आकांक्षा है और वह एक सफल ब्यूटीशियन बनना चाहता है तो उसे सही प्रशिक्षण ,मार्गदर्शन और उपयुक्त प्रमाणीकरण की आवश्यकता होती है। लैक्मे एकेडमी द्वारा सौंदर्य उद्योग तथा कॉस्मेटोलॉजी के संचालित पाठयक्रम कैरियर की नींव रखने में मददगार सिद्ध हो सकता है। यह अकेडमी सौंदर्य उद्योग से संबंधित प्रशिक्षण को संचालित कर जो प्रमाण पत्र प्रदान करती है वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ व सर्वमान्य है। राजधानी रांची के लालपुर में अवस्थित लक्मे अकैडमी द्वारा रांची में पहली बार मेकअप और हेयर के स्टूडेंट्स अपनी कला को एक प्रतियोगिता के रूप मे प्रस्तुत किया। यह एक थीम आधारित कार्यक्रम है, जो प्रतिभाशाली बच्चों को ब्यूटी इंडस्ट्री और फैशन का एक मंच देने की कोशिश है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर्मी पब्लिक स्कूल के कला टीचर , संजय मेहता , मैनेजमेंट टीम प्रभा मेहता , विशाल मेहता आदि उपस्थित रहे ।

आरकेडीएफ विवि में दो दिवसीय पंजाबी फूड फेस्टिवल कल से

बच्चों में सेल्समैनशिप का कला होगा विकसित:पंकज

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राजधानी स्थित आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के होटल प्रबंधन विभाग और झारखंड कैटरर एसोसिएशन द्वारा पंजाबी फूड फेस्टिवल 'साडा पंजाब' का आयोजन 12-13 नवंबर संध्या सात बजे से रात्रि 10 बजे तक होगा। फूड फेस्टिवल के हॉस्पिटैलिटी पार्टनर्स के अंतर्गत केसी इवेंट्स रांची, ग्रीन एकर्स, कैफे कॉफी बार, एनआर होटल वेयर एंड इक्यूपमेंट, किंग्स इवेंटस चुटिया रांची, टेक्नोलैंड टूर, ट्रैवल्स एंड ऑनलाइन मार्केटिंग कोलकाता शामिल हैं। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एस चटर्जी एवं विशिष्ट अतिथि आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अमित कुमार पांडे होंगे। इसके अतिरिक्त कमल अग्रवाल, प्रेसिडेंट झारखंड कैटरर्स एसोसिएशन, डॉ. भूपेश कुमार, प्रिंसिपल, होटल

मैनेजमेंट,आईएचएम ब्राम्बे रांची, अरुण कुमार सिंह, सचिव, झारखंड कैटरर्स एसोसिएशन, हेमंत मेहता, जनरल मैनेजर, होटल रेडिसन ब्लू , रांची, रामचंद्र उरांव, एक्सिक्यूटिव शेफ रेडिसन ब्लू, इस कार्यक्रम में उपस्थित होंगे।

पंजाबी फूड फेस्टिवल में वेलकम ड्रिंक हॉट, केसर दूध विद पिन्नी, सूप भेज-भूट्टा पुदीना का शोरबा, नॉनवेज गोश्त काली मिर्च का शोरबा, स्टार्टर भेज लोहरी पनीर टिक्की, नॉनवेज जालंधरी फिश टिक्की, सरसों का साग मक्के की रोटी, नानभेज कक्कड़ मखानी दाल, अमृतसरी मेथी जीरा राइस, अजवाइन पूरी, हरी सलाद कचुंबर सलाद, मीठा व्यंजन मूंग दाल हलवा, डेको मफीन आदि विभिन्न व्यंजनों के व्यवस्था की गई है।

होटल प्रबंधन विभाग के विभाग अध्यक्ष पंकज चटर्जी ने यह जानकारी दी कि इस दो दिवसीय फूड फेस्टिवल के लिए 400रुपये का एंट्री टिकट रखा गया है। विभाग के छात्रों द्वारा इस टिकट की बिक्री की जा रही है। ताकि बच्चों में सेल्समैनशिप की कला विकसित हो। इस फेस्टिवल का आयोजन छात्रों द्वारा ही किया जा रहा है। इसमें छात्रों का इवेंट मैनेजमेंट का प्रैक्टिकल अनुभव मिल रहा है। फूड फेस्टिवल का नेतृत्व शेफ अलका उरांव, शेफ किशोर राम, सौमिक चटर्जी, बलजीत कलसी एवं तृतीया वर्ष होटल प्रबंधन के छात्र द्वारा किया जा रहा है।

अनियंत्रित बाइक के धक्के से छात्रा गंभीर रूप से घायल

भवनाथपुर। भवनाथपुर खरौंधी मोड़ के समीप शुक्रवार को नाबालिक चालक के अनियंत्रित बाईक के धक्का लगने से बीएसएम कॉलेज की बीए पार्ट-वन की छात्रा खरौंधी चंदनी निवासी प्रमोद बैठा की पुत्री खुशबु कुमारी घायल हो गई। घायलावस्था में स्थानीय लोगों द्वारा इलाज हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहां पर तैनात महिला चिकित्सक प्रियंका कुमारी द्वारा इलाज किया गया। घायला छात्रा की सहेलियों ने बताया कि हमलोग परीक्षा देने के लिए कॉलेज के लिए निकले थे कि पीछे से लहराते हुए बाईक आकर पीछे से धक्का मार दिया । सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर थाना के एसआई सहदेव साह सबदल के साथ पहुंचकर बाईक तथा बाईक चालक अरसली उतरी के मनोज पासवान को कब्जे में लेकर थाने ले जाया गया है।

नगरपालिका चुनाव को लेकर हुई बैठक

चुनाव से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर हुई विशेष चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। इस बैठक में आगामी नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2022-23₹ की तैयारी के संबंध दिनांक 12.11.2022 को राज्य निर्वाचन आयुक्त, झारखंड, रांची की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली बैठक में एजेंडा को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2022-23 के लिए मतदान केन्द्रों की स्थापना, मतदाता सूची की तैयारी, वार्ड पार्षद के स्थानों/पदों के आरक्षण एवं आवंटन के उपरांत जिला गजट का प्रकाशन, ई०वी०एम० की आवश्यकता एवं उपलब्धता, मतदान कर्मियों की आवश्यकता, उपलब्धता एवं प्रशिक्षण, निर्वाचन हेतु व्यय राशि आवंटन का आक्कलन, मतदान केन्द्रों पर विधि-व्यवस्था संधारण हेतु सुरक्षा बलों की आवश्यकता एवं उपलब्धता का आक्कलन, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर मतदाता सूची का सॉफ्ट कॉपी आयोग को उपलब्ध कराना एवं जिला स्तर पर मतदाता सूची के मुद्रण का कार्य, निवार्ची पदाधिकारी एवं सहायक निवार्ची पदाधिकारी की सूची उपलब्ध करने, निर्वाचन संबंधी सभी कोषांगों का गठन करना, संवेदनशील/अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों की सूची, वज्रगृह/मतगणना हॉल का चयन हेतु जिला से प्रस्ताव प्राप्त करना, निर्वाचन व्यय से संबंधित सभी मामलों का निपटारा, अनुपूरक प्रतिवेदन प्रेषित करना, मतदान कर्मियों के लिए जिला स्तर पर डाटाबेस निर्माण कार्य एवं प्रशिक्षण, जिला स्तर पर वाहन की आवश्यकता एवं उपलब्धता का आकलन, जिला स्तर पर मतदान सामग्रियों की व्यवस्था, आर्दश आचार संहिता को लागू कराने एवं विधि व्यवस्था सहित व्यय मोनिटरिंग की तैयारी; विशेष कर संवेदनशील क्षेत्रों में, निर्वाचन व्यय मोनिटरिंग हेतु उपयुक्त व्यवस्था एवं समयबद्ध प्रतिवेदन का प्रेषण सुनिश्चित करना, सभी निर्दिष्ट नाम निर्देशन केन्द्रों की (निवार्ची पदाधिकारी का कक्ष) का चयन एवं आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करना समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई और आवश्यक निदेश संबंधित कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी वीएन सिंह, पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद, सभी कोषांगों के वरीय/नोडल पदाधिकारी/वरीय प्रभारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम उपस्थित थे।

अघरमा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

विभिन्न योजनाओं से संबंधित 1697 आवेदन प्राप्त हुए

नवीन मेल संवाददाता

कोलेबिरा। प्रखंड अंतर्गत अघरमा के संत स्थानलिस मध्य विद्यालय मैदान परिसर मे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग उपस्थित थीं। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम, उप प्रमुख सुनीता देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार, अंचलाधिकारी हरीश कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।तत्पश्चात उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला परिषद अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेंग उपस्थित ग्रामीणों को कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम ग्रामीणों को एक जगह पर ही

सभी विभागों से संचालित योजनाओं की जानकारी एवं लाभ मिल सके इस उद्देश्य को देखते हुए राज्य सरकार के द्वारा यह कार्यक्रम चलाई जा रही है। इस कार्यक्रम में सभी विभाग के अपने-अपने अलग स्टॉल लगे हुए हैं उन स्थलों में आप सभी ग्रामीण पहुंचकर अपने अनुसार लाभकारी योजनाओं का चयन करके लाभ प्राप्त कर सकते हैं।उन्होंने कार्यक्रम में सरकार के द्वारा संचालित आ रहा है प्रधानमंत्री आवास, सामाजिक सुरक्षा, मनरेगा योजना के तहत निरसा आम बागवानी योजना, मेड़बंदी, कूप निर्माण, कल्याण विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दिया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों को ग्रामीणों के द्वारा 1697 लोगों के द्वारा आवेदन आवेदन प्राप्त हुए। फूलों-झानो योजना के तहत 70 लोगों को 700000 रुपैया प्रदान किए गए, इसके अलावा विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं के बीच छात्रवृति, गरीब असहयोग के बीच कंबल,धोती साड़ी योजना के साथ धोती साड़ी, जॉब कार्ड के अलावा अन्य लाभ ग्रामीणों को पहुंचाई गई। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार, अंचला अधिकारी हरीश कुमार झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य फिरोज अली, कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष श्यामलाल प्रसाद विधायक प्रतिनिधि सुलभ नेल्सन डुंगडुंग , अघरमा पंचायत की मुखिया अंजू रीना निंज, कोलेबिरा मुखिया अंजना लकड़ा, गौरव कुमार कनीय अभियंता नितेश कुमार, कनीय अभियंता अजय महतो, फैज अनवर , जितेंद्र पांडा के अलावे विभिन्न विभाग के पदाधिकारी एवं पंचायत के सभी वार्ड के वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के लिए जारी हुआ कैलेंडर

बरही। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची पुनरीक्षण संबधित तिथियां निर्धारित किए जा चुके है । जारी तिथि के अनुसार 9 अक्तूबर को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित किया जा चुका है। जिसमे किसी भी प्रकार के त्रुटि हेतु मतदाता आगामी 8 दिसंबर तक अपना आपत्ति दर्ज करवा सकते है। 12,13,19 और 20 दिसंबर को मतदाता सूची पुनरीक्षण हेतु विशेष अभियान चलाए जाएंगे। 26 दिसंबर तक सभी दावे का निष्पादन करते हुए 5 जनवरी 2023 को नई मतदाता सूची का अंतिम रूप से प्रकाशन कर दिया जाएगा। इस बाबत प्रखंड निर्वाचन कार्यालय के बीपीआरओ सावना मांझी ने बताया कि मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि या सुधार के लिए बीएलओ या आयोग के पोर्टल पर निर्धारित प्रपत्र के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। इसके लिए नए मतदाता भी नामांकन के लिए प्रपत्र 6, प्रवासी मतदाता 6(क), नाम विलोपन हेतु प्रपत्र 7 और स्थानांतरण हेतु प्रपत्र 8 निर्धारित है । विशेष जानकारी के लिए प्रखंड निर्वाचन कार्यालय या बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं ।

रेंजर ने जब्त किया लकड़ी का बोटा लदा ट्रैक्टर, पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

बरही। गुरुवार की देर रात्रि कोल्हुआकला पंचायत के पंचरुखी तिलैया से छापेमारी कर अवैध लकड़ी का बोटा लगा ट्रैक्टर जब्त किया गया। मामले की जानकारी मिलते ही रेंजर कमलेश सिंह ने तत्काल छापेमारी दल गठित कर उक्त करवाई किया। छापेमारी दल में फोरस्टर दीपक यादव, शिशिर जॉन मिंज, राजेंद्र कुमार, देवचंद महतो, मो नाजिर आदि शामिल थे। इस छापेमारी में सलैया (बरकट्ठा) निवासी ट्रैक्टर चालक मणिलाल, ट्रैक्टर मालिक और अन्य तीन लोगोबके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई गई।

झुमरीतिलैया में मिलन संध्या का आयोजन आज

झुमरीतिलैया। झारखंड बंगाली समिति कोडरमा के तत्वावधान में आज अड्डी बांग्ला स्थित रविंद्र भवन में मिलन संध्या का आयोजन किया जाएगा। नृत्य, संगीत एवं वाद्ययंत्र के मिश्रित सुर ताल के साथ आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी तथा विशिष्ट अतिथि कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव होंगी। उक्त विषय की जानकारी अध्यक्ष डॉ ओमियो विश्वास, सचिव उत्तम चटर्जी एवं परियोजना निदेशक प्रदीप साहा ने दी।

बरियारडीह में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया

कोडरमा। उपायुक्त के निर्देशानुसार मरकच्चो प्रखंड अंतर्गत बरियारडीह के नव प्राथमिक विद्यालय में जिला बाल संरक्षण ईकाई कोडरमा द्वारा जेएसएलपीएस के सक्रिय महिला सदस्यों के साथ बाल श्रम, बाल विवाह, बाल शोषण, भ्रूण हत्या एवं लिंग परीक्षण की रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला बाल संरक्षण इकाई कोडरमा के कर्मियों द्वारा बाल श्रम, बाल विवाह, बाल शोषण, लिंग जांच एवं भ्रूण हत्या के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया तथा इस प्रकार की सामाजिक कुरीतियों को रोकने संबंधी उपायों के बारे में बतलाया गया।

धनंजय कुमार पुटूस की मुहिम से प्रभावित होकर कर रही हूं रक्तदान : सुप्रिया झा

रामगढ़। किसी की जान बचाने के उद्देश्य से रामगढ़ बचाओं संघर्ष समिति द्वारा संचालित ब्लड डोनर ग्रुप रामगढ़ जिला में कारगर सिद्ध हो रहा है। रक्तदान के प्रति युवाओं को जागरूक करने की प्रदेश भाजपा नेता सह आरबीएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस द्वारा शुरू की गई मूहिम से रामगढ़ जिला के युवा तेजी से जुड़ रहे हैं और रक्तदान कर रहे हैं। इसी कड़ी में ब्लड डोनर ग्रुप रामगढ़ जिला की सदस्य सुप्रिया झा ने अपने जन्मदिन पर ब्लड बैंक रामगढ़ में ब्लड डोनेट किया। सुप्रिया झा ने कहा आज मेरे जीवन का महत्वपूर्ण दिन है। धनंजय कुमार पुटूस द्वारा रक्तदान के लिए शुरू की गई मूहिम बहुत अच्छी है। इसी से प्रभावित होकर अपने जन्मदिन पर रक्तदान की हूं। मौके पर पंकज कुमार, भानु देवी, धर्मशिला देवी, ज्योति मानसाता, अजय राम आदि मौजूद थे।

मोटरसाइकिल ने मारी टक्कर, एक गंभीर रूप से घायल

कोडरमा। शुक्रवार को जयनगर थाना अंतर्गत बाघमारा में सुबह करीब 11 बजे मोटरसाइकिल की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार बाघमारा निवासी महावीर यादव (उम्र 42 साल पिता रामेश्वर महतो) अपने घर से निकल पैदल जा रहे थे। इसी क्रम में पिपचो से जयनगर की ओर से आ रहे मोटरसाइकिल ने अपने चपेट में ले लिया। जिसमें उक्त व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों के द्वारा घायल व्यक्ति को सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया जहां चिकित्सकों के द्वारा इलाज किये जाने के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया।

ग्रामीणों को योजनाओं से संबंधित किया गया जागरुक

कोडरमा। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सूचना व जनसंपर्क विभाग कोडरमा द्वारा आयोजित शिविरों में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। डोमचांच प्रखंड के पुरनाडीह और जयनगर प्रखंड के तेतरोन में आयोजित शिविर में नुक्कड़ नाटक के कलाकारों द्वारा सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं के प्रति आमजनों को जागरुक किया गया। कलाकारों द्वारा हरा राशन कार्ड, सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक, फूलो झानो आशीर्वाद अभियान, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सर्वजन पेशन योजना इत्यादि योजनाओं के प्रति आमजनों को जागरुक किया गया।

झुमरीतिलैया में हेमंत हटाओं झारखंड बचाओं कार्यक्रम

भाजपा कार्यकर्ता प्रदेश के घेराव को तैयार रहें : अन्नपूर्णा देवी

नवीन मेल संवाददाता

झुमरीतिलैया। हेमंत हटाओं झारखंड बचाओ कार्यक्रम के निमित्त शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला के झुमरीतिलैया मंडल, कोडरमा नगर मंडल एवं कोडरमा ग्रामीण मंडल द्वारा संयुक्त रूप से झारखंड सरकार की कथित गलत नीतियों एवं प्रखंड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ जनाक्रोश रैली झुमरी तिलैया के महाराणा प्रताप चौक से लेकर प्रखंड कार्यालय कोडरमा तक निकाला गया। प्रखंड कार्यालय के समीप सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी एवं पूर्व सांसद कोडरमा सह हुडको के डायरेक्टर रविंद्र राय तथा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश सिंह, कोडरमा नगर मंडल

अध्यक्ष नरेंद्र पाल, झुमरी तिलैया नगर अध्यक्ष राजेश सिन्हा मौजूद थे। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि यह सरकार भ्रष्टाचारी सरकार है, अपनी जिम्मेवारी से मुक्त रहती है, संवैधानिक पद पर होते हुए भी भाजपा के कार्यकर्ताओं के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना शोभनीय नहीं है। उन्होंने कार्यकताओं को प्रदेश तक का घेराव करने के लिए तैयार रहने के लिए कहा। पूर्व सांसद सांसद रविंद्र राय ने कहा कि जिस सरकार का राजा स्वयं चोर हो अपने अधिकारियों से उगाही कराता हो उससे नैतिकता की क्या अपेक्षा की जा सकती है। नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि पूरे राज्य में सरकार के विरुद्ध लोगों में एक आक्रोश है चारों तरफ भ्रष्टाचार अपनी चरम सीमा पार कर रहा है लोगों को आम-जन समस्याओं से जूझना पड़ रहा हैं। कार्यक्रम में झुमरीतिलैया नगर अध्यक्ष राजेश सिन्हा, कोडरमा नगर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र पाल, कोडरमा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष रामचंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, प्रकाश राम, रवि मोदी, रमेश हर्षधर, देवनारायण मोदी, शशि भूषण प्रसाद, बैजनाथ यादव, कांति देवी, सुभाष मोदी, राजेश सिंह राजू, मनोज कुमार झुन्नू, मानिकचंद सेठ, विनोद सिन्हा, राजकुमार यादव, सूरज प्रताप मेहता, संजय शर्मा, नवीन चौधरी, कांति देवी, लीना सिन्हा, राखी भदानी, सविता देवी, रीता लोहानी, पिंकी जैन, पिंटू मजूमदार, इंदरदेव वर्णवाल, बलराम यादव, सुधीर सेठ, राजेश वर्मा, पीयूष सहल, अंकित गुप्ता, महेश राम, ओम प्रकाश दास, रोहित जायसवाल, निरंजन कसेरा, सुमित चंद्रवंशी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर डिवाइन स्कूल में सेमिनार का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड अंतर्गत गगंपाचो स्थित सीबीएसई से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति,चुनौतियां और संभावनाओं पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक तथा प्राचार्य ने स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। विद्यालय निदेशक आई पी भारती ने कहा कि प्राचीनकाल से ही हर शिक्षा नीति से कुछ न कुछ बेहतर हासिल हुआ है। इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति से भी शिक्षा के क्षेत्र के बदलाव में अपार संभावनाएं हैं। विद्यालय के प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि मौलाना आजाद के जीवन से हमें यह सीखना चाहिए कि हमें जीवन में कभी भी हताश नहीं होना चाहिए। साथ ही यह भी कहा कि इस बार का राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का थीम है कोर्स बदलना शिक्षा को बदलना है। शिक्षक राना तेजस्वी ने कहा कि वर्तमान व भविष्य की जरूरतों के हिसाब से शिक्षा व्यवस्था को बदलने की जरूरत है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति की चुनौतियां और संभावनाओं पर वादविवाद प्रतियोगिता में रितेश प्रजापति, चंदन यादव, प्रदीप कुमार, कृष्णा पंडित, विनित कुमार, सानिया कुमारी, भूमिका कुमारी, सिम्पी कुमारी, अस्मिता मोदी, मुस्कान खातुन, रूही खातुन, साहिना परविन, सिमरन यादव, कृष कुमार, गणेश कुमार आदि ने भाग लिया। मनोहर सिंह, राना तेजस्वी तथा संजय साहा ने निर्णायक की भूमिका निभाई।कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय कुमार यादव, रविन्द्र गुप्ता, कुलदीप पासवान, अविशेष कौशल, अनिल उपाध्याय, सुलेखा मोदी, संगिता यादव आदि का योगदान सराहनीय रहा।

राज्य सरकार के खिलाफ भाजपाइयों ने आक्रोश प्रदर्शन किया, मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड मुख्यालय परिसर में भाजपा के द्वारा झारखंड सरकार हेमंत सोरेन के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित कि गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक व संचालन बेडोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अध्यक्ष अशोक यादव, प्रदेश कार्यक्रम प्रभारी सांवरमल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य बटेश्वर मेहता, जिला उपाध्यक्ष सुनील मेहता, राजेश गुप्ता, उदयभान सिंह, सांसद प्रतिनिधि रघुवीर प्रसाद, सुशील पाण्डेय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर किया गया। जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में लुट खसोट जारी है। झारखंड सरकार की मुखिया खुद आए दिन भ्रष्टाचार में संलिप्त है। हेमंत सोरेन को ईडी बुला रही है लेकिन सरकार डर से नहीं जा रहीं हैं। वहीं सांवरमल ने कहा कि सरकार के अधिकांश विधायक के यहां काफी संख्या में मोटी रकम बरामद किया जा रहा है। लोगों ने आने वाले समय में हेमंत सोरेन की सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया।मकुन्द साव ने कहा कि रघुवर दास के समय में 181डायल करने पर अधिकारी डरते थे लेकिन हेमंत सोरेन 181बंद कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है। वहीं राज्यपाल के नाम 22 सूत्री मांगों को लेकर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष रीतलाल प्रसाद,खलील अंसारी, केदार साव, महामंत्री इंद्रदेव यादव,अनिल आजाद, कुलदीप पाण्डेय, राजकुमार मंडल, मुरलीधर मेहता,रतन पासवान,नरायण प्रसाद, संतोष यादव, राजेश प्रसाद, हीरालाल प्रसाद, विजय पासवान, जीवन यादव, महेंद्र प्रसाद, राजकुमार यादव, शंकर दयाल, दिलीप प्रसाद छटु प्रसाद समेत आदि लोग शामिल थे।

बेहतर मैनेजमेंट के बीच धनवार में संपन्न हुआ जनता दरबार

561 मामलों में 89 ऑन स्पॉट निष्पादित, तीन रद्द, शेष प्रक्रियाधीन

नवीन मेल संवाददाता

बरही। मुखिया राजेंद्र प्रसाद के बेहतर प्रबंधन के बीच धनवार पंचायत के कोरियाडीह विद्यालय में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन एसडीओ पूनम कुजुर, बीडीओ सी आर इंदिवर, सीओ ए डी टोप्पो, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, विस विधायक प्रतिनिधि छठु गोप, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनिल साहू, स्थानीय मुखिया आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए एसडीओ ने सरकार के उद्देश्यों को बताया। साथ ही लोगो से अपनी समस्याओं को ऑनलाइन पंजीकृत करवाने के बाद पावती

लेने की भी अपील की। शिविर में फरियादियों की सुविधा के लिए विभिन्न विभागों के दर्जनों स्टॉल लगाये गए थे। जहां आवेदको ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जमा किया। बीडीओ ने बताया कि कार्यक्रम में कंबल वितरण सहित कुल 823 मामले पंजीकृत हुए, जिसमे 351 मामलो को ऑन द स्पॉट निष्पादन हुआ जबकि तीन आवेदन निरस्त किए गए, शेष प्रक्रियाधीन है। शिविर में 262 लाभुकों के बीच कंबल वितरण, दो लाभुको को नीलांबर पीताम्बर जल समृद्धि योजना हेतु चयन, 3 सखी मंडको के बीच जेएसएलपीएस के द्वारा 600,000 रुपया का सीसीएल ऋण वितरण और फूलो झानो आशीर्वाद योजना के तहत मंगरी देवी को 10,000 एवं सुरजी देवी को 20,000 रूपया सहयोग राशि दिया गया। वही मनरेगा के तहत 4,95, 000 राशि की लागत से बनने वाले 90*90*10 वर्गफीट के तीन अलग अलग डोभा निर्माण का शिलान्यास भीं किया गया। कार्यक्रम में डीएस डॉ पी ज्ञानी, बीपीएम दीपक कुमार, बीएओ आजाद सिंह, बीपीओ मो प्रवेज, एमओ डॉ एम के सिंह, डॉ अमन कुमार आदि सहित प्रखंड सह अंचल के कई कर्मी और जनप्रतिनिधी उपस्थिति थे। कार्यक्रम सफल बनाने के लिए मुखिया ने सभी लोगो का भार जताया।

एक दिवसीय धरना में राज्य सरकार के खिलाफ भाजपा का दिखा आक्रोश, छाया रहा भ्रष्टाचार का मुद्दा

बरही प्रखंड और अंचल में अधिकारी, कर्मचारी कमीशनखोरी व घुसखोरी में लिप्त हैं : पूर्व विधायक

नवीन मेल संवाददाता

बरही। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार पूर्व विधायक मनोज यादव एवं कार्यक्रम प्रभारी भैया अभिमन्यु के नेतृत्व में बरही भाजपा के द्वारा जनाक्रोश रैली निकाला गया। जो भाजपा कार्यालय से निकलकर धनबाद रोड होते हुए प्रखंड परिसर में आक्रोश सभा में तब्दील हो गया। जिसमें भाजपा नेताओं ने हेमंत सरकार एवं स्थानीय विधायक के खिलाफ जमकर बरसे। सभा का संचालन करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने सभा के उद्देश्यों को बताते हुए आम जनता से राज्य की सत्ताधारी सरकार के कारनामों के खिलाफ आवाज उठाने का आह्वान किया। रैली को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि हेमंत सरकार के कार्यकाल में राज्य में भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और कुशासन चरम पर है। अधिकारी बेलगाम हो चुके हैं, जनता त्रस्त और जनप्रतिनिधि मस्त हैं। बरही विधान सभा भी इससे अछूता नहीं है। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक के संरक्षण बरही प्रखंड और अंचल में अधिकारी एवं कर्मचारी कमीशनखोरी एवं घुसखोरी में लिप्त है। बिना पैसे के जनता का एक भी काम नहीं होता है। उन्होंने स्थानीय विधायक पर भी अवैध कमाई का आरोप लगाते हुए रांची में करोड़ों की अचल संपत्ति खरीदने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्थानीय सांसद के योजनाओं को दिखाते हुए विधायक जनता को दिग्भ्रमित कर विकास की गाथा गा रहे है। वर्तमान विधायक के काले चिट्ठे उजागर हो चुके है। सभा को संबोधित करते हुए जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने भी झारखंड सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। कार्यक्रम प्रभारी भैया अभिमन्यु ने भी राज्य सरकार को भ्रष्टाचार में लिप्त बताते हुए राज्य में महिलाओ को असुरक्षित बताया। राज्य सरकार के द्वारा किया गया एक वायदा पूरा नहीं हुआ है। घोषणाओं की झड़ी लगी है। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम महज एक दिखावा है। जहां जनता का एक भी काम नहीं हो रहा है। कार्यक्रम को जिप सदस्या प्रीति गुप्ता, अर्जुन साहू, मोतीलाल चौधरी, खिरोधर यादव, टेकलाल यादव, भगवान केसरी, शैलेंद्र सिन्हा, गुरुदेव गुप्ता, परमेश्वर यादव, कई पंचायत के मुखिया, पूर्व मुखिया, सहित भाजपा के कई स्थानीय नेताओ ने भी संबोधित किया। मौके पर नागेश्वर रजक, मेवालाल केसरी, संतोष निषाद, संदीप निषाद, राजकुमार केसरी, मोनू यादव, सुधीर यादव, आदि सहित भारी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

डोमचांच में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार

कोडरमा। शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के द्वितीय चरण के तहत डोमचांच प्रखंड के पुरनाडीह, जयनगर प्रखंड के तेतरोन एवं नगर परिषद झुमरी तिलैया के वार्ड नं. 23 एवं 24 में शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में कार्यक्रम की शुरूआत प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी व अन्य पदाधिकारी की देख-रेख में किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी डोमचांच उदय कुमार सिन्हा द्वारा आयोजित शिविर में आए सभी ग्रामीण जनता को सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताते हुए योजनाओं से लाभान्वित होने हेतु आवेदन जमा करने की अपील की। उन्होंने सरकार द्वारा चलाए जा रहे सरकार आपके द्वार के कार्यक्रम की महता के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान मौके पर ही विभिन्न योजनाओं के तहत सांकेतिक रूप से कुछ लोगों को प्रमाण पत्र एवं संपत्तियों का वितरण किया गया।

गुरु नानक देव जी के जन्म उत्सव को लेकर सिंह खालसा दल ने लोगों के बीच लंगर का वितरण

रामगढ़। शहर के बिजुलिया में सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव जी के जन्म उत्सव को लेकर सिंह खालसा दल के प्रधान परमजीत सिंह सैनी के नेतृत्व में लोगों के बीच लंगर का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी बाबा गुरजीत सिंह ने अरदास कर किया। उसके पश्चात अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। आए हुए मुख्य अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सिंह खालसा दल के प्रधान परमजीत सिंह सैनी ने कहा कि हम लोग हर साल इसी तरह का सामाजिक कार्य करते रहते हैं। कहा गुरु नानक देव जी के जन्म उत्सव को लेकर लंगर आदि का वितरण कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, सरदार अनमोल सिंह, राजीव जायसवाल, अनुपमा सिंह, रंजीत पलविंदर सिंह ,इंद्रपाल सिंह सैनी, रविंद्र सिंह गांधी, गुरु नानक स्कूल के वाइस चेयरमैन कुलजीत सिंह कालरा, जितेंद्र सिंह पवार, कैंटोनमेंट बोर्ड की नामित सदस्य कीर्ति गौरव, समाजसेवी जोगिंदर सिंह जग्गी, अमरजीत सिंह जग्गी, पप्पू जस्सल, महेंद्र पाल सिंह सैनी, सनी सैनी, अरविंदर सिंह सैनी, टोनी कोहली, रितिक सिंह गांधी सहित अन्य लोग शामिल हुए।

1932 खतियान और 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण का भाकपा ने किया स्वागत

कोडरमा। भारतीय कम्युनिस्ट के जिला मंत्री प्रकाश रजक प्रेस बयान जारी कर कहा है कि हेमंत सरकार ने आज झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर लिए गए स्थानीयता के लिए 1932 का खतियान एवं ओबीसी आरक्षण 27 प्रतिशत को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद कोडरमा समर्थन करती है। हेमंत सरकार ने अपने किए गए वादे को पूरा करने के लिए विधानसभा के विशेष सत्र बुलाकर दोनों विधेयक को पास कराया। लेकिन झारखंड में अलग-अलग इलाके में अलग-अलग समय में सर्वे का कार्य हुआ है । राज्य में कई ऐसे आदिवासी, मूलवासी, जंगल, झाड़ गांव कस्बों में पड़े हुए हैं। जिनकी न तो कोई जमीन है ना कोई खतियान लेकिन मूल झारखंडी है। उन्हें भी थर्ड ग्रेड फोर्थ ग्रेड नौकरी में प्राथमिकता मिले। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मांग करती है कि जिस तरह से 27 प्रतिशत ओबीसी के लिए आरक्षित किया गया है उसी तरह से सभी वर्गों के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए भी 10 प्रतिशत आरक्षण देना चाहिए।

रैली में नही दिखे कई पुराने भाजपाई, दोनों मंडल अध्यक्ष सहित मंडल प्रभारी भी रहे गायब

बरही। भाजपा की जनाक्रोश रैली ने यह सिद्ध कर दिया कि बरही भाजपा में गुटबाजी हावी है। नए और पुराने भाजपाइयों का खेमा बंटता हुआ देखने को मिला। राज्यस्तरीय कार्यक्रम में बरही भाजपा के वरिष्ठ नेता सहित दोनो मंडल अध्यक्षों का नही होना स्पष्ट देता है कि बरही भाजपा में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। शुक्रवार को संपन्न हुए जन आक्रोश रैली में मंडल प्रभारी उदय भान सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता अंबिका सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजीव कटरियार, गणेश यादव, डोमन पांडेय, जितेंद्र गिरी आदि कई पुराने भाजपाई नही दिखे। हालांकि संबधित मामले में पूछे जाने पर पुराने भाजपाइयों भी खुलकर बोलने से कतराते दिखे। इस जनसभा से भाजपा ने भले ही सरकार की पोल खोलने का दंभ भर लिया परंतु बहुत कुछ सोचने की आवश्यकता है। यदि यही स्थिति रही तो आने वाला लोकसभा या विधानसभा भाजपा को संकट में डाल सकता है।

राज्य सरकार के नीतियों के विरोध में भाजपा का रामगढ़ प्रखंड मुख्यालय पर आक्रोश प्रदर्शन

राज्य के लोगों से किये वादों को पूरा करने में राज्य सरकार विफल : जयंत सिन्हा

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। राज्य की हेमंत सोरेन सरकार के नीतियों के विरोध में भाजपा द्वारा प्रखंड मुख्यालयों पर आक्रोश प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को भाजपा द्वारा रामगढ़ प्रखंड मुख्यालय के समक्ष जोरदार आक्रोश प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिसमें रामगढ़ प्रखंड के अंतर्गत आनेवाले तीनों मंडलों के हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए और राज्य सरकार के विरोध में नारेबाजी की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व बीससूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, विशिष्ट अतिथि सांसद जयंत सिन्हा मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने की। कार्यक्रम का मंच संचालन रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन इलारानी पाठक ने दिया। सांसद जयंत सिन्हा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में राज्य में बेरोजगारी, भय, भ्रष्टाचार चरम पर है। महिलाओं के साथ हिंसा के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। बावजूद इसके राज्य सरकार का इस ओर कोई ध्यान नही है। सांसद श्री सिन्हा ने कहा कि किसी भी सरकारी काम को करवाने के लिए आम जनता को रिश्वत देने को विवश होना पड़ रहा है। सांसद ने कहा कि यदि कोई राज्य सरकार की नीतियों का विरोध करता है तो उसे जेल भेजने की धमकी दी जाती है। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि राज्य में आदिवासी हित की बात और एक लाख रोजगार देने के नाम पर चुन कर आए हेमंत सोरेन ने सबसे पहले आदिवासियों की जमीन ही हड़पनी शुरू की और आज प्रताड़ित और बलात्कार होने वालों में सबसे ज्यादा आदिवासी महिलाएं हीं है। उन्होंने बताया की भाजपानीत रघुवर दास की सरकार में नक्सलियों को खत्म करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से जिन आदिवासी युवक युवतियों की भर्ती सहायक पुलिसकर्मी के रूप में कर नक्सलियों का सफाया किया गया था । उन युवकों को प्रोत्साहन देने के बजाय सत्ता में आते हीं हेमंत सोरेन ने कार्यमुक्त कर न सिर्फ उन आदिवासी युवकों को बेरोजगार किया बल्कि पूरे राज्य में नक्सलियों के आतांक को भी बढ़ावा दिया।

राज्य में हर तरफ लूट मची है : राकेश प्रसाद

मौके पर मुख्य वक्ता राकेश प्रसाद ने कहा की आज जिधर देखो उधर राज्य में लूट मची है। न जमीन सुरक्षित है न हीं महिलाएं। पहाड़ों को खोद कर पत्थर और नदी को खोद कर बालू की तस्करी चरम पर है। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों ने जिस उम्मीद से हेमंत सोरेन को सत्ता सौंपी थी, उसपर खरा उतरने में राज्य सरकार पूरी तरह से विफल रही है। भाजपा द्वारा आयोजित आक्रोश प्रदर्शन में मुख्य रूप से पूर्व डॉ सांसद यदुनाथ पाण्डे, जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, प्रकाश मिश्रा, इलारानी पाठक, रंजन फौजी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, मंत्री राजेंद्र कुशवाहा, वासुध तिवारी, दिलीप सिंह, कोषाध्यक्ष दीनदयाल कुमार, मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, आईटी सेल प्रभारी प्रवीण सोनू, सोशल मीडिया प्रभारी संतोष शर्मा, धनंजय कुमार पुटूस, कीर्ति गौरव, कैंट मंडल अध्यक्ष शिवकुमार महतो, उमेश प्रसाद, मनोज गिरी, मणिशंकर ठाकुर,राजेश ठाकुर सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए।

न्यूज गैलरी

रैपिड एक्शन फोर्स ने लोहरदगा के संवेदनशील स्थानों पर किया फ्लैग मार्च

लोहरदगा। रैपिड एक्शन फोर्स की टीम शुक्रवार को शहरी क्षेत्र के अति संवेदनशील स्थानों पर फैमिलियराइजेशन के तहत फ्लैग मार्च किया।स्थानीय जनप्रतिनिधियों से विधि व्यवस्था को लेकर सूचना संकलन किया। अति संवेदनशील और संवेदनशील स्थानों को चिन्हित किया। रैपिड एक्शन फोर्स के असिस्टेंट कमांडेंट जकारिया अहमद और सदर थाना के पुलिस पदाधिकारी सुजीत कुमार की अगुवाई में सशस्त्र बलों ने फ्लैग मार्च किया। इसके तहत अति संवेदनशील बड़ी मस्जिद, बड़ा तालाब, अंजुमन मोहल्ला, बगडू मोड़, सोमवार बाजार, पावरगंज चौक, दुगार्बाड़ी लेन, रेलवे साइडिंग, टीपू सुल्तान चौक, निगनी, ईदगाह मोहल्ला, इस्लामनगर आदि क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया। आरएएफ के अधिकारी और जवानों ने इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों से संपर्क किया। विधि व्यवस्था संधारण को लेकर उनसे जानकारी लिया। मौके पर उपरोक्त स्थानों का रोड मैप तैयार किया गया। आपात स्थिति में विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर ठोस कार्य किया गया। रैपिड एक्शन फोर्स के परिचित अभ्यास के तहत 9 नवंबर से 15 नवंबर 2022 तक नियमित विभिन्न पहलुओं पर लगातार अलग-अलग कार्य किए जा रहे हैं।

नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा ने स्वयंसेवक नामांकन कार्यक्रम का किया आयोजन

बानो। नेहरू युवा केन्द्र सिमडेगा के तत्वावधान में बानो प्रखंड में सघन स्वयंसेवक नामांकन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में 15 से 29 वर्ष के वैसे युवा, जो युवा मंडल सदस्य या राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नहीं है, ने बढ चढकर भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में स्वयंसेवक की एक नई टीम तैयार करना है। स्वयंसेवकों का नामांकन 3 साल के लिए किया जा रहा है। बानो प्रखंड में कार्यक्रम राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक चंद्रकांता कुमारी के द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उन्होनें युवाओं को कोरोना महामारी के समय में स्वयंसेवक की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी। नेहरू युवा केंद्र संगठन पूरे भारत में स्वयंसेवकों की एक टीम बनाकर आगामी किसी भी समस्या या आपदा से निपटने के लिए तैयार रहना चाहता है। कार्यक्रम में मॉडल डिग्री कालेज बानो, प्रस्तावित उच्च विद्यालय कोनसोदे, आर सी एम उच्च विद्यालय बाकी तथा संत थॉमस इंग्लिश स्कूल के इच्छुक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

खेल महाकुंभ में 500 से अधिक भैया-बहन होंगे शामिल

लोहरदगा। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में विद्या भारती झारखंड के द्वारा आयोजित होने वाले खेल महाकुंभ की तैयारी का समीक्षा गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने किया। इस बैठक में सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर, शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर एवं मनोहर लाल इंटर महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे। सभी विभागों का विभाग सह समीक्षा एवं तैयारी की जानकारी ली गई। महाकुंभ में झारखंड प्रांत के विभिन्न सरस्वती शिशु मंदिर से 500 से अधिक भैया - बहन भाग लेंगे। इस महाकुंभ का आगाज विद्यालय के भैया- बहनों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम, घोष बैंड, भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन एवं मशाल जुलूस से किया जाएगा। इस महाकुंभ का आकर्षन नन्हे भैया बहनो द्वारा कबड्डी, खो-खो एवं एथलेटिक का प्रतिभा का प्रदर्शन किया जाएगा। समीक्षा बैठक में आने वाले छोटे भैया-बहनों के लिए बॉक्साइट नगरी लोहरदगा के स्वादिष्ट प्रसिद्ध व्यंजन एवं उनके स्वास्थ्य संबंधित समीक्षा किया गया। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास एवं महाविद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी उपस्थित थे।

बिजली चोरी के खिलाफ पांच लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा एवं सेन्हा में अभियान कनीय विद्युत अभियंता सुजीत कुमार के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें सहायक विद्युत अभियंता उमेश कुमार डांगी विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल लोहरदगा सुबोध कुमार सिन्हा,सारणी पुरुष, फिरोज अख्तर सहित सेन्हा थाना के शस्त्र बल शामिल थे। छापामारी के दौरान बक्सीडीप निवासी डिम्बु उराँव,लीलावती उराँव,लालेश्वर भगत एवं सेन्हा निवासी संदीप साहू,और शांति देवी के विरुद्ध बिजली ऊर्जा चोरी एवं राजस्व क्षति करने के आरोप पर सेन्हा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बताया गया कि पांचों व्यक्ति द्वारा मीटर के पूर्व सर्विस तार से टैप कर मीटर बाईपास कर अपने घर में बिजली ऊर्जा का उपयोग किया जा रहा था। जिसके विरुद्ध में प्राथमिकी दर्ज करते हुए जुमार्ना भी लगाया गया है। डिम्बु उराँव पर 36500 बाकी है। तथा चार आरोपीयों पर 18250 रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि विद्युत विभाग अधिनियम की धारा 135/137 के तहत कांड संख्या 115/22 दर्ज कर पांचों आरोपी के विरुद्ध कारवाई किया जा रहा है।

सिमडेगा ने किया सड़क सुरक्षा व जिला खनन टास्क की समीक्षा, कहा-

अवैध खनन पर छापेमारी चलाकर वाहन जब्त कर करें कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा एवं जिला खनन टास्क फोर्स की समीक्षत्माक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक मे मार्च-मई, एवं अक्टूबर माह तक हुई सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके कारणों की विस्तृत समीक्षा की। एन.एच. में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही दुर्घटना से क्षति हुए क्रैसबैरियर को ठीक कराने का निर्देश दिया गया। उन्होने सड़क सुरक्षा को लेकर सघन जांच अभियान चलाने की बात कही। कम उम्र के बच्चें जो कि बाईक से स्कूल आ रहे है उसके विरूद्ध भी जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। जिले के जितने भी स्कूली बसें है उसकी भी जांच करने की बात कहीं। उन्होने ह्लहिट एंड रनह्व से संबंधित मामलों का ससमय निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुआवजे से संबंधित लंबित मामलों पर कार्रवाई को पूर्ण कराते हुए ससमय लाभ मुहैया कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिले में अवैध खनन के रोक थाम एवं अवैध बालू ढूलाई पर नकेल लगाने को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई।

उपायुक्त ने पत्थर व बालू के अवैध खनन को लेकर सघन रूप से छापेमारी अभियान चलाने एवं पकड़े जाने पर कार्रवाई करने तथा गाड़ी जब्त कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिले के जितने भी 'ए' कैटेगरी के बालू घाटों का चयनित किया गया हैं जिसका प्रखंड एवं पंचायत वार सूची प्रकाशन करने एवं संचालन की दिशा में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी महेन्द्र कुमार, जिला परिवाहन पदाधिकारी ओम प्रकाश यादव, पंचायती राज पदाधिकारी मो. शहजाद परवेज, सिविल सर्जन नवल कुमार, एन.एच. के अभियंता पदाधिकारी, खनन पदाधिकारी, एवं अन्य उपस्थित थे।

खेत में सिंचाई के दौरान लगी करंट, दो व्यक्ति की मौत

नवीन मेल संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के सीठीयो में अहले सुबह खेत सिंचाई के दौरान दो व्यक्ति का मौत हो गया। घटना की सूचना पर पंचायत मुखिया शोभा देवी पूर्व जीप सदस्य रामलखन प्रसाद पहुंच घटना का निंदा करते हुए शोक प्रकट किया। घटना को लेकर पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। बताया जाता है कि सीठीयो ग्राम निवासी कमलेश्वर साहू उम्र 40 पिता मकरू साहू एवं विश्राम उरांव उम्र 35 पिता स्वर्गीय माड़ो उराँव अहले सुबह दक्षणी कोयल नदी के समीप खेत का सिंचाई करने गये हुए थे। खेत सिंचाई के दौरान विश्राम उरांव बिजली तार के संपर्क में आ गया जिससे कमलेश्वर साहू ने देखा तो बचाने के लिए दौड़ पड़ा लेकिन विश्राम उरांव को बचाने के क्रम में सूझ बूझ खो दिया और वह भी बिजली तार के संपर्क में आ गया जिससे दोनो की मौत घटना स्थल पर हो गया। घटना की जानकारी ग्रामीणों को एक महिला के माध्यम से चला जिसके बाद घटना की जानकारी सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकान्त को दिया गया। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी एवं ए एस आई पवन सोरेन शस्त्र बल के साथ पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए घटना का जायजा लिया और पोस्टमार्टम हेतु शव को लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि ग्रामीणों के अनुसार दोनो की मौत बिजली तार के संपर्क में आने से हुई है। इस संदर्भ में पुलिस जांच पड़ताल करते हुए अग्रतर कारवाई में जुट गई है। बिजली के सम्पर्क में आने से दोनो व्यक्ति के मौत के बाद बच्चे अनाथ हो गये साथ ही बताया जाता है कि मृतक कमलेश्वर साहू के एक पुत्र विवेक साहू 15 वर्ष एक पुत्री निधि कुमारी 12 वर्ष तथा मृतक विश्राम उरांव का पुत्र विनीत उरांव पुत्री अनु कुमारी जो पिता के मृत्यु के बाद दोनो परिवार के बच्चों के सर से पिता का छाया उठ गया वही परिजनों में शोक का लहर दौड़ पड़ा। इस घटना के बाद गांव परिवार में मातम छाया हुआ है।

पेट्रोल पंप कर्मी से रंगदारी मांगने के फरार चार अपराधी गये जेल

भंडरा/लोहरदगा। भंडरा पुलिस ने शुक्रवार को कांड संख्या 42/22 के चार फरार अभियुक्त को जेल भेज दिया। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर परवेज अंसारी पिता इस्लाम अंसारी, राहुल उरांव पिता तेम्बा मिंज, चंपा उरांव पिता पुनई उरांव, शंभु उरांव पिता स्व शिवनाथ उरांव ऐ सभी आरोपी रांची जिला अंतर्गत नरकोपि थाना क्षेत्र के मुड़कट्टी गांव के रहने वाले हैं। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बतया की इन आरोपियों पर भंडरा थाना में कांड संख्या 42/022 का मामला दर्ज है। आरोपियों ने भंडरा यशराज पेट्रोल में पेट्रोल पम्प कर्मी के साथ मारपीट एवं रंगदारी करने का मामला दर्ज है।

लोहरदगा सिविल कोर्ट में आज लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत : पीडीजे

पीडीजे राजेन्द्र बहादुर पाल ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी, कहा लोहरदगा में 500 से अधिक चेक बाउंस के मामले हैं लंबित

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। जिला सत्र एवं प्रधान न्यायाधीश राजेन्द्र बहादुर पाल ने प्रेस वार्ता कर बताया की राष्ट्रीय लोक अदालत में स्थानीय व्यवहार न्यायालय परिसर में भव्य तरीके से आज आयोजित किया जाएगा। न्यायालय में लंबित सुलह योग्य मामले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से पक्षकार सहज निपटारा करा सकते हैं। पक्षकार जिनका मुकदमा न्यायालय में लंबित चल रहा है या विवाद पूर्व आपसी राजीनामे के माध्यम से निस्तारण चाहते हैं, वे अपने मुकदमे से संबंधित न्यायालय में जाकर अथवा ऑनलाईन माध्यम से भी संबंधित न्यायालय में संपर्क कर अपना मुकदमा राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए रखवा सकते हैं। लोक अदालत में एन.आई.एक्ट बैंक, वित्तीय प्रकरणों से संबंधित बैंक अधिकारियों व पक्षकार की उपस्थिति में प्री-काउंसलिंग करा सकेंगे। पक्षकार को लोक अदालत में बैंक से मिलने वाले वित्तीय छूट एवं वन टाइम सेटलमेंट ऑफर के बारे में जानकारी देकर प्री-काउंसिलिंग के प्रयास किए जाएंगे। इसमें सभी मामलों का निपटारा सुलह समझौते के माध्यम से किया जाएगा। उन्हीं मामलों की सुनवाई होगी, जिसमें दोनों पक्ष सहमत हों। लोक अदालत में आपराधिक वाद, पारिवारिक मामलें, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामलें, बिजली व प्राधिकरणों के जल भुगतान से सम्बन्धित मामलें, धारा 138 एन.आई.एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा संबंधित मामले एवं प्री-लिटीगेशन से संबंधित मामलों की सुनवाई होगी। पीडीजे राजेंद्र बहादुर पाल ने बताया कि झारखंड विक्टिम स्कीम के तहत दुष्कर्म, सामूहिक दुष्कर्म, शारीरिक शोषण, दुर्घटना, एसिड अटैक, बर्निंग आदि मामलों पर पीड़ित पक्ष चाहे तो उक्त योजना के तहत मुआवजा का लाभ ले सकता है। सरकार द्वारा उपरोक्त मामलों के पीड़ित व उनके आश्रित को 5 से 10 लाख मुआवजा देने का प्रावधान है। बताया कि 13 नवंबर 2022 जिले के सभी प्रखंडों में विशेष कैंप आयोजित की जा रही है। सभी प्रखंडों में न्यायिक पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। इस दौरान सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ गांव के गरीब जरूरतमंद लोगों को देने के लिए उन्हें जागरूक किया जाएगा। कहा कि लोहरदगा जिले में चेक बाउंस के लगभग 500 से ज्यादा केस लंबित है ।चेक बाउंस के मामले पर आरोप सिद्ध होने पर 2 वर्ष की कारावास व दोगुना राशि जुमार्ना लगाया जा सकता है। पीडीजे ने कहा कि न्यायालय में लंबित चेक बाउंस के मामलों का प्राथमिकता पर निपटारा किया जा रहा है।

कुडू में अतिक्रमण हटाओं अभियान का शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता

कुडू/लोहरदगा। कुडू अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाने का अभियान का शुभारंभ हो गया है। पूर्व निर्धारित 11.11.22 तक अंचलाधिकारी कुडू ने स्वतः संज्ञान लेते हुए अतिक्रमण हटा लेने का आवाह्न किया था। ज्ञात हो कि अतिक्रमण हटाने का कार्यक्रम 5.11.22 दिन शनिवार को निर्धारित था। लेकिन अपरिहार्य कारणों से उक्त तिथि को स्थगित कर दिया गया। कई लोगों ने स्वतः संज्ञान लेकर अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया था। जैसा कि अंचलाधिकारी कुडू ने बताया कि सड़क निर्माण एवं उसके चौड़ीकरण के लिए संवेदक एवं उनके अधिकारियों द्वारा आग्रह किया था। जिसके मद्देनजर सड़क निर्माण एवं नाली निर्माण का काम निर्बाध गति से हो। आवश्यक समझते हुए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। अंचलाधिकारी कुडू के निगरानी में अंचल विभाग की पुरी टीम साथ में कुडू पुलिस ने मुस्तैदी से अपने कार्यों को अंजाम दिया। साथ हीं मस्जिद मोड़ में टेम्पो संचालकों को भी चेताया कि सड़क पर टेम्पो लगाने के बजाय निर्धारित की गई जगह पर लगाये।

दुकान से चोरी हुई मोटरसाइकिल पुलिस ने किया बरामद, चोर को भेजा जेल

नवीन मेल संवाददाता

बोलबा। बोलबा प्रखंड मुख्यालय स्थित समसेरा मोड़ के एक दुकान से चोरी हुई मोटरसाइकिल को पुलिस ने किया बरामद, चोर को भेजा जेल। इस मौके पर बताया गया कि गत 1 अक्टूबर की रात्रि में बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय के समसेरा मोड़ स्थित एक दुकान से एक मोटरसाइकिल को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया था।काफी खोजबीन के बाद भी मोटरसाइकिल नहीं मिला। बोलबा पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा था। अंततः 10 नवबंर 2022 को मोटरसाइकिल सहित चोर को पकड़ने में सफल हो गया। इस संबंध में बोलबा पुलिस ने बताया कि पिछले 1 अक्टूबर की रात्रि में अज्ञात अपराधियों के द्वारा मोटरसाइकिल चोरी किया गया था उसे बोलबा पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए अर्जुन कुम्हार पिता झिलया कुम्हार ग्राम अंडाली जामबहार थाना रायबोगा, जिला सुंदरगढ़ को गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही मोटरसाइकिल को राऊरकेला बिसरा थाना क्षेत्र से बरामद किया गया। बताया गया कि अर्जुन कुम्हार का एक साथी फरार है उसे भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा। इस संबंध में बोलबा थाना में कांड संख्या 18/2022 भादवि की धारा 379 दिनांक 02.10.2022 दर्ज कर आरोपी अर्जुन कुम्हार को जेल भेज दिया गया। इस मौके पर एएसआई हरेंद्र प्रसाद, फेबियन कुल्लू, बिनोद कुजूर, शम्भू रजवार, सुशील तिर्की, कुलदीप तिर्की, कुन्दन कुमार एवं अन्य लोग मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि बोलबा थाना छेत्र में विगत दो वर्षों में जितने भी कांड हुए है सभी कांडों का त्वरित निष्पादन किया गया।पुलिस द्वारा किए जा रहे इस तरह के कामो से आम लोगों में पुलिस के प्रति काफी विश्वास बढ़ा है जो सराहनीय है।

विस में 1932 खतियान व ओबीसी आरक्षण विधेयक पारित, झामुमो ने मनाया जश्न

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा संयोजक मंडली सिमडेगा द्वारा झारखंड विधानसभा में पारित 1932 खातियन विधेयक पारित होने एवं ओबीसी को 27% आरक्षण को विधानसभा में मंजूरी मिलने की खुशी में सिमडेगा जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा आभार जुलूस निकाला गया।मौके पर पूर्व विधायक बसंत कुमार लौंगा ने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार ने इसको लेकर झारखंड के लोगों से वादा किया था इसके अलावा एक विधेयक पारित कर राज्य के स्थानीय निवासी होने का सत्यापन 1932 के जमीन दस्तावेज/रिकॉर्ड के आधार पर करने का फैसला लिया गया है। झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में झारखंड स्थानीय व्यक्ति की परिभाषा और ऐसे स्थानीय व्यक्ति को विशेष सामाजिक, सांस्कृति और अन्य लाभ मुहैया कराने संबंधी विधेयक, 2022' पारित किया गयाराज्य के आदिवासी लंबे समय से मांग कर रहे थे कि ब्रिटिश शासनकाल में 1932 में कराये गये जमीन सर्वेक्षण के रिकॉर्ड के आधार पर व्यक्ति के स्थानीय निवासी होने का सत्यापन किया जाए ना कि 1985 के सर्वे के आधार पर, जैसा अभी हो रहा है पारित हुए विधयेक के प्रभावी होने के बाद 1932 में झारखंड में रह रहे ऐसे लोग जिनके नाम जमीन रिकॉर्ड में शामिल हैं, की भावी पीढ़ियों को स्थानीय निवासी माना जाएगा। मौके पर जिला संयोजक मंडली सदस्य सफीक खान, अनिल कंडुलना, अनिल तिर्की, आस्कर डांग, राकेश लकड़ा, दीप्तिमान तिर्की, विरजो कन्डुलना, मो. शहीद, फिरोज अली, नारायण मांझी, कोलेबिरा प्रखंड अध्यक्ष मनोहर बागे, कोलेबिरा प्रखण्ड सचिव वकिल खान, किशोर डांग, नोवास केरकेट्टा, कल्याण मिंज, मो.अनास, मो. लाला, अमलेन समद, मुकुल बरला, डेविड खालखो, विरेंद्र बाड़ा उपस्थित हुए।

विधानसभा में 1932 आधारित खतियान पारित होने पर खुशी जाहिर की

भंडरा / लोहरदगा। सूबे के चहेते व जनमानस की हितैसी हेमंत सोरेन की सरकार ने राज्य की जनता का एक बार फिर से दिल जीत लिया है। शुक्रवार को हेमंत सोरेन जेएमएम की सरकार ने जिस तरह विशेष सत्र का आयोजन कर विधानसभा में 1932 का खतियान आधारित एसटी को 28 प्रतिशत, ओबीसी को 27 प्रतिशत, एससी 12 प्रतिशत अरक्षण को पारित कराया। इससे पूरे राज्य की जनता में खुशी की लहर है उक्त बातें जेएमएम के भंडरा प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी ने शुक्रवार को भंडरा के डाकबंगला भवन में बैठक आयोजित कर कहा है। साथ ही शनिवार को भंडरा नौडीहा चौक से थाना मोड़ तक आभार यात्रा निकालने को लेकर सरकार के प्रति अभिवादन करने की सहमति जताई है। इस पर जेएमएम कार्यकर्ताओं ने भी भव्य आभार यात्रा निकालने को लेकर सहमति दी है। मौके पर मिटू उरांव ने भी हेमंत सरकार द्वारा लोक हित में किये जा रहे कार्यो की सराहना की है। विधानसभा में 1932 आधारित खतियान पारित होने पर खुशी जाहिर की है। मौके पर पिंटू उरांव, बिटू उरांव, शामिल उरांव, तिवारी उरांव, रामविलाश उरांव, जातरू उरांव, तैयब खान, साहिल मंसूर, रवि यादव, मनोज उरांव, बुधराम उरांव, सैफुल्लाह अंसारी, खुर्सीद अंसारी, एजाजुल अंसारी, बिरिया उरांव, रामवृक्ष उरांव सहित काफी संख्या में जेएमएम कार्यकर्ता मौजूद थे।

केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला ने खूंटी में जनजातीय गौरव दिवस के तहत दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न

देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भगवान बिरसा मुंडा का योगदान अद्वितीय है : अतुल चौबे

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, गुमला द्वारा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित हो रहे समारोहों के क्रम में खूंटी जिला के कालामाटी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जागरूकता रैली, सेमिनार, सांस्कृतिक गीत एवं नृत्य आदि का आयोजन हुआ। साथ ही गुरुवार दिनांक 10 नवंबर को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कालामाटी में आयोजित रंगोली, चित्रांकन एवं निबंध प्रतियोगिता में विजयी 20 प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा एवं वीर सिद्धू कान्हू की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात खूंटी के जिला शिक्षा पदाधिकारी अतुल कुमार चौबे, झारखंड शिक्षा परियोजना, खूंटी के अतिरिक्त कार्यक्रम पदाधिकारी नलिनी रंजन, खूंटी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी श्री अनिल दुबे, फूदी पंचायत की मुखिया अनिमा कच्छप, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डन ज्योति कुमारी एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित किया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पंजीकृत सांस्कृतिक दल लोकनाथ लोहरा कला जत्था एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कालामाटी की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का विधिवत स्वागत केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने अंग वस्त्र और पौधा दे कर किया। मुख्य अतिथि के रूप में सभा को संबोधित करते हुए खूंटी के जिला शिक्षा पदाधिकारी अतुल कुमार चौबे ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा जनजातीय गौरव दिवस की घोषणा से हम देश के उन जनजातीय वीरों और वीरांगनाओं की महती भूमिका को याद कर पा रहे हैं जिन्होंने देश की आजादी के लिए अदम्य साहस दिखाया और अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने जनजातीय गौरव दिवस पर प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला को सराहा और आगे भी ऐसे कार्यक्रमों के लिए शुभकामनाएं दीं। झारखंड शिक्षा परियोजना, खूंटी के अतिरिक्त कार्यक्रम पदाधिकारी नलिनी रंजन ने कहा कि जिस तरह धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा ने भारत की आजादी के लिए अपना संपूर्ण जीवन लगा दिया, हम सब को उनके प्रति हमेशा कृतज्ञ रहना चाहिए।इस कार्यक्रम से हम देश के जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों की महती भूमिका को याद कर सकेंगे जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। खूंटी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अनिल दुबे ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस पर आने वाली पीढ़ियां हमारे देश एवं झारखंड के महान जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष व बलिदानों के बारे में जान सकेंगे। इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से सभी लोगों को अपने महापुरुषों के व्यक्तिव एवं कृतत्व से अवगत होने का अवसर मिलता है। मुखिया अनिमा कच्छप ने अपने संबोधन में कहा कि आज के युवाओं को भगवान बिरसा मुंडा एवं अन्य जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन को हमेशा याद रखना चाहिए। जिस तरह झारखंड के वीरों और वीरांगनाओं ने देश की आजादी के लिए अदम्य साहस दिखाया, हमें हमेशा उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। इससे पूर्व विषय प्रवेश करवाते हुए केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत सरकार ने भारतीय इतिहास और संस्कृति में जनजातियों के विशेष योगदान को सम्मानित करने व पीढ़ियों को इस सांस्कृतिक विरासत से प्रेरित करने के उद्देश्य से भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस घोषित करने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला द्वारा इस दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता हुए पुरस्कृत

प्री प्रोगाम के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कालामाटी के प्रांगण में बालिका विद्यालय परिसर में 'आजादी का अमृत महोत्सव' एवं 'झारखंड के वीर स्वतंत्रता सेनानी' विषय पर 10 नवंबर को रंगोली, निबंध एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिन के विजेताओं को गणमान्य अतिथियों द्वारा स्कूल बैग देकर पुरस्कृत किया गया। चित्रांकन प्रतियोगिता में लक्ष्मी परधिया, यशोदा कुमारी, खुशबू कुमारी, रिया कुमारी, सीमा स्वनसी, दीपिका कुमारी विजई हुए। निबंध प्रतियोगिता के विजेता रहे चंद्रिका कुमारी, सिमरन कश्यप, प्रियांशी कुमारी, आरती कुमारी, बसंती कुमारी, दुर्गेश्वरी कुमारी, संस्कृति कुमारी, सुरभि कश्यप। रंगोली प्रतियोगिता में छोटी कुमारी ग्रुप, तृषा कुमारी ग्रुप, जयंती कुमारी ग्रुप, अनु कुमारी ग्रुप, माही कुमारी ग्रुप, स्वाति कुमारी ग्रुप पुरस्कृत हुए।

आरक्षण नीति स्थानीय नीति बिल विस में पारित होने पर जेएमएम नेताओं में खुशी

नवीन मेल संवाददाता

कैरो/लोहरदगा। झारखंड विधान के विशेष सत्र में शुक्रवार को झारखंड के आंदोलनकारियों के सपने को साकार करते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति, अनुसूचित जनजाति को 28 प्रतिशत, ओबीसी को 27 प्रतिशत व अनुसूचित जाति को 12 प्रतिशत आरक्षण बिल को विधानसभा से पारित कराया। इसके लिए जेएमएम प्रखण्ड कमिटी के द्वारा मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन समेत तमाम मंत्री विधायक जिन्होंने भी इस बिल को पारित कराने मे सहयोग किया सभी को बधाई दी गई। मौके पर जे एम एम के केंद्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी ने कहा मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जिस तरह से जनकल्याणकारी कार्य कर रहे हैं उसके लिए झारखंड की जनता उनका हमेशा शुक्रगुजार रहेगी। आज झारखंड की सबसे पुरानी मांग 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति, एसटी, एससी, ओबीसी आरक्षण बिल को विधानसभा से पास कराने का जो साहस किया है काबिले तारीफ है। जेएमएम के नेतृत्व में सरकार अनेको जनकल्याणकारी कार्य कर रही है अब तो विपक्ष के पास कोई मुद्दा भी नही रह गया है विपक्ष बेकार में ही जनता को बरगलाने का काम कर रही है। जनता सब देख समझ रही है जो काम विगत झारखंड बनने के बीस वर्षों तक नही हुआ था। जेएमएम की नेतृत्व वाली सरकार के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने वे सभी कार्य कर दिए आने वाले समय मे झारखंड में जेएमएम और भी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी और जनता जे एम एम के द्वारा किये कार्यो का बदला जरूर देगी। बधाई देने वालो में प्रखण्ड अध्यक्ष मो. सजाद, श्रीराम उरांव, अंगनु उरांव, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जमील अख्तर, धनपत उरांव, बिपिन उरांव, समीरुदीन अंसारी, अख्तर अंसारी, बजरंग उरांव, एनुल अंसारी, हासिम अंसारी, परवीन साहू, मुकेश उरांव, मंगदेव उरांव, अशोक पहान, संदीप उरांव, सुरेश उरांव, सुखदेव उरांव, शंकर उरांव आदि शामिल है।

न्यूज गैलरी

लापुंग में भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली जनाक्रोश रैली

लापुंग। लापुंग प्रखंड मुख्यालय के समक्ष लापुंग भाजपा मण्डल के तत्वाधान में जन आक्रोश रैली के प्रभारी सह बीस सूत्री राँची जिला के पूर्व उपाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया और जनाक्रोश रैली आयोजित की गई। इस मौके पर जैलैन्द्र कुमार ने कहा कि लापुंग सहित पूरे राज्य में बलात्कार, लूट , डकैती, घूसखोरी व भ्रष्टाचार और अराजकता से आम लोग काफी त्रस्त हैं। मांडल विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत, प्रदेश किसान मोर्चा आद्यक्ष पवन साहु सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। बिरसा चौक लापुंग से जनाक्रोश रैली प्रखण्ड कार्यालय में पहुंची और प्रखंड मुख्यालय के पास नारेबाजी किया गया। कार्यक्रम के बाद भाजपा के कार्यक्रम प्रभारी जलेंद्र कुमार व सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत सहित कार्यकताओं ने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लाकड़ा को झारखण्ड में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर लापुंग भाजपा मण्डल अध्यक्ष दुखहरन सिंह, जीप सदस्य हिंदिया टोप्पो, सांसद प्रतिनिधि हरिमोहन साहू, कृष्णा कुमार, प्रकाश गुप्ता, सीता देवी, नन्दलाल साहू, जितेंद्र पाल सिंह, राजेन्द्र उराँव, बसन्त बरला , किश्वर साहू सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

रातू पूर्वी पंचायत में आप की योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

रातू। राँची उपायुक्त के निदेर्शानुसार शुक्रवार को रातू पूर्वी पंचायत में आप की योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित की गई। शिविर में मुख्य रूप से उपस्थित जिला के वरीय पदाधिकारी , प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, महिला प्रसार पदाधिकारी , सीआई संतोष उरांव, दीपिका हेंमरम, काली कुमार साहु के अलावा मुखिय, पंचायत समिति सदस्य व वार्ड सदस्य मौजूद थे। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन अधिकारियों को सौंपा। जिसमें अधिकांश आवेदन राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ से संबंधित है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार ने लाभुकों के बीच सोना सोबरन के तहत धोती,साड़ी का वितरण किया। अधिकारियों ने बताया ग्रामीणों की ओर से 2000 आवेदन दिया गया था जिसमे त्वरित करवाई करते हुए 130 आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया। बाकी बचे 700 आवेदन को भी जांच पड़ताल के बाद निपटारा कर दिया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन तैयब अंसारी ने किया।

मजदूर किसान कॉलेज में छात्र युवा संघर्ष समिति ने की बैठक

मेदिनीनगर। पांकी मजदूर किसान महाविद्यालय में आम आदमी पार्टी की छात्र विंग सीवाईएसएस ने बैठक की। जिसके मुख्य अतिथि आप के नेता कौशल किशोर बच्चन उपस्थित हुए । कार्यक्रम की संचालन कर रहे सनी कुमार ने छात्रों को छात्र युवा संघर्ष समिति के बारे में बतया। उपस्थित छात्रों ने कॉलेज की विभिन्न समस्याओं से आप नेता कौशल किशोर बच्चन को अवगत कराया। छात्रों ने बताया कि नियमित क्लास नहीं होना, सेशन में देरी होना ,कॉमन रूम की व्यवस्था नहीं होना,प्लेग्राउंड सही नहीं,कंप्यूटर लैब एवं कैंपस सेलेक्शन की व्यस्था कराना नियमित छात्रवृत्ति नहीं मिलना आदि समस्याओं के बारे में जानकारी दी। मौके पर उपस्थित आप नेता कौशल किशोर बच्चन ने सभी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सीवाईएसएस के बैनर तले छात्रों के हित के लिए लड़ा जायेगा। उन्होंने कहा कि छात्र देश के भविष्य होते हैं और आज उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। व्यवस्था नाम पर सिर्फ फीस पूरा वसूला जा रहा है । हमें छात्रों के हित के लिए जो भी संघर्ष करना पड़ेगा हम करने को तैयार हैं। मौके पर अक्षय कुमार लोटन, सनी चंद्रवंशी, अभिषेक कुमार, रौशन कुमार, आकाश कुमार, कौशल कुमार, विकास यादव, अंकित गुप्ता, सुमित कुमार, विजय शंकर सिंह, राजा कुमार, चिराग कुमार, मयंक जायसवाल, विकेश कुमार, अभिषेक कुमार, मोहम्मद रजा, प्रमोद कुमार सिंह, विशाल पाठक, आशीष पन्नी, अभिषेक ठाकुर ,अनुज कुमार ,रिजु वर्मा, एहसान अली, तौसीफ रजा, नितेश कुमार ,अमित कुमार ,अरविंद कुमार आदि मौजूद थे।

सिंगरा विभूतियों की धरती है :मनोज

मेदिनीनगर। नगर निकाय चुनाव में मेयर के भावी प्रत्याशी मनोज सिंह ने कहा कि सिंगरा विभूतियों की धरती है। जिन्होनें देश और समाज की बेहतरी के लिये अपनी जान तक की बाजी लगा दी है। ऐसे इलाके के विकास पर विशेष ध्यान दिये जाने की जगह इसे उपेक्षित छोड़ दिया गया है। श्री सिंह घर घर यात्रा के तहत गुरुवार को अमर शहीद अनुराग शुक्ला के स्मारक पर माल्यार्पण के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अनुराग शुक्ला की शहादत से न सिर्फ सिंगरा बल्कि पूरे पलामू के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इसलिए इस इलाके के उस रूप में विकसित किया जाना चाहिए कि इस इलाके को लोग देखने आये,ताकि अनुराग शुक्ला की वीरता की ख्याति दूर दूर तक फैले, पर आज की स्थिति यह है कि नगर निगम में शामिल होने के बाद सिंगरा के लोग बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं । यह निगम की नाकामी है। उन्होंने सिंगरा वासियों को आश्वस्त किया की जनता का आशीर्वाद मिला तो सबसे पहले चुनाव जीतने के बाद खेतिहर जमीन को टैक्स मुक्त करेगें । अभियान के दौरान सिंगरा वासियों ने जो स्नेह और सम्मान दिया यही स्नेह और सम्मान उनके राजनीतिक जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। जनता के प्यार और विश्वास की रक्षा कर निगम मे विकास का इतिहास रचेगें। इसी संकल्प को लेकर वह चुनावी मैदान में उतरे है। श्री सिंह ने सिंगरा के बजराहा, पूणार्डीह, आदि मुहल्ला का दौरा कर सभी मुहल्लेवासियों से संवाद किया और मुहल्लेवासियों की समस्या से अवगत हुए। इस दौरान संतोष शुक्ला मंगल नाथ शुक्ला विनोद ठाकुर रेणु देवी,विजय शुक्ला आनंद शुक्ला देवांग शुक्ला, आशीष शुक्ला, लव शुक्ला, चंदू शुक्ला,साकेत शुक्ला, फोटू दूबे, शिशू दूबे, अखिलेश कुमार, नामधारी कुमार, जितेंद्र कुमार, अमरावती देवी, व अखिलेश राम शामिल थे।

बेड़ो के पुरियो में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

योजनाओं का लाभ उठाएं ग्रामीण : नीरज

नवीन मेल संवाददाता

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के पुरियो गांव में शुक्रवार को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ डा प्रवीण कुमार सीडीपीओ नयाब जेबा कृषि पदाधिकारी कलिंद्र साहू बीपीओ संजय तिर्की प्रमुख विनीता कच्छप मुखिया नीरज कुजुर ग्राम प्रधान लोदा उरांव ने दीप जलाकर किया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि सरकार आपके घर तक पहुंची है। जिसका लाभ ग्रामीण उठाएं। वही मुखिया नीरज कुजुर ने कहा सरकार द्वारा संचालित सभी विभागों की योजनाओं का लाभ ग्रामीण जरूर उठाएं। उन्होंने किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि दाखिल-खारिज कराकर रजिस्टर टू में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं। फुले बाई किशोरी समृद्धि योजना के तहत बच्चियों को सरकारी सहायता दी जाती है जो छात्र पठन-पाठन कर रहे हैं, वह इसका जरूर से जरूर लाभ उठाएं। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग मनरेगा पेंशन योजना, बाल विकास योजना, आपूर्ति विभाग बिजली विभाग, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन कल्याण विभाग भूमि संरक्षण विभाग आदि के कुल 20 स्टॉल लगाए गए थे। जिसमें विभिन्न विभागों में आए अधिकांश आवेदन को मौके पर निपटारा कर दिया और बाकी बचे आवेदनों को यथाशीघ्र निपटारा करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान महिलाओं का गोद भराई व बच्चों का मुहं जुठ्ठी किया गया। बुजुर्ग महिला व पुरषों को कंबल दिया गया। मौके पर जगरनाथ भगत, संजय कच्छप, कुबा पहान सहित सभी विभाग के पदाधिकारी कर्मी समेत स्थानीय लोग उपस्थित थे।

विस से खतियान आधारित नीति पारित होने पर कार्यकर्ताओं ने जताया हर्ष

नवीन मेल संवाददाता

रातू। झारखंड राज्य में महागठबंधन की सरकार की ओर से 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति विधेयक विधानसभा के विशेष सत्र से पारित होने की खुशी में

शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम के नेतृत्व में फिराया लाल चौक जिला समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अबीर गुलाल और मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया । साथ ही देश के प्रथम शिक्षा मंत्री अब्दुल कलाम आजाद की जयंती पर उनकी चित्र में माल्यार्पण किया गया । जिला समिति के अध्यक्ष मुस्ताक आलम के निदेर्शानुसार , प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी के नेतृत्व में रवि कुमार , असलम अंसारी , बबलू मिंज , शकुंतला देवी , प्रदीप किस्पोट्टा , सैयद फिरोज सचिन ऊरॉव , कृष्णा कुमार , समीम मंसुरी , जाबिर अंसारी , वसीम अंसारी , पहना तिर्की आदि दर्जनों लोगों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया । इस बीच जय झारखंड व हेमन्त सोरेन जिंदाबाद के नारो से वातावरण गुंज उठा।

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजित

समस्याओं को लेकर लोगों ने जमा किये आवेदन

नवीन मेल संवाददाता

डंडई । सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अंतिम दिन शुक्रवार को प्रखंड के तास रार पंचायत में सम्पन्न हुआ । पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में सरकार के द्वारा आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ सोमा उरांव, सीओ चोना राम हेंब्रम, जिप सदस्य मोहन पासवान, मुखिया विनीता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपपरियोजना पदाधिकारी योगेंद्र कुमार,सहायक कनिये अभियंता चंद्रकिशोर कुमार,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय , एई राहुल कुमार, जेई मुकेश दुबे, बीपीओ सुनील कुमार ने भी भाग लिया । इस दौरान सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पंचायत के विभिन्न वार्ड से बड़ी संख्या में ग्रामीण शिविर में पहुंच अपनी समस्या को लेकर आवेदन जमा किया। इस दौरान सबसे ज्यादा आवेदन मनरेगा और

सर्वजन के लगे स्टालों पर जमा किया गया। मनरेगा के लिए पशु शेड, सिंचाई कूप योजना के लिए दिया ग्रामीणों की ओर से जमा किया गया। शिविर में लगे बिजली विभाग के स्टॉल पर एक भी पदाधिकारी मौजूद नहीं रहे। वही चिकित्सीय स्टॉल पर डॉक्टर कुमुद रंजन भी अपने ड्यूटी से गायब रहे । उक्त दोनों स्टालों पर आवेदन जमा करने को लेकर ग्रामीण शिविर में इधर-उधर भटकते रह गए । प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत में लगे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के शिविर में निर्धारित समय से पहले ही ग्रामीण स्थल पर पहुंच गए। वही कार्यक्रम का शुभारंभ होते ही वे सभी अपनी-अपनी समस्याओं को संबंधित स्थानों पर जमा करना शुरू कर दिए। इस बीच मुखिया मोनिका देवी पंचायत के लोगों के आवेदन पर अपना दस्तखत करने में दिन भर परेशान दिखी । इस दौरान बीडीओ सोमा उरांव ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को स्वरोजगार कर स्वालंबन बनाने के लिए यह है खासकर यह कार्यक्रम काफी अच्छा रहा। ग्रामीणों के द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 2400 आवेदन प्राप्त हुआ। ग्रामीणों की समस्याओं का निदान को लेकर संबंधित विभाग के द्वारा 14 अलग-अलग स्टॉल लगाया गया था। ग्रामीणों ने शिविर में विभाग के द्वारा लगे स्टॉल में बारी बारी से अपनी समस्याओं को निदान के लिए आवेदन को जमा किया। शिविर में कई जरूरतमंद लोगो को वृद्धा पेंशन की स्वीकृति प्रदान किया गया।

भाजपाईयों ने राज्य में फैले व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर किया प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

धुरकी। भाजपाइयों ने हेमंत सरकार के झूठे वादे गलत नीति राज में फैले भ्रष्टाचार को लेकर शुक्रवार को एक दिवसीय रोष प्रदर्शन प्रखंड मुख्यालय से सिवड़ी मोड़ तक करते हुए एक जनसभा किया। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए धुरकी प्रखंड के प्रभारी सिवधारी राम ने कहा कि आज हेमंत सरकार के गलत नीति एवं झूठे वादे को लेकर राज त्राहिमाम कर रहा है। यहां के लोग बेरोजगार हो गये हैं। लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है। वहीं भाजपा नेता इंद्रमणि जयसवाल ने कहा कि राज्य में भूख भ्रष्टाचार का आलम है यहां पर सिर्फ दलालों बिचौलियों का राजपाट है। अफसरशाही चरम पर है। सरकार में कोई भी लोग ग्रामीण को सुनने वाले नहीं हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रताप जायसवाल ने किया, कार्यक्रम का संचालन विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव ने किया। कार्यक्रम का संबोधन रामप्रवेश गुप्ता, मंगल यादव, लक्ष्मण राम, उपेंद्र चंद्रवंशी, चांदेव बैठा, संजय जयसवाल, उमेश जायसवाल, शशि कमलापुरी, संजय सिंह, तेजू कोरवा, शहादत अंसारी लाखा यादव नरेश ठाकुर आदि लोगों ने संबोधित किया।

अनियंत्रित बाइक के धक्के से छात्रा गंभीर रूप से घायल

भवनाथपुर। भवनाथपुर खरौंधी मोड़ के समीप शुक्रवार को नाबालिक चालक के अनियंत्रित बाईक के धक्का लगने से बीएसएम कॉलेज की बीए पार्ट-वन की छात्रा खरौंधी चंदनी निवासी प्रमोद बैठा की पुत्री खुशबु कुमारी घायल हो गई। घायलावस्था में स्थानीय लोगों द्वारा इलाज हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहां पर तैनात महिला चिकित्सक प्रियंका कुमारी द्वारा इलाज किया गया। घायला छात्रा की सहेलियों ने बताया कि हमलोग परीक्षा देने के लिए कॉलेज के लिए निकले थे कि पीछे से लहराते हुए बाईक आकर पीछे से धक्का मार दिया । सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर थाना के एसआई सहदेव साह सबदल के साथ पहुंचकर बाईक तथा बाईक चालक अरसली उतरी के मनोज पासवान को कब्जे में लेकर थाने ले जाया गया है।

सीआरपीएफ ने लात पंचायत में ग्रामीणों के बीच कई सामानों का किया वितरण

नवीन मेल संवाददाता

बरवाडीह। छिपादोहर थाना क्षेत्र के लात पंचायत अंतर्गत टोंगरी गांव में सीआरपीएफ 112 वाहिनी के द्वारा सिविक एक्सन प्रोग्राम के तहत सहायक कमांडेंट बीएन भोइ के नेतृत्व में कई सामानों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में छिपादोहर थाना प्रभारी विश्वजीत तिवारी, इंस्पेक्टर रवीण बाबू व लात पंचायत के सरपंच भी शामिल हुए। सीआरपीएफ 112 वाहिनी द्वारा लात पंचायत के टोंगारी, बरखेता, हरहे, गांसेदाग, लादी, लात कि जरूरतमंद ग्रामीणों को दैनिक उपयोग वस्तुएं जैसे सोलर लैंप, पानी रखने के लिए प्लास्टिक बकेट आदि वही स्कूली बच्चों के बीच पठन-पाठन की सामग्री का वितरण किया गया। वही सहायक कमांडेंट बी एन भोइ ने ग्रामीणों एवं स्कूली छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें और

उन्हें पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित करें क्योंकि शिक्षा ही एक माध्यम है जो आपके बच्चों के भविष्य उज्जवल कर सकेगा। सीआरपीएफ क्षेत्र में अभियान के साथ-साथ आम जनता ओं के परेशानियों को कम करने के लिए इस तहत का कार्यक्रम का आयोजन करती रहती हैं और आने वाले समय में भी करती रहेगी। कार्यक्रम में ईश्वरी देवी मुखिया ईश्वरी देवी ,पूर्व मुखिया मंजू देवी, पताली तिवारी ,पुषण सिंह समेत काफी संख्या में ग्रामीण व जवान उपस्थित थे।

मनरेगा कर्मियों संग बीपीओ ने की बैठक

गिद्धौर(चतरा)। शुक्रवार को मनरेगा कर्मियों के साथ गिद्धौर प्रखंड कार्यालय परिसर में बीपीओ अजय कुमार सिन्हा ने बैठक की। बैठक में उपस्थित कर्मियों को प्रखंड में मनरेगा के तहत संचालित योजना में कार्य के अनुसार भुगतान पूर्ण योजना को प्राथमिकता के आधार पर अभिलेख बंद करने का निर्देश सम्बंधित रोजगार सेवकों को दिया। प्रधानमंत्री आवास में मनरेगा के तहत मजदूरों का डिमांड करने, मनरेगा मजदूरों का शत-प्रतिशत आधार इंट्री करने के साथ प्रखंड कार्यालय परिसर में 12 नवम्बर को डालसा द्वारा आयोजित शिविर में स्टॉल लगाने व समय पर कार्यालय पहुंचने का निर्देश कर्मियों को दिया। बैठक में रोजगार सेवक गोविंद दांगी, रोहित कुमार यादव, टेक्नारायण राम व सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।

कृषक उच्च विद्यालय को सीएसआर मद से मिला 32 जोड़ा बेंच व डेस्क

नवीन मेल संवाददाता

रातू। कृषक उच्च विद्यालय गड़री गुडू रातू को लांसर एंड टुब्रो कंपनी प्राईवेट लिमिटेड के सिएसआर मद के द्वारा शुक्रवार को छात्र-छात्राओ के लिए 32 जोड़ी बेंच डेस्क दिया गया।इस कार्यक्रम में रांची स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट मैनेजर जेडी त्रिपाठी, राहुल कुमार जुडू विकास पाण्डे एडमिस्टेशन,कुनाल प्लानिंग मैनेजर सुधाकर ,तेजा सेफ्टी मैनेजर के साथ ही विद्यालय के प्रबंध समिति सचिव श्री अशोक कुमार प्रधानाध्यापिका सीमा कुमारी,उप प्रधानाध्यापिका मेलसा स्वेता तिर्की,सहायक शिक्षक नलनी रंजन प्रसाद, संजय कुमार महतो, शहीद विशुन महतो स्मारक संस्था के अध्यक्ष कालीराम उरांव, सचिव अशोक कुमार, सदस्य पितांबर महतो,करमा महतो, सुरेश उरांव आदि मौजूद रहे। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट मैनेजर के द्वारा विद्यालय परिवार को आश्वासन दिया गया कि आने वाले सालों में विद्यालय में अध्ययनरत छात्र -छात्राओ के लिए कंपनी के द्वारा सहयोग किया जायेगा।

बाइक दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल

गढ़वा। मझिआंव थाना क्षेत्र के करूई गांव निवासी शशि कुमार सिंह 50 वर्ष व उसका पुत्र कृष कुमार 17 वर्ष मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया है। दोनो का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि गढ़वा से अपने घर करूई गांव जा रहा था। उसी बीच दलेली मोड़ के पास उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे गिरकर यह दोनों लोग घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। घटना में घायल के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है। चिकित्सक के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताया गया है।

नगाड़ा टोंगरी जतरा से लौटने के क्रम में छेड़छाड़ का विरोध करने पर पूर्ववर्ती छात्र की पत्थर से कूचकर हत्या

नवीन मेल संवाददाता

लापुंग। लापुंग थाना क्षेत्र के ककरिया पंचायत अन्तर्गत सेमला गांव के दुर्गम क्षेत्र करम कांटा टोंगरी में अरमा डुमरडीहा निवासी और राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय अरमालटदाग का पूर्ववर्ती छात्र 15 वर्षीय लोको मुंडा पिता स्वर्गीय फेकू मुंडा की पत्थर से कूचकर नृशंस हत्या कर दी गई है। लापुंग पुलिस ने शुक्रवार को देर शाम लगभग 5:-30 बजे घटनास्थल पहुंची और शव को बरामद किया। मृतक की उम्र लगभग 15 से 16 वर्ष बतायी जा रही है। मृतक लोको मुंडा के शव का पंचनामा कर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है। शव की पहचान उसकी मां बिरसी मुंडाईन और बहन पूनम कुमारी ने किया। ग्रामीण सूत्रों के अनुसार गुरुवार को देर शाम नगाड़ा टोंगरी जतरा देखने गया था और गांव की बच्चियों के साथ वापस लौट रहा

था। तभी बच्चियों के साथ कुछ युवकों ने छेड़छाड़ शुरू कर दी थी। छेड़छाड़ का विरोध करने पर खदेड़ कर युवकों ने लोको मुंडा को पकड़ लिया और अपहरण कर लोको मुंडा को दूर अरमा डुमरडीहा और सेमला गांव के सीमावर्ती दुर्गम इलाके में ले जाकर पत्थर से कूचकर लोको मुंडा को मार डाला। इन सब बातों का खुलासा शुक्रवार की रात शव की पहचान करने के बाद ग्रामीणों ने बताई। मृतक लोको के शव को पोस्टमार्टम हेतू शनिवार को रिम्स भेजा जाएगा। लोको के शरीर पर ऊपर कपड़े नहीं हैं उसने काले रंग की जींस पहन रखी थी। ग्रामीण सूत्रों के अनुसार शव सेमला गांव से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर सुनसान इलाके में मिली है। शव को सबसे पहले सेमला के चरवाहों ने देखा बाद में धीरे-धीरे देर शाम तक पूरे गांव में चर्चा का विषय बन गया। गांव के ग्रामीणों ने शव होने की जानकारी लापुंग के थाना प्रभारी को दी इसके बाद सशस्त्र बलों के साथ घटनास्थल पहुंचे उन्होंने जांच पड़ताल शुरू किया। लापुंग के थाना प्रभारी सुकुमार हेम्ब्रम, सब इंस्पेक्टर मनीष कुमार पूर्ति, सुशील कुमार मरांडी सहित कई पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पहुंचे और छानबीन किया। इस मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। खून से सने पत्थर को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस का दावा है कि बहुत जल्द हत्यारे पुलिस के कब्जे में होंगे।

छापामारी के दौरान भारी मात्रा में नकली शराब बरामद

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा के निर्देशानुसार पलामू जिले में अवैध शराब के खिलाफ लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में छापामारी अभियान के दौरान पलामू जिले के नावाखास गांव में गुरुवार की देर रात नावाखास निवासी सुनील प्रसाद के घर से भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब और विदेशी शराब के कई ब्रांड के रैपर बरामद किया गया है। इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा ने बताया कि उत्पाद विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि नावाखास गांव निवासी सुनील प्रसाद के द्वारा कई महीनों से अवैध नकली विदेशी शराब की खुलेआम खरीद बिक्री की जा रही है। जानकारी मिलने पर उत्पाद विभाग की टीम गांव पहुंचकर सुनील प्रसाद के घर छापामारी कर भारी मात्रा में अवैध शराब को जब्त किया है।

सम्पादक की कलम से...

ईडी व सीएम हेमंत

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद लोगों के मन में ये सवाल घूम रहा है कि क्या मुख्यमंत्री के खिलाफ जारी हालिया ईडी की कार्रवाई रूक जायेगी। क्या हेमंत सोरेन की मुश्किलें खत्म हो गई हैं? मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पिछले दिनों सुप्रीम राहत मिली। दरअसल, उच्चतम न्यायालय ने शिवशंकर शर्मा द्वारा अवैध खनन पट्टा लीज और शेल कंपनी मामले की सीबीआई और ईडी जांच की मांग से संबंधित दाखिल जनहित याचिका को सुनवाई योग्य नहीं माना। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए टिप्पणी की याचिका राजनीति से प्रेरित लगती है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद लोगों के मन में ये सवाल घूम रहा है कि क्या मुख्यमंत्री के खिलाफ जारी हालिया ईडी की कार्रवाई रूक जायेगी। क्या हेमंत सोरेन की मुश्किलें खत्म हो गई हैं? दरअसल, इससे पहले झारखंड हाईकोर्ट ने जनहित याचिका को सुनवाई योग्य माना था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में हाईकोर्ट के फैसले को भी निरस्त किया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब झारखंड हाईकोर्ट में इन याचिकाओं पर सुनवाई नहीं होगी। हाईकोर्ट ने दोनों मामलों पर सुनवाई करते हुए सभी पक्षों से जवाब देने को कहा था। अब सवाल है कि क्या सीएम के खिलाफ हालिया ईडी की जांच थम जायेगी। बता दें कि ऐसा नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी अवैध खनन और मनी लाउंड्रिंग की ईडी जांच पर कोई असर नहीं पड़ेगा। दरअसल, कोर्ट ने ईडी की हालिया जांच अथवा कार्रवाई पर कोई टिप्पणी नहीं की है। कोर्ट ने केवल पीआईएल को सुनवाई योग्य नहीं माना है। दरअसल, पीआईएल में मुख्यमंत्री द्वारा अनगड़ा में लिये गये खनन पट्टा लीज तथा शेल कंपनी मामले की सीबीआई तथा ईडी जांच की मांग की गई थी। कोर्ट ने इसे निरस्त कर दिया। वहीं, अवैध खनन और मनी लाउंड्रिंग केस राज्य की निलंबित खान सचिव पूजा सिंघल, मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश उर्फ पीपी तथा बच्चू यादव की गिरफ्तारियों से जुड़ा है। इसमें ईडी को कई ऐसी जानकारियां मिली हैं जो सीएम से जुड़ी हैं और संदिग्ध हैं। उस मामले में ईडी ने सीएम हेमंत सोरेन को समन किया है। यहां यह जानना भी जरूरी है कि सुप्रीम कोर्ट में क्या हुआ। अदालत ने कहा कि याचिका राजनीति से प्रेरित है। जो आरोप हैं, उसमें साक्ष्य नहीं है। ऐसे में अर्जी सुनवाई को स्वीकार नहीं की जा सकती। सीएम को खनन लीज और शेल कंपनियों में सीएम के करीबियों के निवेश की सीबीआई और ईडी जांच के लिए शिवशंकर शर्मा ने हाईकोर्ट में अर्जी दी थी। हाईकोर्ट ने इन्हें सुनवाई योग्य मानते हुए सुनवाई शुरू भी कर दी थी। इसके बाद सरकार और सीएम ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की । यही कारण है कि शीर्ष कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था और हाईकोर्ट में सुनवाई पर रोक लगा दी थी। दूसरा मामला जिसमें ईडी की जांच चल रही है वो साहिबगंज सहित संताल परगना के कुछ जिलों और राज्य के अन्य हिस्सों में अवैध खनन और मनी लाउंड्रिंग से जुड़ा है। ईडी ने अपने आधिकारिक बयान में कहा है कि राज्य में 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा का अवैध खनन हुआ है। यही कारण है कि फिर ईडी ने मुख्यमंत्री को समन किया है। उन्हें 3 नवंबर को पूछताछ के लिए हाजिर होने के लिए कहा गया था। मुख्यमंत्री व्यस्तता का हवाला देकर हाजिर नहीं हुए और पत्र लिखकर ईडी से 3 सप्ताह का समय मांगा। अब देखना है आने वाले दिनों में ईडी का रवैया सीएम के प्रति कैसा रहता है?

आज का इतिहास

1992 : बुल्गारिया ने बाल्कन के देश मैसिडोनिया को मान्यता दी।
2013 : सीरिया की अलेप्पो यूनिवर्सिटी में रॉकेट हमले में 83 लोगों की मौत तथा 150 लोग घायल।
2016 : पश्चिमी अफ्रीकी देश बुर्किना फासो में ऑगाडोगू के होटल में आतंकवादी हमले में 28 लोगों की मौत तथा 56 घायल।
1848 : कार्ल मार्क्स और फ्रेडरिक एंजेल्स ने कम्युनिस्ट घोषणापत्र प्रकाशित किया।
1878 : अमेरिका के कनेक्टिकट में पहली टेलीफोन डायरेक्टरी जारी की गयी।
2013 : सीरिया के इदलिब में बम धमाकों में 24 लोगों की मौत।
1759 : लंदन स्थित मोंटेगुवे हाउस में ब्रिटिश संग्रहालय की स्थापना हुई।
1784 : एशियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल की स्थापना।
1934 : बिहार में जबरदस्त भूकंप से करीब 20 हजार लोगों की मौत।
1949 : के एम करियप्पा भारतीय थल सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ बने। तब से 15 जनवरी को सेना दिवस के रूप में मनाया जाता है।
1965 : भारतीय खाद्य निगम की स्थापना।
1975 : पुर्तगाल ने अंगोला की आजादी के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1986 : थल सेना के प्रथम कमांडर इन चीफ के एम करियप्पा (सेवानिवृत्त) को फील्ड मार्शल की पदवी दी गई।
1988 : भारत के पूर्व गेंदबाज नरेंद्र हिरवानी ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुये वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने पहले टेस्ट मैच में ही 16 विकेट लिए।
1896 : महान कवि एवं लेखक सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला का जन्म।
1948 : स्वतंत्र भारत के संविधान का ड्राफ्ट संविधान सभा के अध्यक्ष को पेश किया गया।
1952 : पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान में बंगलादेश) स्थित ढाका विश्वविद्यालय में बंगाली भाषा को आधिकारिक भाषा का दर्जा देने के लिए प्रदर्शन किया गया।

आखिर हमने क्यों शुरू किया आरक्षण

> अपने देश में भेदभाव के चार आधार रहे हैं- लिंग भेद, जाति भेद, गरीबी-अमीरी और धर्म या धार्मिक बहुसंख्यक। आरक्षण की व्यवस्था इसीलिए की गई कि जो लोग पीछे हैं या जिन लोगों के पांवों में हमने परंपराओं की जंजीर बांध रखी थी, वह जंजीर राजनीतिक समानता पैदा करने से तो टूट गई, लेकिन आर्थिक व सामाजिक समानता के लिए उनमें नेतृत्व-निर्माण और क्षमता-विस्तार भी आवश्यक था। क्षमता-विस्तार के लिए शिक्षा के अधिकार की जरूरत थी, तो नेतृत्व-निर्माण के लिए आरक्षण की। आज यदि गरीबी का समाधान भी आरक्षण में खोजा जा रहा है।

सोमवार को अपने आदेश में सर्वोच्च अदालत ने गरीब सवर्णों को आरक्षण देने संबंधी कार्यपालिका के आदेश की वैधानिकता तय कर दी। मगर इस फैसले के कई पहलू ऐसे हैं, जिन पर स्थिति अब भी स्पष्ट नहीं है। चिंता की बात यह भी है कि आरक्षण को लेकर समाज का दृष्टिकोण तेजी से बदल रहा है और समाज विज्ञानियों के अलावा शायद ही कोई अन्य आरक्षण व्यवस्था का तार्किक, दार्शनिक और नैतिक आधार जानता है। हमारे मुल्क में जो सामाजिक व्यवस्था है, उसमें किसी भी अन्य देश की तरह कुछ ताकत के कारक हैं, तो कुछ दोष के। इन गड़बड़ियों को दूर करने की जिम्मेदारी आजादी के बाद की पीढ़ी की थी और इसके लिए संविधान नामक मार्गदर्शक दस्तावेज भी बनाया गया। इसमें उन वर्गों और समुदायों के लिए विशेष अवसर के प्रावधान किये गये, जिनको हम वंचित कहते हैं। अपने देश में भेदभाव के चार आधार रहे हैं- लिंग भेद, जाति भेद, गरीबी-अमीरी और धर्म या धार्मिक बहुसंख्यक। आरक्षण की व्यवस्था इसीलिए की गई कि जो लोग पीछे हैं या जिन लोगों के पांवों में हमने परंपराओं की जंजीर बांध रखी थी, वह जंजीर राजनीतिक समानता पैदा करने से तो टूट गई, लेकिन आर्थिक व सामाजिक समानता के लिए उनमें नेतृत्व-निर्माण और क्षमता-विस्तार भी आवश्यक था। क्षमता-विस्तार के लिए शिक्षा के अधिकार की जरूरत थी, तो नेतृत्व-निर्माण के लिए आरक्षण की। आज यदि गरीबी का समाधान भी आरक्षण में खोजा जा रहा है, तो यह संविधान की प्रतिकूल व्याख्या ही कही जायेगी। गरीबी दूर करने के लिए रोजगार के अधिकार की आवश्यकता है, आरक्षण की नहीं। फिर, आरक्षण की विडंबना है कि यह सिर्फ सरकारी क्षेत्र में लागू है और पिछले तीन दशकों से यह क्षेत्र सिमट रहा है एवं निजी क्षेत्र का विस्तार हो रहा है। यही कारण है कि आज आरक्षण के कारण हम नई पीढ़ी को ऐसा कागजी फूल दे रहे हैं, जो न रखने लायक है और न फेंकने लायक। जिनको आरक्षण मिला है, उनमें भी बेरोजगारी कमोबेश उतनी ही है, जितनी आरक्षण से वंचित तबके के बच्चों में। फिर भी, सवर्णों में आरक्षण को लेकर एक तनाव है, जबकि सच्चाई यह है कि देश में रोजगारहीन विकास का मॉडल खड़ा किया गया है, जिससे पार पाने का तरीका यही है कि हम आजीविका को बुनियादी अधिकार बनाये। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की पिछली केंद्र सरकार ने ग्रामीण भारत के लिए रोजगार की व्यवस्था करके इसका उपाय निकालने का प्रयास किया था, जिसके बाद भारत की राजसत्ता कम से कम गांवों में बेरोजगारों के साथ खड़ी दिखती है। पिछले दिनों नगरों में भी रोजगार की गारंटी देने वाली योजना की शुरूआत राजस्थान की सरकार ने की है, जिसका असर देर-सबेर अन्य प्रदेशों पर भी पड़ेगा, क्योंकि रोजगारहीन नागरिकता निरर्थक होती है। यही वजह है कि ईडब्ल्यूएस आरक्षण पर सर्वोच्च अदालत का ताजा फैसला विडंबनापूर्ण है। वैसे भी, आरक्षण की जो मर्यादा कुछ साल पहले नौ जजों की बेंच ने तय की थी, एक तरह से उस पर भी पांच जजों की पीठ ने निर्णय दिया है। यह समझना होगा कि 50 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था इसलिए नहीं की गई थी कि इसकी एक सीमा होनी चाहिए। ऐसा दरअसल इसलिए किया गया था कि यदि कुछ सक्षम लोग अपनी ज्ञान-शक्ति के आधार पर देश चलायेंगे, तो कुछ लोगों को विशेष अवसर देकर क्षमता-निर्माण का अवसर दिया जाना चाहिए। इस मर्यादा से मंडल आयोग के समर्थक अब तक नाराज हैं। तमिलनाडु ने भी अपने यहां जो व्यवस्था दी है, उसे अदालत को काफी पहले सुलझा लेना चाहिए था। ऐसा न करने के कारण और तय सीमा से अधिक आरक्षण की व्यवस्था तमिलनाडु की प्रतिभाओं को सिलिकॉन वैली पहुंचा चुकी है। जाहिर है, आरक्षण एक समाज वैज्ञानिक उपकरण है, जिसका इस्तेमाल अब राजनीति के माहिर खिलाड़ी करने लगे हैं। यहां मेरी मंशा न्यायमूर्तियों के विवेक पर सवाल उठाने की कतई नहीं है। वे सब गुणी हैं, पर यह सवाल भी गलत नहीं कि जिस मुद्दे पर नौ जजों की बेंच ने एक निर्देश जारी किया था।

■ आनंद कुमार

एक सफेद बाल

गुरु ठनठनलाल अपने चेले ढुलमुलदास को एक किस्सा सुना रहे थे। चेले से बोले - एक थे चिरकुट भैया। कल तक नंबर दो का धंधा करता थे। नंबर दो के धंधे में तीन-पाँच करना पड़ता है। तीन-पाँच करते-करते आज वे नंबर वन बन चुके हैं। भैया से दादा बनने के चक्कर में अनुभव का पोता कहीं पीछे न छूट जाए इसका पूरा ध्यान रखना पड़ता है। जिन चिरकुट भैया को कल तक कोई नहीं पूछता था आज उनसे पूछे बिना कोई किसी काम को हाथ नहीं लगाता था। सब समय का फेर है, न जाने कब तक उजाला और कब तक अँधेर है। राजनीति नंबर वन को कभी पसंद नहीं करती। उसे नंबर दो वाले ही अच्छे लगते हैं। नंबर वन वालों से यह परेशानी होती है कि उन पर न जाने कब नैतिकता का दौरा आ जाए। नंबर दो वाले अपने स्टेटस को बनाये रखने के लिए हमेशा 'दो-दो' करते रहते हैं। लो-लो कहना इनकी फितरत पर वज्रपात करने के समान होता है। चिरकुट भैया नंबर दो का धंधा पर्दे के पीछे करते थे। पर्दे के आगे करने के लिए विधायक बन गये। उनकी विधायकी ने नंबर दो के धंधे को पवित्रता का पर्याय बना दिया। अब वे सब खुल्लम-खुल्ला करने लगे। धंधे को बढ़ाने के चक्कर में बाल कब सफेद पड़ गये पता ही नहीं चला। सफेद बालों को देखकर कोई चूना न लग दे उसके लिए बालों को काला रखना बहुत जरूरी होता है। नेताओं की बेशर्म बालों वाली खेती को नेस्तनाबूद करने लिए ऐसे नाई की हाजिरी लगाई गई जिसे देखकर बाल-बाल बचने वाले भी काले बालों से बच नहीं पाए। नाई रंगरेजों की तरह दीवार रंगने में विश्वास नहीं रखता था। उसे तो सफेदी का चूना हटाकर कोयले की कालिख पोतनी है। उसने काले चरित्र को याद कर ऐसा पोता कि विधायक देखकर दंग रह गये। तभी अचानक उन्हें एक सफेद बाल दिखाई दिया। नाई को लगा कि अब तो उसकी शामत निश्चित है। अह बचे तो बचे कैसे? विधायक गुस्से में इंद्रधुषी रंग में रंगे जा रहे थे। एक बाल के सफेद रह जाने का कारण बताते हुए नाई ने कहा - विधायक साहब! आप के सभी बाल काले हैं। सभी को जड़ से काला तो कर दिया था लेकिन यही वह बाल है जो हद से ज्यादा सिर उठाने की कोशिश कर रहा था। एक जंगल में दो राजा और एक बदन पर दो घमंडी कतई नहीं रह सकते। इसीलिए इस सफेद बाल उखाड़ फेंकने में ही भलाई है।

■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
मो. नं. 73 8657 8657

चुनौती बनती महंगाई

फिर भी यह आर्थिक चिंता का सबब इसलिए है क्योंकि महंगाई खुद ब खुद नियंत्रण में नहीं आती है और जब इसे नियंत्रित करने के प्रयास किये जाते हैं तो उससे आर्थिक विकास प्रभावित होता है। आरबीआइ लंबे समय से महंगाई दर को काबू करने में लगा है। इस दिशा में अब तक के प्रयासों व नतीजों को लेकर मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) जल्द ही सरकार को अपनी रिपोर्ट देने की तैयारी में है। बीते दिनों रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इस बात को माना कि महंगाई को नियंत्रित करना मुश्किल काम है क्योंकि इसके साथ ही आर्थिक वृद्धि दर का भी ध्यान रखना होता है। उन्होंने महंगाई और आर्थिक वृद्धि दर की तुलना महाभारत में अर्जुन द्वारा मछली की आंख पर निशाना लगाने जैसी स्थिति से की, जब अर्जुन को नीचे पानी में मछली की परछाई को देख कर ऊपर उसकी आंख पर निशाना लगाना था। इस बात से यह बिल्कुल स्पष्ट है कि भारत का केंद्रीय बैंक बढ़ती महंगाई से परेशान है, क्योंकि इसका असर आर्थिक विकास दर पर भी पड़ रहा है। हालांकि आरबीआइ ने इस आर्थिक संकट का पूर्वानुमान व्यक्त करते हुए चालू वित्त वर्ष में अब तक चार बार रेपो दर बढ़ाई है, ताकि तरलता को कम किया जा सके। वर्तमान समय में रेपो दर 5.90 प्रतिशत है। अरसे बाद रेपो रेट इतनी ज्यादा है। यह भी संभव है कि भारतीय उपभोक्ताओं को आर्थिक निवेश के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए आने वाले कुछ समय में बैंकों की ब्याज दरों में भी बढ़ोतरी देखने को मिले। ब्याज दर में बढ़ोतरी के माध्यम से अमेरिकन फेड द्वारा लगातार की जा रही ब्याज दर में वृद्धि को भी साधा जा सकता है क्योंकि भारतीय रुपया लगातार कमजोर होता जा रहा है और नतीजतन भारत का आयात बिल बढ़ रहा है जो महंगाई बढ़ाने का एक प्रत्यक्ष कारण है। गौरतलब है कि वर्ष 2016 से भारतीय अर्थव्यवस्था में महंगाई की दर को पूवार्नुमानित करना और उसे एक आर्थिक संकट न बनने देने के लिए आरबीआइ अधिनियम में परिवर्तन करके 'मौद्रिक नीति समिति' का गठन किया गया था और इसके माध्यम से रिजर्व बैंक को और सशक्त बनाया गया। इससे पूर्व केंद्रीय बैंक महंगाई के पूवार्नुमान और उसके नियंत्रण के संबंध में इतना खुल कर कार्य नहीं करता रहा था। इस मौद्रिक नीति समिति की स्थापना के प्रावधानों में इस बात का जिक्र है कि आरबीआइ को भारत में महंगाई दर चार प्रतिशत पर नियंत्रित रखना है। हालांकि विभिन्न वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिस्थितियों के चलते इस दर में दो प्रतिशत की कमी या वृद्धि को स्वीकार किया जा सकता है, यानी महंगाई दर दो से छह फीसद के बीच ही रहनी चाहिए। इसमें कोई दो राय नहीं कि मौद्रिक नीति समिति के गठन के बाद से रिजर्व बैंक ने महंगाई को नियंत्रित करने को लेकर संतोषजनक काम किया है। आंकड़े इस बात के गवाह हैं कि अक्तूबर 2016 से दिसंबर 2019 तक भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर महंगाई की दर चार प्रतिशत से कम रही है, लेकिन उसके बाद से लेकर अब तक महंगाई दर लगातार बढ़ती रही है। हालांकि इसमें कोरोना महामारी का कठिन समय भी शामिल रहा है। अब काफी समय से भारत में महंगाई दर सात प्रतिशत से अधिक है। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि विकसित मुल्कों की तुलना में भारत में अभी भी महंगाई की दर नियंत्रण में है और इससे आर्थिक संकट का अंदेशा नहीं है। फिर भी यह आर्थिक चिंता का सबब इसलिए है क्योंकि महंगाई खुद ब खुद नियंत्रण में नहीं आती है और जब इसे नियंत्रित करने के प्रयास किये जाते हैं तो उससे आर्थिक विकास प्रभावित होता है। भारत के लिए यह स्थिति बहुत नकारात्मक है क्योंकि इससे भारत की बढ़ती आर्थिक विकास दर के सटीक पूवार्नुमानों पर एक प्रश्न चिन्ह खड़ा हो जायेगा। मौद्रिक नीति समिति के गठन की आवश्यकता इसलिए भी रही थी क्योंकि बीते वर्षों में भारत में महंगाई की दर दो अंकों में चली गई थी। इस संदर्भ में सरकार व सभी आर्थिक विशेषज्ञों ने इस बात को समझा कि भारत में भी विकसित मुल्कों के जैसे महंगाई दर को एक निश्चित स्तर पर नियंत्रित करना अत्यंत आवश्यक हो गया है। इसी संदर्भ में 2016 के आरबीआइ अधिनियम के संशोधनों में इस बात का जिक्र भी किया गया कि अगर किसी भी वित्तीय वर्ष में लगातार तीन तिमाहियों तक महंगाई दर अपने निर्धारित स्तर से ऊपर चली जाती है तो मौद्रिक नीति समिति को इस पक्ष पर अपना एक आर्थिक विश्लेषण और रिपोर्ट भारत सरकार को प्रस्तुत करनी होगी। ज्ञात रहे कि वर्तमान समय में लगातार पिछली तीन तिमाहियों में महंगाई की दर सात प्रतिशत के आंकड़े से ऊपर रही है और शायद इसी कारण अब आरबीआइ में घबराहट पैदा हुई है। महंगाई क्यों नहीं रुक पा रही है, यह आरबीआइ को सरकार को बताना होगा। यहां यह गौर करना भी जरूरी है कि कोरोना महामारी के बाद से दुनिया के सभी बड़े विकसित देश महंगाई की मार से जूझ रहे हैं। अभी बीते दिनों इंग्लैंड के प्रधानमंत्री का इस्तीफा भी आर्थिक मुद्दों पर ही हुआ। अमेरिका में भी महंगाई ने पिछले पचास वर्षों के रेकार्ड तोड़ डाले हैं। इसी कारण अमेरिकी फेड लगातार ब्याज दरें बढ़ा रहा है ताकि डॉलर अधिक मजबूत हो सके और अमेरिकी निवेशक और अधिक प्रोत्साहित हों। अन्य विकसित मुल्कों जिनमें अर्जेंटीना, नीदरलैंड, रूस, इटली, जर्मनी में महंगाई दर दस प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है।

■ परमजीत सिंह वोहरा

धर्म दर्शन

श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

अथ प्रथमोऽध्यायः

चित्ररूप बोला- [हे द्वारपालो] तुमलोग शीघ्र ही भगवान विष्णुको सूचित कर दो कि शूलपाणि शिवद्वारा भेजा गया उनका दूत यहाँ आया है ॥ 9 ॥

उसकी बात सुनकर परम बुद्धिमान जय श्रीहरिके पास जाकर उन्हें प्रणाम करके दोनों हाथ जोड़कर बोला- हे देवदेव! हे रमाकान्त! हे करुणाकर। हे केशव। भगवान शंकरका दूत आया हुआ है; वह द्वारपर खड़ा है। है गरुडध्वज। आप आदेश दीजिये. कि उसे प्रवेश कराया जाय अथवा नहीं। उसका नाम चित्ररूप है। मैं उसके आनेका प्रयोजन नहीं जानता ॥ 10-12 ॥

ऐसा सुनकर दूतके आनेका कारण पहलेसे ही जाननेवाले भगवान विष्णुने जयसे कहा-द्वारपर रुके हुए शंकरके भृत्यको यहाँ ले आओ ॥ 13 ॥

यह सुनकर शीघ्रतापूर्वक जाकर 'अंदर आइये' - ऐसा उस शंकरसेवक परम अद्भुत चित्ररूपसे जयने कहा ॥ 14 ॥

विनयसे युक्त तथा विचित्र रूप धारण करनेवाले उस शम्भुसेवकको देखकर गरुडध्वज भगवान विष्णु विस्मयमें पड़ गये ॥ 15-16 ॥

तुम यहाँ किसलिये भेजे गये हो, शंकरजीका कौन-सा कार्य है अथवा देवताओंका कोई काम तो नहीं आ पड़ा, मुझे बताओ ॥ 17-18 ॥

दूत बोला- हे गरुडध्वज ! हे त्रिकालज्ञ ! इस संसारकी कौन-सी बात आपको विदित नहीं है; तथापि इस समय जो बात है, उसे आपसे कह रहा हूँ ॥ 19 ॥

हे जनार्दन ! उस बातको बतानेके लिये मैं शंकरजीके द्वारा यहाँ भेजा गया हूँ। हे प्रभो! शिवजीके कहे गये शब्दोंमें मैं आपसे कह रहा हूँ ॥ 20 ॥

हे देवेश। उन्होंने कहा है कि 'हे वि आपकी भाय लक्ष्मीजी यमुना और तमसा नदीके संगमपर तपस्या कर रही है ॥ 21 ॥

देवगण, मानव, यक्ष तथा किन्नकद्वारा आराधना योग्य एवं समस्त मनोरथ पूर्ण करनेवाली ये देवी घोड़ा रूप धारण किये हैं ॥ 22 ॥

उन देवीके बिना इस जगत्का कोई भी प्राणी सुखी नहीं रह सकता। हे पुण्डरीकाक्ष हे हरे। उनका परित्याग करके आप कौन-सा सुख प्राप्त कर रहे हैं? ॥ 23 ॥

हे जगत्पते! दुर्बल तथा निर्धन व्यक्ति भी अपनी भायाकी रक्षा करता है। तब है विभो ! आपने बिना अपराधके ही उन जगदीश्वरीका त्याग क्यों कर दिया। है? ॥ 24 ॥

हे जगद्गुरो। जिसकी भार्या संसारमें दुःख प्राप्त करती है, उसके जीवनको धिक्कार है। ऐसा व्यक्ति शत्रुसमुदायमें निन्दित होता है ॥ 25 ॥

- क्रमशः

संपादक के नाम पाठकों की पाती

फुटपाथ की दुकानें स्थायी हो

हर में कई जगहों पर विशेष नाम से पहचान है। यहां पर स्थायी दुकानें नहीं,बल्कि फुटपाथ पर ही दुकानें लगती है। जैसे। घासपट्टी,घड़ा पट्टी,लोहा पट्टी, दौरी पट्टी, गुड़ पट्टी, बताशा पट्टी इत्यादि इन सब की दुकानें एक आध को छोड़ दें, तो सभी सड़क पर ही लगती है। इन दुकानों को एक जगह अगर व्यव्यस्थित तरीके से लगाने की व्यवस्था अगर नगर निगम करें,तो बरसात व अन्य मौसम में इन्हें सामग्री बेचने में सुविधा होगी। साथ ही इनके खरीदार भी आसानी से यहां पहुंचकर अपनी पंसद की सामग्री खरीद सकते हैं। इन सभी की दुकानें बरसात के समय में हटा ली जाती है। वहीं अभी अतिक्रमण के द्वारा सब्जी विकेताओं को रोड से हटा दिया गया। जिससे सब्जी विक्रेताओं की बिक्री प्रभावित हुई है। कोरोना काल में भी सब्जी विक्रेताओं को शिवजी मैंदान में रखा गया था। लेकिन शहर से दूर होने के कारण लोगों को सब्जी खरीदने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। मै लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से नगर निगम का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ कि इन सब्जी विक्रेताओं के लिए स्थायी समाधान निकाला जाय और इन्हे स्थायी रूप से दुकान दिया जाय। ताकि शहर का विकास हो सब्जी बाजार को दुसरे जगहों पर शिफ्ट होने से शहर का विकास होगा। इस तरह दुकानों को एक जगह स्थायीरूप दुकान दिया जाये, जिससे की वे हर मौसम में अपनी सामग्री बेच सकें और इससे ग्राहकों को भी सुविधा होगी।

■ केदार प्रसाद, मेदिनीनगर।

बहुत जरूरी है कि इन जहरीली हवाओं पर हमें शर्म आये

यह साल का वह समय है, जब जहरीली धुंध राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अमीरों और साथ-सुथरे लोगों के चेहरों को देखना मुश्किल बना देती है। फिर भी, वे यहां रहने के लिए अभिशप्त दिखते हैं। हर नवंबर में वे विदेश में कहीं नागरिकता लेने या गोवा में घर खरीदने पर विचार करते हैं। ऐसा करते हुए वे परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से अपने उन साथियों या परिजनों का तिरस्कार करते हैं, जो पेशेवर कारणों से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में फंसे हुए हैं। ऐसे लोग दिल्ली में रहने के लिए हर साल लाखों रुपये खर्च करते हैं। अपने विशाल घर, बच्चों के स्कूल, क्लब, कारों और रेस्तरां पर वे खर्च करते हैं, उनकी खर्च का एक बड़ा हिस्सा केवल इसलिए होता है, ताकि असली भारत को वे खुद से दूर रख सकें। फिर भी, वास्तविक भारत को उनके आलीशान गढ़ों से बाहर रखना मुश्किल है। खासकर जब मौसमी हवा का पैटर्न यह सुनिश्चित करता है कि उत्तर भारत के वाहनों, कृषि व औद्योगिक प्रदूषण बहकर दूर न जाए और लाखों लोगों के फेफड़ों को जहरीले तत्वों से भर दे, जिससे शरीर को कई तरह की अपूरणीय क्षति पहुंचे। वास्तव में, भारतीय राजनीति का हर अहम पहलू धुंध में योगदान देता है, जिसमें आम आदमी पार्टी भी शामिल है, जो प्रदूषण फैलाने वाले किसानों को लाड़-प्यार के माध्यम से यह दर्शाती है कि उसका वादा केवल स्वच्छ सरकार था, स्वच्छ हवा नहीं। नतीजतन, उत्तर भारत में सर्दियों की हवा को साफ करने का तरीका लोकतांत्रिक प्रक्रिया से बाहर हो गया है। मगर कैसे? पिछले साल, वायु गुणवत्ता के बारे में बहुत विलाप किया गया था; समितियों का गठन किया गया और राजनेताओं व नौकरशाहों द्वारा अच्छी-अच्छी बातें कही गईं। जाहिर है, कुछ भी काम नहीं किया गया। इस साल पंजाब में पराली जलाने की घटनाएं बढ़ी हैं। जिन्हें अक्सर पवित्र प्राणी माना जाता है और अक्सर अन्नदाता कहा जाता है, उन्होंने खेतों में आग के खिलाफ सरकारी कार्रवाई का कामयाबी से विरोध किया है। वे पराली से निपटने के साफ-सुथरे तरीकों को अपनाने के लिए मुआवजे की मांग कर रहे हैं। तब तक प्रदूषण गला घोंटता रहेगा। दूसरी ओर, सत्तारूढ़ भाजपा के भक्तों ने ऐसा आभास कराया है कि पराली जलाना ही वह कारण है, जिससे दिल्ली का दम घुट रहा है। यह सच नहीं है। प्रदूषण भारतीय जीवन के कई पहलुओं का संयुक्त परिणाम है। कुछ साल पहले बीजिंग पृथ्वी पर सबसे प्रदूषित स्थानों में से एक बन गया था, पर अब दिल्ली की तुलना में अधिक स्वच्छ है। ऐसा कैसे है, चीन की सरकार, जिसे निरंकुश कहा जाता है, भारत की तुलना में अधिक मानवीय है? मुद्दा यह है कि यहां राजनीतिक अक्षमता लोकतंत्र द्वारा संरक्षित है। औसत भारतीय मतदाता हवा की गुणवत्ता की बिल्कुल परवाह नहीं करता है। हमारे नेता जानते हैं कि भारत में चुनाव वायु गुणवत्ता से तय नहीं होते हैं। जो भी हो, उनके लिए यह एक मौसमी घटना है, और आम लोग धुंध के छंटते ही प्रदूषण को भूल जाते हैं। बहरहाल, हम अक्सर कोसते हैं कि हमारा शासन कितना खराब है; पर रोचक सवाल यह है कि फिर भी हमारे आसपास अच्छी चीजें क्यों होती हैं? मैं तीन तरीके देखता हूं, जिससे उत्तर भारत सर्दियों में होने वाले प्रदूषण का समाधान कर सकता है। इनमें से किसी से भी मानव हित को कोई असुविधा नहीं होगी, लेकिन इनमें से प्रत्येक को राजनेताओं के सहयोग की जरूरत पड़ेगी। एक, बुजुर्गों का अपना हित। बूढ़े लोग सबसे ज्यादा जोखिम में होते हैं। वे प्रभावशाली भी होते हैं। बुजुर्ग नेताओं को अगर प्रेरित किया जाए, तो समस्या को हल करने की इच्छाशक्ति मिल सकती है। दूसरा, दूरदर्शी व प्रभावशाली राजनेता, जो यह महसूस करते हैं कि एक रहने योग्य समृद्ध देश में राजनेता कई गुना अधिक लाभ या पैसे जुटा सकते हैं। सुरक्षित और समृद्ध भविष्य के प्रति सजग ऐसे नेता, जीवन स्तर में सुधार के लिए आक्रामक भी हो सकते हैं। तीसरा, शर्म का राष्ट्रवाद। ऐतिहासिक रूप से, राष्ट्रवाद गर्व के रूप में शुरू होता है। यहां जो लोग ऊंचे दांव लगाते हैं या बड़े सपने देखते हैं, वे अपनी खामियों पर बहुत शर्मिंदा भी महसूस करते हैं। शर्म बुद्धि का ही एक रूप है, और मैं चाहता हूं कि शर्म आए। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

■ मनु जोसेफ

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

काशी में जल आधारित यातायात बढ़ने से युवाओं को मिलेगा रोजगार : योगी

वाराणसी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय मंत्री सबानंद सोनोवाल के साथ गंगा नदी में जल आधारित यातायात को सुगम बनाने के लिए यहां रविदास घाट से सात सामुदायिक जेटी का उद्घाटन किया। इसमें वाराणसी में तीन, चंदौली में एक, गाजीपुर में एक और बलिया में सामुदायिक जेटी शामिल हैं। भारतीय अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण की ओर से रविदास घाट पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने आठ नयी बनने वाली जेटी का शिलान्यास भी किया। साथ ही उन्होंने वाराणसी एवं डिब्रूगढ़ के बीच जनवरी 2023 से चलने वाले अंतरा क्रूज के समय सारिणी का विमोचन किया। इसके अलावा हाइड्रोजन एवं इलेक्ट्रिक कैटामेरन के लिए अनुबंध पत्र का हस्तांतरण किया गया। श्री योगी ने कहा कि गंगा नदी में जल यातायात बढ़ने से ना सिर्फ किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर भी सृजित होंगे। साथ ही वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट को बड़े स्तर पर अंतरराष्ट्रीय बाजार मिलेगा, जिससे हस्तशिल्पी, किसान और कारीगरों की आमदनी बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री ने जिन सामुदायिक जेटी का उद्घाटन किया उनमें वाराणसी में रविदास घाट, रामनगर और कैथी, चंदौली में बलुआ, गाजीपुर में कलेक्टर घाट, बलिया में उजियार घाट बरौली और शिवपुर शामिल हैं।

गौरतलब है कि वाराणसी से लेकर कोलकाता के बीच कुल 60 जेटी बनाए जाने हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दो साल पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काशी को इनलैंड वाटरवे का उपहार दिया था। अब पूर्वांचल के चार जिलों बनारस, गाजीपुर, चंदौली और बलिया में जेटी के माध्यम से जल यातायात को सुविधाजनक बनाया जा सकेगा। इससे प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर और बलिया में आज सात जेटी का उद्घाटन किया गया है और आठ अन्य जेटी नये बनाये जाने हैं। ये आने वाले समय में काशी सहित पूरे पूर्वांचल, प्रयागराज, सोनभद्र और मिजार्पुर में पर्यटन की संभावना को आगे बढ़ाएंगे। साथ ही इनसे यातायात को सुगम बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि जल परिवहन से ट्रेन और सड़कों के लोड को कम करने के साथ ही प्रदूषण को भी नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। आज काशी नगरी ऐसे ही अनेक लाभों का केंद्रबिंदु बनकर उभरी है।

उन्होने कहा कि यूपी हमेशा इस बात के लिए परेशान होता था कि हमारा लैंडलॉक है। उत्तर प्रदेश चारों तरफ से जमीन से जुड़ा था, इसलिए हमारा उत्पाद जबतक बंदरगाहों तक पहुंचता था तबतक उसकी लागत ज्यादा हो जाती थी। इस कारण अन्तरराष्ट्रीय बाजार की प्रतिस्पर्धा में हमारे उत्पाद टिक नहीं पाते थे। उत्तर प्रदेश से चीनी, सब्जी, फल, मिर्च आदि एक्सपोर्ट करने में बहुत समस्या होती थी। उत्तर प्रदेश के पास आज 90 लाख से ज्यादा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमी हैं, लेकिन उनके उत्पादों को हम दुनिया में पहुंचाने में इसलिए विफल होते थे क्योंकि उसे बंदरगाहों तक पहुंचने में काफी समय और ज्यादा लागत आती थी। मुख्यमत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री ने दो साल पहले जल परिवहन का पहला मार्ग वाराणसी से हल्दिया तक दिया। परिणाम ये रहा कि 2021-22 में ही हमने अकेले वाराणसी से 3700 करोड़ रुपए के ओडीओपी के सामानों को एक्सपोर्ट किया। इससे वाराणसी सहित भदोही, मिजापुर, सोनभद्र, गाजीपुर, चंदौली और प्रयागराज के ओडीओपी से जुड़े किसान, शिल्पकार और कारीगरों को काफी मदद मिली। ना सिर्फ उनका मुनाफा बढ़ा बल्कि रोजगार के नये अवसर भी सृजित हुए।

उन्होने कहा कि अंतरदेशीय जल परिवहन के क्षेत्र में अनंत संभावनाएं हैं। आज काशी विश्वनाथ धाम बनने से बनारस में पर्यटकों की संख्या में अप्रत्याशित तौर पर बढ़ोतरी हुई है। हम सबने देखा है कि सावन में एक करोड़ पर्यटक वाराणसी पहुंचे, इसके अलावा देव दीपावली पर भी बनारस के होटल, टैक्सी, रेस्टोरेंट से लेकर सामान्य व्यापरियों तक को लाभ हुआ है। इनलैंड वाटरवे प्रारंभ होने से वाराणसी के साथ ही विंध्यवासिनी धाम, प्रयागराज, सोनभद्र, चंदौली और मिजार्पुर में पर्यटकों के आने के लिए सुगम यातायात का नया मार्ग तैयार हो रहा है।

संतों की विशिष्ट परंपरा से आते हैं ब्रह्मलीन सतुआ बाबा : मुख्यमंत्री

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को ब्रह्मलीन श्री सतुआ बाबा की 10वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की और षष्ठम सतुआ बाबा को स्मरण करते हुए उन्हें लोक कल्याणकारी और धार्मिक जागरण कार्यक्रमों का ध्वजवाहक बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संतों का पूरा जीवन लोक कल्याण के लिए समर्पित होता है। मानवता, जीवमात्र और चराचर जगत के कल्याण के लिए समर्पित संतों की यही परंपरा उन्हें शेष समाज से अलग करती है। सतुआ बाबा की परंपरा संत समाज की विशिष्ट परंपरा है। षष्ठम पूज्य स्वामी यमुनाचार्य महाराज सतुआ बाबा का प्रादुर्भाव काशी में हुआ और उन्होंने लोक कल्याण के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया। उन्होने कहा कि किसी भी व्यक्तित्व की पहचान उसके कृतित्व के आधार पर बनती है। काशी की धरती बहुत विशिष्ट है। इस भूमि को बाबा विश्वनाथ की कृपा, काल भैरव का संरक्षण और मां गंगा का आशीर्वाद मिला है। जो यहां जिस भाव से आया उसे उस भाव की प्राप्ति हुई। काशी में दिये गये भगवान बुद्ध के ज्ञान और उपदेश को पूरी दुनिया में अमरता प्राप्त हुई। जो भी काशी आया उसे एक नई उंचाई मिली। ऐसे ही पूज्य संतों की विशिष्ट परंपरा में सतुआ बाबा भी थे।

न्यूज गैलरी

उम्मीद है कि केन्द्र से मिले राशि का सदुपयोग करेगी बिहार सरकार : गिरिराज सिंह

बेगूसराय (एजेंसी)। केन्द्र सरकार द्वारा कर हस्तांतरण में बिहार को 11 हजार करोड़ से अधिक राशि दिए जाने पर केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। गिरिराज सिंह ने कहा है कि केन्द्र सरकार ने राज्य सरकारों को कर हस्तांतरण की दो किस्तें जारी की हैं। सामान्य मासिक हस्तांतरण 58 हजार 333 करोड़ रुपये के मुकाबले कल एक लाख 16 हजार 665 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को धन्यवाद। कर हस्तांतरण की दो किस्तें 11 हजार 734 करोड़ रुपये के साथ बिहार दूसरे पायदान पर है। उम्मीद है कि बिहार सरकार इस पैसे का सदुपयोग करेगी। जारी की गई यह राशि भारत सरकार की अपनी पूंजी और विकासात्मक व्यय में तेजी लाने के लिए राज्यों के हाथों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

सृजन घोटाला, कलिंगा सेल्स दुकान पर बैंक ने चिपकाया नीलामी का नोटिस

भागलपुर (एजेंसी)। भागलपुर के कचहरी चौक स्थित कलिंगा सेल्स दुकान पर शुक्रवार को बैंक ऑफ बड़ौदा के द्वारा नीलामी का नोटिस चिपकाया गया। कलिंगा सेल्स के मालिक एन वी राजू के द्वारा बैंक से लोन लिया गया था और उसे उन्होंने नहीं चुकाया। इसको लेकर बैंक के द्वारा कई बार नोटिस दिया गया और फिर मामला कोर्ट में चला। जिस पर वह पेश नहीं हुए। जिसके बाद कोर्ट ने नीलामी का आदेश जारी कर दिया। नीलामी 29 नवंबर को की जाएगी। जिसको लेकर प्रतिष्ठान में नोटिस चिपका दिया गया है। बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिवक्ता केशव कुमार झा ने बताया कि एन वी राजू उड़ीसा का रहने वाला है। इनके सृजन घोटाले में भी संलिप्त होने की बात सामने आई थी। उल्लेखनीय हो कि बैंक ऑफ बड़ौदा से 6972000 रुपया का लोन इन्होंने लिया था। वही 3 प्रॉपर्टी मोर्गेज में से दो प्रॉपर्टी बिक चुका है और एक प्रॉपर्टी बची हुई है। जिस पर कार्रवाई की जा रही है।

पिपरा कोठी में बस की चपेट में आने से युवक की मौत, लोगों ने किया सड़क जाम

मोतिहारी (एजेंसी)। जिले में पिपराकोठी थाना क्षेत्र के राजमार्ग 28 पर जवाहर नवोदय विद्यालय के गेट के समीप बस की चपेट में आने से एक युवक की मौत घटना स्थल पर ही हो गई है। घटना शुक्रवार सुबह की है। मृतक युवक की पहचान उत्तर प्रदेश के कुशीनगर के बटेरवा थाना क्षेत्र के माधोपुर निवासी रोज महम्मद अंसारी का 20 वर्षीय पुत्र नसरुद्दीन मोहम्मद अंसारी के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि उक्त युवक पटना के तरफ आ रही बस से पिपराकोठी मे जवाहर नवोदय विद्यालय के समीप उतर ही रहा था,कि पीछे से आ रही बस के चपेट में आ गया और उसकी दर्दनाक मौत घटना स्थल पर ही हो गई।बस की चपेट में आने के बाद बस का चालक बस को लेकर फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने राजमार्ग को जाम कर दिया। बाद में स्थानीय जन प्रतिनिधि रितज गुप्ता व स्थानीय पुलिस प्रशासन की पहल पर जाम को समाप्त कराया गया। जाम के कारण वाहनों की लंबी कतारें खड़ी रही। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मोतिहारी भेज दिया है।

फारबिसगंज पुलिस ने शहर में चलाया बाइक चेकिंग अभियान

अररिया (एजेंसी)। जिले के फारबिसगंज में लगातार बढ़ रही अपराध और अपराधिक वारदातों को लेकर थाना पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें दर्जनों बिना हेलमेट और कागजात के बाइक सवारों को पकड़ कर उनसे जुमार्ने की राशि वसूल की गई। फारबिसगंज थाना में पदस्थापित पीएसआई राजनंदनी और जुली कुमारी ने पुलिस बलों के साथ सुभाष चौक पर बाइक चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान अचानक चले बाइक चेकिंग अभियान से बिना कागजात और हेलमेट के बाइक चलाने वालों में हड़कंप मच गया। पुलिस की वाहन चेकिंग से बचने के लिए कई बाइक सवार रास्ता बदलने को मजबूर हुए। उल्लेखनीय है कि विगत कुछ माह के दौरान फारबिसगंज में दिनदहाड़े छिनतई,चेन स्नेचिंग सहित अन्य आपराधिक वारदातों में काफी इजाफा हुआ है और फारबिसगंज थाना की पुलिस और उनकी पुलिसिंग को लेकर लगातार सवाल खड़े होते रहे। अपराध और आपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से ही पुलिस की ओर से अचानक सुभाष चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया और इस तरह के अभियान के लगातार चलते रहने की बात कही गयी।

अणुव्रत मंडल को नहीं मिली जमानत, 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजे गये

कोलकाता (एजेंसी)। गो तस्करी मामले में गिरफ्तार बीरभूम जिले के बाहुबली तृणमूल नेता अणुव्रत मंडल को फिलहाल जेल में रही रहना होगा। शुक्रवार को एक बार फिर आसनसोल की विशेष सीबीआई कोर्ट ने उन्हें जमानत देने से इनकार करते हुए 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान केंद्रीय एजेंसी के अधिवक्ता ने सत्तारूढ़ पार्टी के नेता और ममता कैबिनेट में मंत्री फिरहाद हकीम के एक बयान का उल्लेख किया जिसमें उन्होंने कहा था कि अणुव्रत मंडल बाघ हैं और जैसे ही वह बाहर निकलेंगे, उसके बाद जंगल में फिर हंगामा शुरू होगा। अधिवक्ता ने कहा कि मंडल काफी प्रभावशाली व्यक्ति हैं और उन्हें जमानत देने का मतलब है, साक्ष्यों को प्रभावित करना। इसलिए उन्हें किसी भी सूरत में जमानत नहीं मिलनी चाहिए। दूसरी ओर अणुव्रत के अधिवक्ता ने कहा कि अभी तक इस बात के कोई प्रमाण नहीं है कि अणुव्रत मंडल मवेशी तस्करी मामले में शामिल थे। अब रुपये के लेनदेन की जांच होने लगी है और मवेशी तस्करी का मामला पीछे चला गया है। केंद्रीय एजेंसी के दावे से विपरीत काम हो रहा है, इसलिए उन्हें जेल में रखने की कोई जरूरत नहीं है। मंडल के अधिवक्ता ने कहा कि पिछले 92 दिनों से वह जेल में हैं। उनकी सेहत भी ठीक नहीं रह रही है इसलिये उन्हें जमानत दी जाए।

दूसरी तरफ सीबीआई के अधिवक्ता कालीचरण मिश्र ने कहा कि इस मामले में जो लोग गवाह हैं, उन्हें लगातार धमकियां मिल रही है। सत्तारूढ़ पार्टी के मंत्री कहते हैं कि अणुव्रत मंडल बाघ हैं। ऐसे में उन्हें जमानत बिल्कुल नहीं मिलनी चाहिए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने उन्हें अगले 14 दिनों तक न्यायिक हिरासत में रखने का निर्देश दिया।

शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार : परेश व अंकित से ईडी ने की पूछताछ

पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री परेश चंद्र अधिकारी और उनकी बेटी अंकिता से शुक्रवार को एक बार फिर ईडी के अधिकारियों ने पूछताछ की है। पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री परेश चंद्र अधिकारी और उनकी बेटी अंकिता शुक्रवार सुबह सीजीओ कंप्लेक्स स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। परेश अधिकारी से पहले भी कई बार ईडी अधिकारी पूछताछ कर चुके हैं, लेकिन यह पहली बार है, जब अंकिता जांचकर्ताओं का सामना करेंगी। मेखलीगंज से विधायक परेश अधिकारी से पहले सीबीआई ने मई में चार दिन तक पूछताछ की थी। अब ईडी ने उन्हें दूसरी बार तलब किया। उल्लेखनीय है कि परेश चंद्र अधिकारी ने अपनी बेटी को ही गैरकानूनी तरीके से शिक्षक की नौकरी दी थी, जिन्हें हाई कोर्ट के आदेश के बाद नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया। इसके अलावा राज्य सरकार से मिला वेतन भी वापस ले लिया गया है। अब ईडी यह जानना चाहती है कि आखिर गैरकानूनी तरीके से अंकिता को नियुक्त करने में कौन-कौन से लोग शामिल रहे हैं।

राष्ट्रपति स्कूल व छात्रावास का दौरा करने पर हुई भावुक

भुवनेश्वर (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को गर्ल्स हाई स्कूल यूनिट दो का दौरा करने पर बहुत खुश एवं भावुक हो गई जहां उन्होंने 1970 से 1974 तक कक्षा आठ से ग्यारहवी कक्षा तक की पढ़ाई की। राष्ट्रपति ने कुतंला कुमारी सबत आदिवासी छात्रावास के उस कमरे का भी दौरा किया जहां वह स्कूली शिक्षा के दौरान रुकी थी। वह कमरे में लकड़ी के बिस्तर पर भी बैठी और अपने स्कूल के दिनों को याद किया। छात्रावास के इस कमरे को स्कूल अधिकारियों ने नया रुप दिया। राष्ट्रपति कमरे में अपने सहपाठियों के साथ लगी अपनी तस्वीर को देखकर खुश हुई। उन्होंने अपने तेरह सहपाठियों के साथ कुछ समय बातचीत की और उनके साथ तस्वीरें खिंचवाई और उन्हें राजभवन आमंत्रित किया। श्रीमती मुर्मू के राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने के बाद अपनी स्कूल की यह पहली आधिकारिक यात्रा थी। राष्ट्रपति ने इससे पहले सुबह ओडिसा की अपनी यात्रा के दूसरे दिन राजधानी शहर के बाहरी इलाके खंडगिरी में स्थित तपोबन उच्च विद्यालय का दौरा किया और कैदियों के साथ कुछ समय बिताया। उन्होंने छात्रों से उनका नाम , गांव और माता पिता का नाम पूछा और उन्हें पढ़ाई पर ध्यान केन्द्रित कर एक आदर्श इंसान बनने की सलाह दी। राष्ट्रपति का स्कूल में भव्य स्वागत किया गया। छात्रों ने संताली गीत गाया और आदिवासी नृत्य किया। उन्होंने छात्रों से कहा कि उनका कोई भी आदर्श नहीं था, उनकी दादी उनकी प्रेरणा थीं।

फागू चौहान और नीतीश ने मौलाना अबुल कलाम आजाद को दी श्रद्धांजलि

पटना (एजेंसी)। बिहार के राज्यपाल फागू चौहान और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज जयंती के अवसर पर देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद को श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल श्री चैहान एवं मुख्यमंत्री श्री कुमार ने शुक्रवार को जयंती के अवसर पर श्रीकृष्ण स्मारक भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में स्व. मौलाना अबुल कलाम आजाद के चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, विधान पार्षद कुमुद वर्मा, वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव सह मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी मौलाना आजाद के चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन, कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

बिहार और झारखंड की महिला चिकित्सकों का तीन दिवसीय सेमिनार

भागलपुर (एजेंसी)। बिहार और झारखंड के महिला चिकित्सकों का तीन दिवसीय सेमिनार का आयोजन शुक्रवार से जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में किया गया। तीन दिवसीय सेमिनार का उद्घाटन जिलाधिकारी सुब्रत सेन सहित कई चिकित्सकों ने दीप प्रज्वलित कर किया। तीन दिन तक चलने वाले सेमिनार में बिहार झारखंड के साथ-साथ देश के कई राज्यों से महिला चिकित्सक यहां पर पहुंची हुई हैं। जिसमें महिलाओं को होने वाले रोगों को लेकर सेमिनार में चर्चा की जाएगी। जिसमें मुख्य रुप से जनसंख्या वृद्धि, हाइपरटेंशन, डायबिटीज, एनीमिया सहित कई बीमारियों के बारे में विस्तार से चर्चा की जाएगी। मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि भागलपुर में होने वाले इस सेमिनार से डॉक्टरों को भी इलाज को लेकर कई नई जानकारियां मिलेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर रेखा झा, डॉक्टर रोमा यादव, डॉक्टर कविता वर्णवाल, डॉक्टर रिचा शर्मा, डॉक्टर अंजना प्रसाद के अलावा दर्जनों चिकित्सक शामिल रहे। डॉ पीसी महापात्रा ने इस सेमिनार में में आए चिकित्सकों को कई टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि नई-नई उपलब्धियों को जानना ही हमारी सफलता है। उल्लेखनीय हो कि आज सर्जरी डिपार्टमेंट में कार्यशाला का आयोजन किया गया है। वहीं 12 और 13 नवंबर को वैज्ञानिक सत्र का आयोजन किया जाएगा।

ठंड का मौसम शुरू होते ही फुटपाथ पर सजने लगी है गर्म कपड़े की दुकान

सहरसा (एजेंसी)। वर्षा ऋतु बीतने के बाद ठंड की आहट एवं दस्तक देते ही अन्य प्रदेशों से व्यवसायी गरम कंबल की दुकानें सजने लगी है। महिला कालेज रोड स्थित पानी टंकी के पास सड़क किनारे सामान बेचने आये पानीपत के व्यापारी इब्ले हसन ने बताया कि विगत 5 वर्षों से इस शहर में गर्म कंबल एवं अन्य समानों की बिक्री के लिए यहां आते हैं। उन्होंने बताया की पानीपत के फैक्ट्री से सीधे माल बाजारों में बेचने के कारण ग्राहकों को किफायती कीमत में गर्म कंबल आसानी से उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री द्वारा निर्मित कमल कंबल 310, 330, 350, 380 एवं अच्छी क्वालिटी में 500 किलोग्राम के हिसाब से बेचा जा रहा है। जिसे ग्राहक भी हाथो हाथ खूब पसंद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मेरे काउंटर पर दरी, बेडशीट चादर,रजाई, स्पंज तकिया, कालीन, बेबी कंबल, झूला, फोल्डिंग मच्छरदानी सहित बच्चों के लिए स्वेटर भी कम कीमत में उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया की इस काउंटर से थोक एवं खुदरा दोनों ही बिक्री की जाती है। कंबल खरीदने आए ग्रामीण क्षेत्रों से खरीदारों की खूब भीड़ उमड़ रही है। समदा निवासी सिकंदर मेहता, राजनपुर निवासी विवेक स्वर्णकार एवं मोहम्मद समरूल ने बताया कि यहां पर कम कीमत में अच्छी क्वालिटी के गर्म कंबल मिल रहा है जो मध्यमवर्गीय एवं गरीब लोगों के लिए बहुत ही सहूलियत हो रही है। उन्होंने कहा कि ब्रांडेड एवं ऊंचे दुकानों में काफी ऊंची कीमत में रहने के कारण आम लोगों की खरीद से बाहर है। जबकि यहां फैक्ट्री के द्वारा सीधे गर्म कपड़े एवं कंबल बाजार में बेचे जाने से आम लोगों को खूब फायदा हो रहा है।

व्यवसाई इब्ले हसन ने बताया की हमारे यहां फैक्ट्री से अच्छी क्वालिटी के सभी प्रकार के गर्म कंबल और कपड़े उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि किफायती कीमत एवं काफी गर्म रहने के कारण कंबल को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। मोहम्मद आलम ने बताया की ग्रामीण क्षेत्रों से खरीदारी की भीड़ उमड रही है।साथ ही यहां अच्छी क्वालिटी एवं डिजाइन दार कंबल एवं रजाई लोगों द्वारा खूब पसंद की जा रही है।

स्कूल जाकर नहीं पढ़ाने वाले शिक्षकों को निकाल दिया जायेगा : नीतीश

पटना (एजेंसी)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि सबसे पहले बिहार से मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती को शिक्षा दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत हुई। इसके बाद हमने केंद्र सरकार से आग्रह किया। तत्कालीन मानव संसाधन मंत्री अर्जुन सिंह ने हमारी बात मानी और 2008 से देश भर में मौलाना अबुल कलाम आजाद के जन्मदिवस पर शिक्षा दिवस मनाया जाने लगा। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में इनकी बड़ी भूमिका थी। देश में एकता और अमन चैन को लेकर इन्होंने काम किया था। देश आजाद हुआ और जब सरकार बनी तो शिक्षा मंत्रालय का जिम्मा इन्हें दिया गया था। मुख्यमंत्री आज पटना के ज्ञान भवन में देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती पर आयोजित शिक्षा दिवस-2022 समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद ने शिक्षा मंत्रालय संभालने के बाद नये-नये संस्थानों की स्थापना कराई। इस देश में शिक्षा का जो काम हुआ है उसकी शुरूआत उन्होंने ही की थी। इतना दिन बीतने के बाद और इतनी बड़ी भूमिका होने के बाद भी इनके बारे में लोगों ने नहीं सोचा। हमने उनके जन्म दिवस के मौके पर शिक्षा दिवस मनाना शुरू किया। इसके बाद 2008 से पूरे देश में शिक्षा दिवस का आयोजन होने लगा। हमको जब काम करने का मौका मिला तो 2006 से पढ़ाई को हम लगातार आगे बढ़ा रहे हैं।

नीतीश कुमार ने कहा कि जब हम सरकार में आए तो पता चला कि पांचवीं क्लास के आगे कोई जाता ही नहीं है। लड़कियां पढ़ती ही नहीं है। पहले काफी कम संख्या में लड़कियां स्कूल जाती थी। बालिका शिक्षा को बढ़ाने के लिए हमने कई तरह की योजना को लाया। अब नतीजा यह हुआ कि बड़ी संख्या में लड़कियां न सिर्फ हाई स्कूल तक बल्कि उच्च शिक्षा ग्रहण कर रही हैं । अब तो लड़का और लड़की बराबर रूप से पढ़ रहे हैं। हमको लगा कि मौलाना साहब ने जो काम कराया था हमको उसी को आगे बढ़ाना है। हम चाहते हैं कि लड़कियां खूब पढ़े। लड़कियां अगर पढ़ लेंगी तो प्रजनन दर घट जाएगा। अभी प्रजनन दर 2.9 पर है, पहले यह 4 से ऊपर था लेकिन जैसे-जैसे लड़कियां शिक्षित हो रहीं, प्रजनन दर में कमी आ रही है।

उन्होंने बिहार के शिक्षकों को चेताते हुए कहा कि हमने मंत्री और सचिव से कह दिया है कि जो स्कूल में नहीं पढ़ाते हैं उनको निकाल दीजिए, कोई जरूरत नहीं है । अगर वह पढ़ायेंगे तो और ज्यादा दीजिए पैसा, ताकि कोई दिक्कत ना हो। पहले शिक्षकों की कितनी बहाली थी अब हम लोग कितने लोगों को बहाल कर रहे हैं।हम तो एक पिछड़ा राज्य हैं, यह तो अलग बात है लेकिन हम लोग हर क्षेत्र में मेहनत कर रहे हैं। सरकार का जो भी बजट होता है उसमें सबसे अधिक खर्चा शिक्षा पर होता है। अभी 21 परसेंट है लेकिन हम लोग चाहते हैं कि बजट का 25 परसेंट शिक्षा पर खर्च हो। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक और प्रोफेसरों से आग्रह के स्वर में उन्होंने कहा कि आप लोग बच्चे बच्चियों को अच्छे से पढ़ाईए। आप लोगों का तनख्वाह भी हम बढ़ाएंगे लेकिन आप लोग लड़का लड़की को पढ़ाइये। आजकल तो सारा काम नई टेक्नोलॉजी पर हो गया है। यह सब तो करिए लेकिन स्कूल में जाइए और पढ़ाइए।

नवादा में एक साथ परिवार के छः लोगों की सजी अर्थी मां-पिता, भाई और तीन बहनों को अमित ने दी मुखाग्नि

नवादा (एजेंसी)। नवादा में जहर खाकर जान गंवाने वाले केदार लाल गुप्ता समेत परिवार के कुल 6 सदस्यों का अंतिम संस्कार शुक्रवार को किया गया। नवादा नगर के बिहारी घाट पर खुरी नदी के तट पर सभी का अंतिम संस्कार किया गया। मौके पर परिवार के सदस्यगण और नातेरिश्तेदार मौजूद थे। इस कुल के एक बचे चिराग अमित गुप्ता ने मांपिता, भाई और 3 बहनों को एक साथ मुखाग्नि दी। इसके पूर्व सभी की एक साथ शव यात्रा निकली तो जानने और देखने वालों की आंखें नम हो गई। परिवार के लोगों की मौत की सूचना बाद पुत्र अमित नवादा पहुंचा था।

सूदखोरों से तंग आकर केदार लाल गुप्ता ने अपनी पत्नी अनिता देवी, पुत्र ध्रुव गुप्ता उर्फ प्रिंस, बेटियां साक्षी, गुड़िया और शबनम के साथ घर से बाहर शोभ कृषि फार्म इलाके में जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। दो की मौत घटना स्थल पर ही हो गई थी। शेष चार की मौत इलाज के दौरान हुई थी। पुलिस की शुरआती जांच में यह बात सामने आई कि मृतक केदार लाल कई लोगों से सूदब्याज पर काफी पैसा ले रखे थे। 10-12 लाख रुपए कर्ज था। रोज तकादा और झंझट से मुक्ति पाने के लिए ऐसा कदम उठाया। मृतक केदार लाल का एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उन लोगों के नाम का जिक्र है। जिसके तकादा से वे परेशान थे। उन नामों में ने एरिया के मनीष सिंह, विकास सिंह, विजय सिंह, डॉ पंकज सिन्हा, टुनटुन सिंह खटाल संचालक तथा गढ़पर के रंजीत सिंह का नाम है। पुलिस इन सभी को थाने बुलाकर जांच पड़ताल कर रही है। एक व्यक्ति टुनटुन सिंह को हिरासत में लिया गया है। दो को पूछताछ के बाद मुक्त कर दिया गया है।

अब इंडिया की टी-20 टीम में नहीं दिखेंगे रोहित और विराट !

बेंगलुरु (एजेंसी)। टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों मिली शर्मनाक हार के बाद टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा समेत खिलाड़ियों के प्रदर्शन को लेकर उंगलिया उठ रही हैं। टी-20 वर्ल्ड कप 2022 में भारतीय टीम के प्रदर्शन को देखते हुए भारतीय क्रिकेट बोर्ड अब कड़े फैसले लेने जा रहा है। भारत की टी-20 टीम में अगले 24 माह में बड़े बदलाव होंगे। बीसीसीआई के सूत्रों की मानें तो वह कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली समेत रविचंद्रन अश्विन जैसे सीनियर खिलाड़ियों को धीरे-धीरे टीम से बाहर करने की प्लानिंग पर काम कर रहा है।

टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में मिली करारी हार के बाद ऐसा लगता है कि दिनेश कार्तिक और रविचंद्रन अश्विन क्रिकेट सबसे छोटे फॉर्मेट में अपने आखिरी मुकाबले खेल चुके हैं। जबकि विराट कोहली और

बीसीसीआई लेने जा रहा बड़ा फैसला

रोहित शर्मा के टी-20 भविष्य को लेकर बीसीसीआई फैसले की जिम्मेदारी उन पर ही छोड़गा। टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में हार के बाद परेशान नजर आ रहे रोहित शर्मा का कोच राहुल द्रविड़ ने बचाव किया है। हालांकि अभी अगला टी-20 वर्ल्ड कप दो साल दूर है और क्रिकेट के जानकारों की मानें तो इससे पहले हार्दिक पांड्या की अगुआई में एक नई टीम तैयार की जाएगी। क्योंकि वही एक ऐसे हैं, जो लंबे समय तक कप्तानी कर सकते हैं।

बीसीसीआई सूत्र का बड़ा खुलासा

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम नहीं खोलने की शर्त पर बताया है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड कभी किसी को संन्यास लेने के लिए नहीं कहता। यह व्यक्तिगत फैसला है, लेकिन 2023 के टी-20 मैचों की जगह सीनियर खिलाड़ी वनडे और टेस्ट पर ध्यान केंद्रित करेंगे। इस तरह अगले साल सीनियर खिलाड़ी टी-20 खेलते नजर नहीं आएंगे। इसलिए आगामी समय में रोहित शर्मा और विराट कोहली का टी-20 टीम में बने रहना मुश्किल नजर आ रहा है।

सुनील गावस्कर ने भी दिये संकेत

भारत के दिग्गज खिलाड़ी रहे सुनील गावस्कर ने भी टीम इंडिया में बड़े बदलाव के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा है कि कप्तान के रूप में पहले ही प्रयास में आईपीएल की ट्रॉफी जीतने के बाद उन्होंने हार्दिक को टीम इंडिया के अगले कप्तान के रूप में चुना है। उन्होंने कहा कि हार्दिक पांड्या निश्चित रूप से भविष्य में टीम इंडिया की कमान संभालेंगे। क्योंकि कुछ खिलाड़ी जल्द ही रिटायर होंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम में 35 की उम्र वाले कई खिलाड़ी हैं, जिन्हें अब टी-20 टीम में खुद की पोजिशन को लेकर पुनर्विचार करना होगा।

न्यूज गैलरी

कोहली ने इंग्लैंड से हार के बाद किया भावुक ट्वीट

एडिलेड (एजेंसी)। भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली ने टी-20 विश्व कप 2022 के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों मिली हार के बाद शुक्रवार को कहा कि भले ही वह निराश होकर ऑस्ट्रेलिया से जा रहे हैं, लेकिन एक टीम के रूप में वे यहां से और बेहतर होने का प्रयास करेंगे। कोहली ने भावुक ट्वीट साझा करते हुए कहा कि हम अपने सपने को हासिल किये बिना और अपने दिलों में निराशा लिये ऑस्ट्रेलिया छोड़कर जा रहें हैं, लेकिन हम एक टीम के रूप में कई यादगार पलों को अपने साथ समेट कर ले जा सकते हैं और यहां से बेहतर होने की कोशिश कर सकते हैं। कोहली ने अपने प्रशंसकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारी संख्या में स्टेडियम आकर हमारा समर्थन करने के लिए सभी प्रशंसकों का शुक्रिया। यह जर्सी पहनकर अपने देश का प्रतिनिधित्व करते हुए हमेशा गर्व होता है। उल्लेखनीय है कि भारत को टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में गुरुवार को इंग्लैंड के हाथों 10 विकेट की हार का सामना करना पड़ा। भारत ने इंग्लैंड को 169 रन का लक्ष्य दिया था जिसे इंग्लैंड ने बिना विकेट गंवाए 16 ओवर में हासिल कर लिया।

वेस्ट मिडलैंड करेगा कबड्डी विश्व कप 2025 की मेजबानी

नयी दिल्ली (एजेंसी)। विश्व कबड्डी महासंघ (डब्ल्यूकेएफ) द्वारा आयोजित कबड्डी विश्व कप का आयोजन पहली बार एशिया से बाहर, इंग्लैंड के वेस्ट मिडलैंड में किया जाएगा। डब्ल्यूकेएफ के अध्यक्ष अशोक दास ने शुक्रवार को यह घोषणा की। दास ने बताया कि कबड्डी विश्व कप 2025 का आयोजन साल की पहली तिमाही में होगा जहां भारत, पाकिस्तान और ईरान सहित कई देश अपनी दावेदारी पेश करेंगे। दास ने कहा कि ब्रिटेन के वेस्ट मिडलैंड में कबड्डी विश्व कप के आयोजन का फैसला एकदम खरा है और यूरोप में इस खेल के विस्तार तथा वैश्विक वृद्धि के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि कबड्डी हर किसी के लिए है, चाहे उसका लिंग, उम्र या सामाजिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो। जैसा कि हमने इस साल ब्रिटिश कबड्डी लीग के लॉन्च में देखा, वेस्ट मिडलैंड ऐसा क्षेत्र है जो सकारात्मक सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देता है।

मुकुल की तिकड़ी से टाइगर्स की जीत

नयी दिल्ली (एजेंसी)। मैन ऑफ द मैच मुकुल शर्मा की शानदार तिकड़ी की मदद से दिल्ली टाइगर्स ने जगुआर को 3-0 से हरा कर फुटबाल दिल्ली सीनियर डिवीजन लीग में पूरे अंक अर्जित किए। नेहरू स्टेडियम पर खेले गए एकतरफा मैच में मुकुल ने सातवें, 61वें और 79वें मिनट में गोल जमाए। सीनियर डिवीजन लीग में शनिवार को खेले जाने वाले मैचों में दिल्ली यूनाइटेड को नेशनल यूनाइटेड से 11:30 बजे और यूनाइटेड भारत को शास्त्री एफसी से 2:30 बजे खेलना है।

सुमित, गोविंद ने एशियाई चैंपियनशिप में जीते कांस्य

अम्मान/जॉर्डन (एजेंसी)। थाईलैंड ओपन 2022 के चैंपियन सुमित और गोविंद कुमार साहनी ने एएसबीसी एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैंपियनशिप में गुरुवार को अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले हारकर कांस्य पदक से संतोष किया। गोविंद को पुरुषों के 48 किग्रा सेमीफाइनल में कजाकस्तान के संजर ताशकेनबे के हाथों हार का सामना करना पड़ा। भारतीय मुक्केबाज ने पहले राउंड में ताशकेनबे के कई वार रोके, लेकिन यूथ विश्व चैंपियनशिप 2021 के गोल्ड मेडलिस्ट ताशकेनबे ने अगले दो राउंड में वापसी करके बाउट जीत लिया।

टी-20 वर्ल्ड कप : 30 साल बाद विश्व कप फाइनल में भिड़ेंगे इंग्लैंड और पाकिस्तान

मेलबर्न (एजेंसी)। पाकिस्तान की टीम ने 1992 में मेलबर्न क्रिकेट मैदान पर इंग्लैंड को हराकर अपना पहला वैश्विक खिताब जीता था। मौजूदा टी-20 विश्व कप के फाइनल में उसके पास इस परिणाम को दोहराने का मौका होगा तो वहीं इंग्लैंड की टीम 30 साल पहले की कसक को पूरा करना चाहेगी। दोनों टीमों ने टी-20 विश्व कप खिताब को एक-एक बार जीता है।

फाइनल से पहले पाकिस्तान के लिए बुरी खबर : आईसीसी टी-20 विश्व कप 2022 का फाइनल 13 नवमबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा, जहां पाकिस्तान जीत हासिल कर दूसरी बार ट्रॉफी उठाना चाहेगा। हालांकि, पाक खेमे के लिए बुरी खबर भी सामने आई है, जो उनकी उम्मीदों पर पानी फेर सकती है। दरअसल, इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच होनेवाले फाइनल और अगले दिन रिजर्व डे दोनों दिनों में बारिश का खतरा मंडरा रहा है जिससे इन दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया जा सकता है। इस समय मेलबर्न में रविवार को बारिश की 95 प्रतिशत संभावना है जिसमें 25 मिली मीटर तक बारिश हो सकती है। ईएसपीएन क्रिकइंफो की खबर के अनुसार मौसम विभाग का कहना है कि बारिश आने की संभावना बहुत ज्यादा है। गरज के साथ तेज बारिश पड़ने की संभावना काफी अधिक है।

प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के लिए आईसीसी ने नौ खिलाड़ियों के नाम किये शॉर्टलिस्ट

मेलबर्न (एजेंसी)। आईसीसी ने ऑस्ट्रेलिया में चल रहे आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के लिए नौ सदस्यीय शॉर्टलिस्ट का ऐलान किया है। फाइनल 13 नवम्बर को प्रतिष्ठित एमसीजी में इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच खेला जाएगा, जिसमें दोनों पक्षों के कुल पांच खिलाड़ी प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के पुरस्कार के लिए नामांकित होंगे। फैंस 9 खिलाड़ियों के पूल से अपने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के लिए वोट कर सकते हैं जिसमें भारत के सूर्यकुमार यादव और टूर्नामेंट के प्रमुख रन-स्कोरर विराट कोहली शामिल हैं। सूर्यकुमार ने कुछ शानदार पारियों के साथ टूर्नामेंट की शुरूआत की थी। कोहली, जो दो बार यह पुरस्कार जीतने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं, एक शानदार अभियान के बाद तीसरी बार दौड़ में शामिल हैं। उन्होंने भारत के लिए छह मैचों में चार अर्द्धशतक दर्ज किए। वहीं, पाकिस्तान को ऑलराउंडर शादाब खान और तेज गेंदबाजी सनसनी शाहीन अफरीदी को शॉर्टलिस्ट किया गया है। शाहीन अफरीदी ने पहले दो मैचों में कम विकेट लेने के बाद धीरे-धीरे टूर्नामेंट की शुरूआत की, लेकिन तब से दस विकेट लेकर वापस फॉर्म में आ गए हैं। अन्य फाइनलिस्ट इंग्लैंड में प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए तीन खिलाड़ी दौड़ में हैं। जबकि जोस बटलर और एलेक्स हेल्स इस पुरस्कार के लिए सबसे स्पष्ट विकल्पों में से दो हैं।

हार के गम में भूले पंत की कुर्बानी

एडिलेड (एजेंसी)। भारतीय टीम को टी-20 वर्ल्ड कप 2022 के सेमीफाइनल में इंग्लैंड से 10 विकेट की हार झेलनी पड़ी। इस हार के बाद उसका सफर भी खत्म हो गया। टीम इंडिया एक बार फिर बिना कप लिए स्वदेश लौट रही। प्लेयर्स में बुरी तरह निराश और हताश दिखे, जबकि इंडियन फैंस में टीम की हार को लेकर गुस्सा है। इस बीच एक बात जो कुछ ही लोगों को याद होगी वह है कि ऋषभ पंत की कुर्बानी। युवा विकेटकीपर के करियर पर पहले से ही संकट के बादल मंडरा रहे हैं और उसके बावजूद पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ हार्दिक पंड्या के लिए अपना विकेट कुर्बान करने में देरी नहीं की। दरअसल, 19वें आवेर की तीसरी गेंद थी। क्रिस जॉर्डन की यॉर्कर गेंद पर ऋषभ पंत गेंद चूक गये, लेकिन बाई के रूप में एक रन लेने का मौका था। हार्दिक पंड्या के प्रेशर डालने पर ऋषभ पंत दौड़ पड़े, लेकिन वह लेट थे। दूसरी ओर, हार्दिक पंड्या क्रीज में पहुंच चुके थे और दूसरे छोर पर गेंद भी। ऋषभ पंत के पास मौका था कि वह अगर चाहते तो वापस क्रीज में लौटकर अपना विकेट बचा सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा किया नहीं। उन्होंने सोचा कि हार्दिक अच्छे शॉट्स खेल रहे हैं तो वह थंब का दिखाते हुए पवेलियन की ओर बोझिल कदमों से लौट पड़े। हार्दिक पंड्या ने इसके बाद अगली दो गेंदों में चौका-छक्का लगाये। हार्दिक पंड्या 33 गेंदों में चार चौके और पांच छक्के के दम पर 63 रन बनाकर लौटे। उनकी इस पारी के दम पर ही भारत 168 रनों तक पहुंच सका, लेकिन यह स्कोर उसके गेंदबाज बचा नहीं सके। जोस बटलर और एलेक्स हेल्स ने मैदान पर जिस अंदाज में बैटिंग की उसने इंडियन फैंस का दिल चकनाचूर कर दिया।

रिश्तों में दरार : मॉडल आयशा की वजह से सानिया-शोएब का तलाक

हैदराबाद (एजेंसी)। इंडियन टेनिस स्टार सानिया मिर्जा और पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब मलिक का तलाक हो गया है। यह दावा शोएब के करीबी दोस्त ने किया है, जो कि उनकी मैनेजमेंट टीम का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा- मैं दोनों के तलाक की पुष्टि कर सकता हूं, लेकिन इससे ज्यादा कुछ नहीं बोल सकता। तलाक की अफवाहों के बीच मॉडल आयशा कमर के साथ रिश्तों को लेकर मलिक का इंटरव्यू वायरल हो रहा है। इसमें मलिक ने खुलासा किया था कि आयशा ने फोटोशूट के दौरान मेरी बहुत मदद की थी। दरअसल, 2021 में मलिक ने आयशा के साथ बोल्ड फोटोशूट करवाया था। अब ये सभी तस्वीरें सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रही हैं। हैदराबाद में 12 अप्रैल 2010 को सानिया और शोएब की शादी हुई थी। 15 अप्रैल को रिसेप्शन लाहौर में दिया गया था। दोनों का एक बेटा इजहान है। उसका जन्म 2018 में हुआ था।

शोएब के करीबी दोस्त ने की पुष्टि

दुबई में सानिया तो पाकिस्तान में मलिक : सानिया-मलिक के करीबी दोस्त ने बताया कि उन दोनों का ऑफिशियली तलाक हो गया है। कुछ फॉर्मेलिटीज हैं, जो अभी भी बची हुई हैं। दोनों अभी अलग-अलग रह रहे हैं। सानिया इस समय दुबई में हैं, जबकि मलिक पाकिस्तान में हैं। तलाक की खबरों को सानिया की सोशल मीडिया पोस्ट से और ज्यादा हवा मिल रही है।

राहुल द्रविड़ टी-20 वर्ल्ड कप से लौटने के बाद करेंगे आराम

एडिलेड (एजेंसी)। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण न्यूजीलैंड के आगामी दौरे पर भारतीय टीम के कार्यवाहक मुख्य कोच होंगे, क्योंकि राहुल द्रविड़ की अगुआई वाले कोचिंग स्टाफ को टी-20 विश्व कप के बाद ब्रेक दिया गया है। भारतीय टीम को टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में गुरुवार को इंग्लैंड से 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। अब भारत को न्यूजीलैंड में सफेद गेंद के छह मैच खेलने हैं जिसमें तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही वनडे शामिल हैं जो 18 नवंबर से वेलिंगटन में शुरू होंगे। सीनियर खिलाड़ी जैसे नियमित कप्तान रोहित शर्मा, स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, सलामी बल्लेबाज केएल राहुल और स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को दौरे पर आराम दिया गया है। साथ ही कोचिंग स्टाफ को भी टी-20 विश्व कप के बाद ब्रेक दिया गया है। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के सूत्र ने कहा कि लक्ष्मण की अगुआई में एनसीए टीम न्यूजीलैंड जाने वाली टीम से जुड़ेगी जिसमें ऋषिकेश कानिटकर (बल्लेबाजी कोच) और साईराज बहुतुले (गेंदबाजी कोच) शामिल हैं। यह पहली बार नहीं है जब लक्ष्मण को भारतीय टीम में यह जिम्मेदारी दी गयी है। इस पूर्व क्रिकेटर ने पिछली बार जिम्बाब्वे और आयरलैंड के दौरे तथा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हालिया वनडे घरेलू श्रृंखला के दौरान भी टीम को कोचिंग दी थी। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या टी-20 श्रृंखला में टीम की अगुआई करेंगे जबकि अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन वनडे टीम के कप्तान होंगे। नियमित कप्तान रोहित बांग्लादेश दौरे के लिए वापसी करेंगे। कोहली और अश्विन भी बांग्लादेश दौरे के लिए टीम में वापसी करेंगे जिसमें भारत तीन वनडे और दो टेस्ट मैच खेलेगा।

केएल राहुल की अंधभक्ति और घमंड से सपना हुआ चूर-चूर

एडिलेड (एजेंसी)। भारतीय टीम की हार के बाद कप्तान रोहित शर्मा रोते दिखे तो पूर्व विराट कोहली कैप से अपना मुंह छिपाते नजर आए, जबकि कोच राहुल द्रविड़ हताश दिखे, लेकिन असलियत यह है कि यह होना था और इसके जिम्मेदार भी वहीं हैं। टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड से भारत की हार के बाद रोहित शर्मा की आंखों में आंसू दिखे। विराट कोहली कैप से मुंह ढकते दिखे तो राहुल द्रविड़ के चेहरे पर गम का आलम ऐसा था कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में जबरिया बोलते दिखे। हार्दिक पंड्या ने ट्वीट करके निराशा जाहिर की। रोहित शर्मा की तस्वीरें जब सामने आईं तो भारतीय क्रिकेट फैंस का दिल मुंह को आ गया। स्टेडियम के बाहर पाकिस्तानी फैंस नारे लगा रहे थे तो इंडियन फैंस नजरें झुकाए पतली गली से निकलते दिखे। यह टीम के लिए शर्मसार होने वाला था। फैंस के लिए भी। सवाल फिर भी वही है, विराट कोहली को मुंह छिपाने की जरूरत क्यों पड़ी? आखिर कौन-सा फैन अपने कप्तान को ऐसे देखना चाहता है, लेकिन सवाल फिर भी वही

है कि इस हार का जिम्मेदार कौन है? आखिर किसने केएल राहुल को लगातार खराब प्रदर्शन होने के बावजूद टीम में बनाए रखा और हर मैच में ओपनिंग के लिए भेजा? यह कोच राहुल द्रविड़ थे, यह कप्तान रोहित शर्मा थे और सिलेक्टर्स ही थे...। पूरी दुनिया एशिया कप 2022 से पहले से कह रही कि फिलहाल केएल राहुल के बस की बात ओपनिंग नहीं है। इसके

विकल्प होने के बावजूद एक फ्लॉप ओपनर से ओपनिंग

पृथ्वी शॉ, ईशान किशन, शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड़, देवदत्त पडिक्कल, संजू सैमसन... लिस्ट और भी लंबी है.. ये वे नाम हैं, जो ओपनर हैं। इतना विकल्प होने के बावजूद एक फ्लॉप ओपनर से ओपनिंग कराने का मतलब क्या है? ईशान किशन तो एशिया कप से पहले तक इस कैलेंडर इयर में सबसे अधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज भी थे। पृथ्वी शॉ घरेलू क्रिकेट में गेंदबाजों पर आग बरसा रहे हैं, लेकिन टीम इंडिया और सिलेक्टर्स के कान पर जूं तक नहीं रेंगती। वह सोशल मीडिया पर दुहाई देते रहे गए, लेकिन कुछ नहीं हुआ। राहुल तेवतिया की क्षमता कौन नहीं जानता। गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के लिए वह गेम चेंजर रहे, लेकिन उन्हें मौका ही नहीं मिला। टीम इंडिया अक्षर पटेल को ढोते रही, जबकि बावजूद उन्हें न केवल टीम में बनाए रखा गया, बल्कि राहुल द्रविड़ खुलेआम कहते ऑस्ट्रेलिया जाने से पहले भी वह कुछ खास नहीं कर पा रहे थे। खासकर जडेजा की तुलना में तो कहीं नहीं टिकते। यहां सिर्फ राहुल तेवतिया नहीं हैं, शार्दुल ठाकुर, दीपक चाहर के रूप में दो अन्य विकल्प भी हैं, जो ऑलराउंडर के तौर पर बेहतरीन विकल्प हो सकते थे। हालांकि, इनके नामों पर चर्चा हुई होगी ऐसा कह नहीं सकते। अब बात करते हैं पेसर्स की... ओह माफ करिएगा गेंदबाजी की, क्योंकि तेज गेंदबाजी जैसा कुछ है नहीं। भुवनेश्वर और मोहम्मद शमी के पास रफ्तार नहीं है तो अर्शदीप दूसरे छोर पर सीनियर गेंदबाजों को पिटते देख हवा हो गए। ऑस्ट्रेलिया में जहां स्विंग मिला वहां तो भुवनेश्वर कमाल करने में सफल रहे, लेकिन जहां पिच से मदद नहीं मिली तो बल्लेबाजों ने मार-मारकर तेज गेंदबाज होने का भ्रम दूर कर दिया।

दिखे कि राहुल ही रोहित के पार्टनर रहेंगे। यह अंधभक्ति नहीं है तो क्या है?

न्यूज गैलरी

महिंद्रा एंड महिंद्रा का मुनाफा 46 प्रतिशत उछला

मुंबई। वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 2090 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 1433 करोड़ रुपये की तुलना में 46 प्रतिशत अधिक है। निदेशक मंडल की बैठक के बाद कंपनी द्वारा जारी वित्तीय लेखाजोखा के अनुसार सितंबर 2022 को समाप्त इस दूसरी तिमाही कंपनी का कुल राजस्व 20839 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के 13314 करोड़ रुपये के राजस्व की तुलना में 58 प्रतिशत अधिक है। महिंद्रा समूह ने इस तिमाही में 2773 करोड़ रुपये का सकल लाभ अर्जित किया है जो पिछले वित्त वर्ष में अर्जित 1929 करोड़ रुपये के सकल लाभ की तुलना में 44 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में समूह को कुल राजस्व 29870 करोड़ रुपये रहा है जो सितंबर 2021 को समाप्त तिमाही के 21470 करोड़ रुपये के राजस्व की तुलना में 39 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने दूसरी तिमाही में कुल मिलाकर 174098 वाहनों की बिक्री की जो पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में बेचे गये 99334 वाहनों की तुलना में 75 प्रतिशत अधिक है।

पेट्रोल और डीजल की कीमत में बदलाव नहीं

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आई करीब ढाई प्रतिशत की तेजी के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल के दाम में शुक्रवार को भी कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पुराने स्तर पर टिके रहे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 2.27 प्रतिशत बढ़कर 95.80 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 2.45 प्रतिशत की तेजी लेकर 88.59 डॉलर प्रति बैरल हो गया। घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी टिकाव रहा। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। देश में चार महीने से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल के दाम 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

सेल को दूसरी तिमाही में 386 करोड़ रुपये का नुकसान

नयी दिल्ली। इस्पात क्षेत्र की सरकारी कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 386 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में उसको 4304 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। सेल ने आज यहां जारी बयान में यह जानकारी देते हुये कहा कि सितंबर में समाप्त इस तिमाही में उसका कुल कारोबार 26246 करोड़ रुपये रहा है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में राशि 26827 करोड़ रुपये रही थी। दूसरी तिमाही में कंपनी का उत्पादन भी घटा है। सितंबर में समाप्त तिमाही में उसका कुल उत्पादन 43 लाख टन रहा है जबकि वर्ष 2021 के सितंबर में समाप्त तिमाही में यह 44.7 लाख टन रहा था। इस दौरान कंपनी की बिक्री पिछले वर्ष के 42.8 लाख टन से घटकर इस वर्ष सितंबर में 42.1 लाख टन पर आ गयी।

बेंगलुरू और हैदराबाद में पहुंचा जियो का ट्रू 5जी

नयी दिल्ली। अरबपति मुकेश अंबानी की दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, वाराणसी और नाथद्वारा में जियो ट्रू5जी सेवाओं के सफल बीटा-लॉन्च के बाद जियो ने बेंगलुरु और हैदराबाद में भी ट्रू 5जी लॉन्च कर दिया है। यह दोनों ही शहर भारत के साइबर और डिजिटल हब माने जाते हैं। ट्रू5जी की असली परीक्षा इन्हीं शहरों में होगी। कंपनी ने अपने बयान में कहा है कि जियो ट्रू5जी पहले से ही छह शहरों में लाखों उपयोगकर्ताओं द्वारा इस्तेमाल किया जा रहा है और इसकी प्रतिक्रिया बेहद सकारात्मक है। ग्राहकों की प्रतिक्रिया के आधार पर जियो लगातार अपने नेटवर्क को और मजबूत बना रहा है। जियो अपनी ट्रू5जी सेवाओं को चरण-वार तरीके से शुरू कर रहा है, ताकि ग्राहकों को सर्वोत्तम अनुभव दिया जा सके। जियो का कहना है कि ग्राहकों को अपने स्मार्टफोन पर 500 एमबीपीएस से 1 जीबीपीएस के बीच स्पीड मिल रही हैं। ग्राहक डेटा का भी काफी अधिक मात्रा में उपयोग कर रहे हैं। कंपनी का दावा है कि यह भारत का एकमात्र ट्रू5जी नेटवर्क है और उसने अपने ट्रू 5जी नेटवर्क की कई खूबियां गिनाई हैं। 10 नवंबर से बेंगलुरू और हैदराबाद के जियो यूजरों को जियो वेलकम ऑफर के लिए आमंत्रित किया जाना शुरू हो गया है। इस ऑफर में ग्राहकों को बिना किसी अतिरिक्त कीमत के 1 जीबीपीएस के साथ स्पीड और अनलिमिटेड 5जी डेटा मिलेगा।

अमेरिका के साथ संबंधों को और बेहतर बनाने की जरूरत : सीतारमण

नयी दिल्ली (एजेंसी)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि भारत और अमेरिका द्विपक्षीय रिश्तों को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिये पूरे उत्साह के साथ काम करेंगे और इसको लेकर दोनों देशों का नजरिया काफी सकारात्मक है। नौवीं भारत-अमेरिका वित्तीय भागीदारी मंच की बैठक की शुरूआत के मौके पर अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन के साथ संयुक्त रूप से संवाददाताओं को संबोधित करते हुए सीतारमण ने कहा कि द्विपक्षीय वार्ता से हमारे बीच लंबे समय से चले आ रहे बेहतर संबंधों को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा भारत एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में अमेरिका के साथ अपने संबंधों को काफी महत्व देता है। हमारे बीच पारंपरिक रूप से मजबूत द्विपक्षीय संबंध हैं जो साझा मूल्यों, व्यापक मुद्दों पर आपसी हितों और दोनों देशों के लोगों के जीवंत संपर्क पर आधारित है। वित्त मंत्री ने कहा कि आर्थिक और वित्तीय भागीदारी मंच के माध्यम से पर्याप्त और बहुआयामी सहयोग द्विपक्षीय संबंधों की एक प्रमुख आधारशिला है। उन्होंने कहा,हमारी बैठक हमारे आर्थिक संबंधों को और अधिक मजबूती देगी, दोनों देशों की कंपनियों के बीच संबंधों को मजबूत करेगी और वैश्विक आर्थिक चुनौतियों को दूर करने के लिये समन्वित नीतिगत रुख को सुगम बनाएगी। मंच की नौवीं बैठक ऐसे समय हो रही है जब भारत जी-20 की अध्यक्षता संभालाने वाला है। सीतारमण ने कहा, हम वैश्विक आर्थिक चुनौतियों का अधिक समन्वित तरीके से और बहुपक्षीय व्यवस्था को मजबूत कर अमेरिका के साथ निकट सहयोग जारी रखेंगे। अमेरिकी वित्त मंत्री येलेन ने कहा कि भारत-अमेरिका सहयोग न केवल आर्थिक विकास और स्थिरता को बढ़ावा देगा बल्कि यह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि के समर्थन के लिहाज से भी मददगार हो सकता है। येलेन ने कहा, भारत आने वाले दिनों में जी-20 की अध्यक्षता संभालने जा रहा है। इसको देखते हुए, हम अपनी साझा प्राथमिकताओं पर चर्चा करने को उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, हम यह भी

> येलेन ने दिल्ली के नजदीक माइक्रोसॉफ्ट इंक के संयंत्र में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि अमेरिका-भारत स्वाभाविक सहयोगी हैं और दोनों देश बाकी दुनिया को दिखा सकते हैं कि अस्थिरता और युद्ध के बावजूद लोकतंत्र अपने नागरिकों के लिए अच्छी तरह से काम कर सकता है।

उम्मीद करते हैं कि हमारे बीच जो आपसी समझ बनी है, उससे हमें अपने साझा लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसमें जलवायु परिवर्तन के जोखिम को कम करना, बहुपक्षीय संस्थानों को विकसित करना और कई विकासशील देशों पर जारी कर्ज बोझ को दूर करना शामिल है। येलेन ने कहा कि अमेरिका, भारत के साथ द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने और सहयोग के स्तर को और प्रगाढ़ बनाने को लेकर प्रतिबद्ध है।

डिफंक ने सलोरा इंटरनेशनल के साथ मिलकर पेश किये कई उत्पाद



नयी दिल्ली (एजेंसी)। स्विडेन की कंपनी डिफंक ने भारतीय कंपनी सलोरा इंटरनेशनल के साथ मिलकर भारतीय ऑडियो उत्पाद वर्ग में प्रवेश किया है। कंपनी ने आज यहां स्वीडिश ब्रांड ने उत्पादों की एक नई सीरीज पेश की है जिसमें मल्टी-रूम, स्मार्ट वाई-फाई होम स्पीकर सॉल्यूशंस और ट्रूली वायरलेस स्टीरियो (टीडब्ल्यूएस) ईयरबड्स और ईयरपॉड्स की एक सीरीज शामिल है। कंपनी ने भारत में ब्रांड की बिक्री और मार्केटिंग डिस्ट्रीब्यूशन के लिए भारत की एक प्रमुख कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी, दिल्ली मुख्यालय वाली सलोरा इंटरनेशनल लिमिटेड के साथ एक रणनीतिक गठबंधन किया है। भारत में अपने उत्पादों के लॉन्च पर डिफंक के सीईओ और संस्थापक जोहान वाह्ल बैक ने कहा भारत, हमारे लिए रणनीतिक रूप से एक महत्वपूर्ण बाजार है और नए बाजारों में ब्रांड के लिए हमारी विस्तार योजनाओं का एक स्वाभाविक कदम है। हम यहां काफी संभावनाएं देखते हैं और भारतीय उपभोक्ताओं के लिए प्रतिस्पर्धी उत्पादों की पेशकश की है। इन उत्पादों को प्रस्तुत करने के साथ, डिफंक उपभोक्ताओं के लिए असाधारण होम स्पीकर्स टेक्नोलॉजी की पेशकश पेश करने के अपने विजन को आगे बढ़ा रहा है। शुरूआत करने के लिए, डिफंक ने भारत मे वाई-फाई होम स्पीकर्स और ईयरबड्स के 5 मॉडल्स को लॉन्च किये हैं। वाई फाई होम स्पीकर में स्माल (40 वॉट) और लार्ज (100 वॉट) आकार शामिल हैं।

इस वर्ष अक्टूबर में देश में यात्री वाहनों की मांग में जबर्दस्त आई तेजी

सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा कि त्योहारी सीजन के साथ ही बेहतर बाजार धारणा के बल पर अक्टूबर में यात्री वाहनों की बिक्री में तेजी रही है।

नयी दिल्ली (एजेंसी)। त्योहारी सीजन में आयी जबरदस्त मांग के बल पर इस वर्ष अक्टूबर में देश में यात्री वाहनों की मांग में जबदस्त तेजी रही है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में मांग सुस्त रहने से दोपहिया वाहनों की मांग सुस्त रही है। अक्टूबर 2022 में कुल मिलाकर 291113 यात्री वाहनों की बिक्री हुई, जबकि पिछले वर्ष इस महीने में यह संख्या 226353 रही थी। वाहन निर्माता कंपनियों के शीर्ष संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) द्वारा आज यहां जारी आंकड़ों के अनुसार इस महीने में देश से यात्री वाहनों निर्यात में भी तेजी रही है। अक्टूबर 2021 में 3966 वाहन निर्यात किये गये थे जो इस वर्ष अक्टूबर में बढ़कर 47660 वाहनों पर पहुंच गया। इसी तरह से तिपहिया वाहनों की मांग में तेजी देखी गयी है। अक्टूबर 2021 में कुल 31812 तिपहिया वाहनों की बिक्री हुयी जबकि इस वर्ष अक्टूबर में यह संख्या बढ़कर 54154 पर पहुंच गयी है। सियाम के अनुसार दोपहिया वाहनों की मांग में कोई विशेष बढ़ोतरी नहीं हुयी। अक्टूबर 2022 में कुल मिलाकर 1577694 दोपहिया वाहनों की देश में बिक्री हुयी जबकि पिछले वर्ष इसी महीने में यह संख्या 1552689 रही थी। इस महीने में दोपहिया वाहनों के निर्यात में भारी कमी देखी गयी है। पिछले वर्ष अक्टूबर में 374072 दोपहिया वाहन निर्यात किये गये जबकि इस वर्ष अक्टूबर में यह संख्या घटकर 287319 वाहनों पर आ गयी। सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा कि त्योहारी सीजन के साथ ही बेहतर बाजार धारणा के बल पर अक्टूबर में यात्री वाहनों की बिक्री में तेजी रही है। हालांकि ऊंची महंगाई और ब्याज दरों में जारी बढोतरी के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में बिक्री कुछ प्रभावित रही है। इसके कारण दोपहिया वाहनों की बिक्री में मामूली बढोतरी हुयी है। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से अक्टूबर के दौरान सात महीने में यात्री वाहनों की बिक्री में तेजी रही जबकि दोपहिया वाहनों की बिक्री इन सात महीने में अभी भी 2016 की समान अवधि की तुलना में कम रही है।

दुनियाभर में बढ़ रहा है कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन, चीन में आई है कमी : अध्ययन

नई दिल्ली। दुनिया में इस साल कोयला, तेल और प्राकृतिक गैस के जलने से हवा में पिछले साल की तुलना में एक प्रतिशत अधिक कार्बन डाइऑक्साइड पहुंची, जो जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई के लिए बुरी खबर है। हालांकि, चीन में इस साल कार्बन उत्सर्जन में गिरावट आई है। वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन में यह बात कही। मिस्र में अंतरराष्ट्रीय जलवायु वार्ता में शुक्रवार सुबह जारी ग्लोबल कार्बन प्रोजेक्ट के वैज्ञानिकों की अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार इस साल चीन का कार्बन प्रदूषण 2021 की तुलना में 0.9 प्रतिशत कम हुआ है, वहीं अमेरिका में 1.5 प्रतिशत बढ़ा है। वैसे इस साल से पहले तक अमेरिकी उत्सर्जन में गिरावट आ रही थी और चीनी उत्सर्जन बढ़ रहा था। एक्सेटर विश्वविद्यालय के प्रमुख अध्ययनकर्ता पियरे फ्राइडलिंगस्टीन ने एसोसिएटेड प्रेस से कहा कि दोनों ही मामलों में यह महामारी की प्रतिक्रिया है।

एल टी फूड्स में एसएएलआईसी करेगा 455.5 करोड़ का निवेश

नयी दिल्ली। पैकेज्ड खाद्य पदार्थ क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एल टी फूड्स में सउदी एग्रिकल्चर एंड लाइवस्टोक इवेस्टमेंट कंपनी (एसएएलआईसी) ने 455.5 करोड़ रुपये के निवेश से कुल मिलाकर 9.22 प्रतिशत हिस्सेदारी लेगी। इस संबंध में कंपनी के निदेशक मंडल ने 142.23 रुपये प्रति शेयर की दर से 7.89 प्रतिशत अर्थात 27408164 वरीय शेयर जारी करने को मंजूरी दी है। इसके साथ ही एसएएलआईसी प्रवर्तक समूह से 1.33 प्रतिशत शेयर भी खरीदेगी। इस तरह से कुल मिलाकर 9.22 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। इस निवेश के बावजूद प्रवर्तकों के पास कंपनी में नियंत्रक 51 प्रतिशत हिस्सेदारी बनी रहेगी। इस लेनदेन में एल टी फूड्स फरवरी 2020 में एसएएलआईसी की सहायक कंपनी यूनाइटेड फार्मर्स इंवेस्टमेंट कंपनी को दावत फूड्स लिमिटेड में बेचे 29.52 प्रतिशत हिस्सेदारी की खरीद करेगी। इसके लिए कंपनी 157.8 करोड़ रुपये का भुगतान करेगी और इसके बाद दावत फूड्स में उसकी शत प्रतिशत हिस्सेदारी हो जायेगी।

इमामी एग्रोटेक के नेतृत्व दल में शामिल हुए देबाब्रत मुखर्जी

कोलकाता। खाद्य तेल क्षेत्र में कार्य करने वाली कंपनी इमामी एग्रोटेक लिमिटेड (ईएएल) ने देबाब्रत मुखर्जी को मुख्य विपणन और रणनीति अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है। श्री मुखर्जी को औद्योगिक क्षेत्र में प्रबंधन, विपणन एवं बिक्री संचालन, व्यापार रणनीति एवं नवाचार में 28 वर्ष से अधिक का अनुभव है। ईएएल ने एक बयान में कहा कि कंपनी के साथ जुड़ने से पहले श्री मुखर्जी यूबी ग्रुप में सीएमओ के पद पर थे। इससे पहले वह स्थानीय और वैश्विक ब्रांड किंगफिसर, अल्ट्रा, हेनेकेन और एमस्टेल से जुड़े थे। श्री मुखर्जी अपने व्यापक अनुभव के साथ कंपनी के खाद्य तेल, मसाले, सोया बड़ी और बेकरी के विपणन कार्यों का नेतृत्व करेंगे। इसके साथ ही वह इमामी एग्रोटेक की भविष्य की योजनाओं को लेकर बनायी जाने वाले नवाचार रणनीतियों की अध्यक्षता करेंगे। इमामी एग्रोटेक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधाकर देसाई ने कहा,ह्ल हम कंपनी में देबाब्रत (देबू) का स्वागत करते हैं। उनका समृद्ध उद्योग, अनुभव, ज्ञान और ऊर्जा से कंपनी की ब्रांड निर्माण पहलों को प्रोत्साहन मिलेगा। नेतृत्व टीम में उनके शामिल होने से हमें नए रास्ते तलाशने में मदद मिलेगी।

राज्यों के लिए कर हस्तातंरण के 116665 करोड़ रुपये जारी

नयी दिल्ली। केन्द्र सरकार ने राज्यों को कर हस्तातंरण के दो किश्त 116665 करोड़ रुपये आज जारी कर दिये। वित्त मंत्रालय ने यहां जारी बयान में कहा कि राज्यों के लिए इस मद में हर महीने 58333 करोड़ रुपये जारी किये जाते हैं। इस महीने दो महीने की राशि एक साथ जारी की गयी है। यह राशि राज्यों को पूंजी और विकास से जुड़े व्यय को गति देने के लिए जारी की गयी है। इसमें गोवा के लिए सबसे कम 450 करोड़ रुपये जारी हुये हैं जबकि उत्तर प्रदेश के लिए सबसे अधिक 20929 करोड़ रुपये। इस मामले में बिहार 11734 करोड़ रुपये के साथ दूसरे स्थान पर है। आंध्र प्रदेश 4721 करोड़ रुपये, अरूणाचल प्रदेश 2050 करोड़ रुपये, असम 3649 करोड़ रुपये, छत्तीसगढ़ 3975 करोड़ रुपये, गुजरात 4058 करोड़ रुपये, हरियाणा 1275 करोड़ रुपये, हिमाचल प्रदेश 968 करोड़ रुपये, झारखंड 3858 करोड़ रुपये, कर्नाटक 4255 करोड़ रुपये, केरल 2246 करोड़ रुपये, मध्य प्रदेश 9158 करोड़ रुपये, महाराष्ट्र 7370 करोड़ रुपये, मणिपुर 835 करोड़ रुपये, मेघालय 895 करोड़ रुपये, मिजोरम 583 करोड़ रुपये, नगालैंड 664 करोड़ रुपये, ओडिशा 5283 करोड़ रुपये, पंजाब 2108 करोड़ रुपये, राजस्थान 7030 करोड़ रुपये , सिक्किम 453 करोड़ रुपये, तमिलनाडु 4759 करोड़ रुपये, तेलंगाना 2452 करोड़ रुपये, त्रिपुरा 826 करोड़ रुपये , उत्तराखंड 1304 करोड़ रुपये और पश्चिम बंगाल 8777 करोड़ रुपये शामिल है।

मूडीज ने भारत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान घटाया, इन बड़े कारणों का दिया हवाला

नई दिल्ली (एजेंसी)। रेटिंग निर्धारण करने वाली एजेंसी मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने 2022 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान पहले के मुकाबले 7.7 फीसदी से घटाकर शुक्रवार को 7 फीसदी कर दिया है। एजेंसी का कहना है कि घरेलू स्तर पर बढ़ती ब्याज दरें और धीमी वैश्विक वृद्धि भारत की आर्थिक गति को प्रभावित करेंगे। यह दूसरी बार है जब मूडीज ने भारत की वृद्धि के अनुमान को घटाया है। इससे पहले मई में मूडीज ने 2022 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर 8.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था जिसे सितंबर में घटाकर 7.7 फीसदी कर दिया था। वर्ष 2023-24 के लिए वृहद वैश्विक परिदृश्य में मूडीज ने कहा, वर्ष 2022 के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि 7.7 से घटकर सात फीसदी रह सकती है। मूडीज ने अनुमान जताया कि वृद्धि की गति 2023 में कम होकर 4.8 फीसदी रह जाएगी, फिर 2024 में यह बढ़कर करीब 6.4 फीसदी होगी। इससे पहले मूडीज ने दावा किया था कि बढ़ती महंगाई दुनिया को मंदी की ओर लेकर जा रही है। विकास दर में सुस्ती और रिकॉर्ड महंगाई की वजह से ग्?लोबल इकॉनमी ज्यादा नाजुक बन रही है, जिससे मंदी की आशंका और बढ़ गई है। इस वजह से मूडीज ने सितंबर में साल 2022 के लिए ग्लोबल इकनॉमिक ग्रोथ का अनुमान भी घटाकर 2.7 फीसदी कर दिया था, जिसके जनवरी में 4.2 फीसदी रहने का अनुमान लगाया था। मूडीज कहा, महंगाई को थामने के लिए दुनियाभर के सेंट्रल बैंक सख्त फैसले अगर लेते रहे तो, दुनिया मंदी की ओर बढ़ती जाएगी। इस लिहाज से अगले 12 महीने काफी अहम होंगे।

शेयर बाजार में शानदार तेजी: 950 अंक उछला सेंसेक्स, निफ्टी भी हुआ 18300 के पार

दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में जोरदार खरीदारी के चलते आज के कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों इंडेक्स में शानदार तेजी है। आज सेंसेक्स करीब 950 अंक मजबूत हुआ है। जबकि निफ्टी 18300 अंकों के स्तर के पार निकल गया है। आज के कारोबार के दौरान फिलहाल सेंसेक्स में 966 अंकों की तेजी है और यह 61,580 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। जबकि निफ्टी 284 अंक बढ़कर 18312 अंकों के लेवल पर ट्रेड कर रहा है। आज सेंसेक्स 30 के सभी 30 शेयर हरे निशान पर नजर आ रहे हैं। आज के कारोबार में आईटी शेयरों में रैली है। निफ्टी पर आईटी इंडेक्स 3 प्रतिशत से ज्यादा मजबूत हुआ है। इसके अलावा बैंक और फाइनेंशियल इंडेक्स 1 प्रतिशत से ज्यादा मजबूत हुए हैं। वहीं मेटल और फार्मा इंडेक्स में 1 प्रतिशत की तेजी है। आज हैवीवेट शेयरों में खरीदारी देखी जा रही है।

पेज एक के शेष

विस में आरक्षण...

का प्रावधान होगा। श्री सोरेन की ओर से बताया गया कि 15 नवम्बर 2000 को अलग झारखंड राज्य गठन के बाद राज्य में आरक्षण का प्रतिशत पुनर्निधारित करने के लिए 2001 में तत्कालीन सीएम बाबूलाल मरांडी की ओर से तत्कालीन कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा की अध्यक्षता में एक मंत्रिमंडलीय उप समिति का गठन किया गया था। इस समिति ने सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए 71 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव दिया, जिसमें अनुसूचित जाति के लिए 12, अनुसूचित जनजाति के लिए 32, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए 16 प्रतिशत और पिछड़ा वर्ग के लिए 9 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान रखा गया। श्री मरांडी की सरकार ने इस रिपोर्ट के आधार पर कुल 73 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया, जिसमें अनुसूचित जाति को 14, अनुसूचित जनजाति को 32, अत्यंत पिछड़ा वर्ग को 18 और पिछड़ा वर्ग को 9 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया। मुख्यमंत्री की ओर से विधानसभा में पेश विधेयक में बताया गया है कि ओबीसी की ओर से आरक्षण की सीमा बढ़ाने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। जबकि केंद्र सरकार पर भी ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण और पड़ोसी राज्य बिहार में पिछड़ा वर्ग को 30 प्रतिशत आरक्षण देय है। मंत्रिमंडलीय उपसमिति की रिपोर्ट में ओबीसी की जनसंख्या 32 प्रतिशत से ज्यादा आकलित किया गया था। इसके साथ ही अनुसूचित जाति की जनसंख्या 12 प्रतिशत और 1971 की जनगणना के अनुसार अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या 32.12 अंकित की गयी थी। यह बात भी सामने आयी है कि अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या 1941 की जनगणना के बाद से कम हो रही है, इस वर्ग को संरक्षित करने के उद्देश्य से 32 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया गया था। इस तरह से राज्य में पिछड़ों की आबादी लगभग 76 प्रतिशत के आसपास है, जिसमें एसी, एसटी, ओबीसी-1 और ओबीसी-2 शामिल है। इसलिए इनके विकास के मार्ग को प्रशस्त करने के लिए आरक्षण प्रतिशत बढ़ाने का प्रस्ताव किया गया है। श्री सोरेन ने विधानसभा में विधेयक को पेश करते हुए बताया कि इस अधिनियम के तहत परिभाषित स्थानीय व्यक्ति सामाजिक सुरक्षा, सामाजिक बीमा और रोजगार-बेरोजगारी के संबंध में राज्य की सभी योजनाओं और नीतियों के हकदार होंगे। स्थानीय नागरिक को अपनी भूमि, रोजगार, कृषि ऋण और अन्य ऋण पर विशेषाधिकार और संरक्षण प्राप्त होगा। खतियान आधारित संबंधित इस विधेयक को पारित कराने के साथ ही भविष्य में आनेवाली अन्य कठिन को दूर करने का रास्ता भी इस विधेयक के माध्यम से ही निकाल लिया गया है। इस विधेयक में प्रावधान किया गया है कि स्थानीय व्यक्ति को ही राज्य सरकार के वर्ग-3 और वर्ग-4 पदों के लिए विरुद्ध नियुक्ति के लिए पात्र माना जायेगा। झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2022 और 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति से संबंधित विधेयक को लेकर सदन में कुछ संशोधन और सुझाव भी सदस्यों की ओर से आये, लेकिन उन्हें अमान्य कर दिया गया। विधेयक को प्रवर समिति को भेजने का भी प्रस्ताव आया, लेकिन किसी भी प्रस्ताव को मानने से सरकार ने इंकार कर दिया। विधानसभा के विशेष सत्र में दोनों विधेयकों के पारित होने के बाद स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने सत्र की कार्यवाही को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया।

सीएम ने कहा...

विकास के कार्य सरकार लगातार कर रही हैं। लंबे समय से जो समस्याएं यहां व्याप्त थी, उसे दूर करने का कार्य लगातार जारी है। आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और वंचित वर्गों का जो दुःख-दर्द है, उसे दूर करने की दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है। सरकार के कदम ना रुके थे और ना रुकेंगे। हम लगातार आगे बढ़ते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के लिहाज से 11 नवम्बर का दिन बेहद खास और ऐतिहासिक है। 11 नवम्बर 1908 को ही छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट वजूद में आया था वहीं, पिछले वर्ष 11 नवम्बर को झारखंड विधानसभा में सरना अलग धर्म के विधेयक को पारित कर केंद्र सरकार को भेजा गया था और एक बार फिर आज 1932 खतियान आधारित स्थानीयता और नियुक्ति तथा सेवाओं में आरक्षण वृद्धि का विधेयक झारखंड विधानसभा से पारित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी और मूलवासियों को उनका अधिकार देने के साथ यहां रह रहे सभी लोगों के हितों का भी पूरा ख्याल और संरक्षण किया जायेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने...

शीर्ष अदालत दिशा-निर्देश जारी करे जो करप्ट और हॉर्स ट्रेडिंग की राजनीति में लिप्त हैं। उनकी मांग थी कि सुप्रीम कोर्ट संसद को आदेश जारी करे, जिससे एक ऐसा कानून बनाया जा सके जिसमें चुनाव से पहले हुए गठबंधन पैसे और बाहुबल के इस्तेमाल से न तोड़े जा सकें। उनकी दलील थी कि सत्ता के लालची नेता अपने फायदे के लिए चुनाव पूर्व किये गठबंधन तोड़कर अपनी मर्जी से गठजोड़ कर लेते हैं। याचिका में संसद को ये भी निर्देश देने के लिए कहा गया था कि वो संविधान की 10वीं अनुसूची में व्यापक फेरबदल करे, जिससे इस तरह के मौकापरस्त गठबंधनों के होने का रास्ता बंद हो सके। इस बारे में सर्वोच्च न्यायालय के एक वरिष्ठ वकील का कहना है कि इस याचिका पर यदि नीतीश कुमार सरकार बर्खास्त हुई होती, तो इसके आधार पर शिवराज सरकार, शिंदे सरकार सहित पूर्वोत्तर भारत के कई सरकारों को बर्खास्त करने की नौबत आ सकती थी।

एके-47 की तस्वीर...

डिमांड किया करता था। वह व्हाट्स एप्प में वीडियो कॉल के जरिये सीधे कारोबारियों को धमकी दिया करता था। व्हाट्स एप्प के जरिये ही वह पीठ पर एके-47 टांगे हुए व्यक्ति की तस्वीर भेज कर कारोबारियों को धमकाता था। पुलिस के सामने करण ने स्वीकार किया है कि साल 2022 में ही रांची के ओरमांझी में विनोद महतो नाम के एक व्यक्ति से उसकी मुलाकात हुई थी, विनोद ने खुद को टीपीसी का एरिया कमांडर बताया था। बातचीत के दौरान विनोद ने ही करण को संगठन के लिए काम करने को कहा। करण ने पुलिस को यह भी बताया है कि विनोद ने उसे रांची के और भी युवाओं को संगठन में जुड़ने का टास्क दिया था। पुलिस अब विनोद महतो की तलाश में जुटी हुई है।

ट्विटर : भारत में ब्लू सब्सक्रिप्शन के लिए हर माह लगेंगे 719 रुपये

नयी दिल्ली। भारत में ट्विटर ब्लू टिक सब्सक्रिप्शन के लिए हर महीने 719 रुपये चुकाने होंगे, हालांकि इस प्लान के साथ यूजर्स को फ्री में वेरिफिकेशन बैज मिलेगा। यह सेवा अमेरिका, ब्रिटेन समेत कई अन्य देशों में विगत बुधवार से शुरू हो गई है। अमेरिका व अन्य देशों में इसकी कीमत 7.99 डॉलर (करीब 645 रुपये) रखी गई है। वहीं भारत में इस सेवा के लिए यूजर्स को हर महीने 719 रुपये देने होंगे। ट्विटर ब्लू को ऐप स्टोर से डाउनलोड करना होगा। भारत में यह सेवा सबसे पहले आईफोन यूजर्स को मिलेगी। इसके बाद अन्य यूजर्स को यह सेवा दी जाएगी। इस महीने के अंत तक भारत में ट्विटर ब्लू सब्सक्रिप्शन को जारी कर दिया जाएगा। ट्विटर ब्लू का सब्सक्रिप्शन लेने वाले यूजर्स को बिना किसी जांच पड़ताल के मुफ्त में ब्लू टिक मिलेगा। एलन मस्क ने कहा है कि ट्विटर ब्लू यूजर्स को और भी कई सुविधाएं मिलेंगी। ट्विटर पर उनके ट्वीट के रीच को अधिक प्राथमिकता मिलेगी। इसके अलावा ये यूजर्स अपने ट्वीट के एडिट कर सकते हैं। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही ट्विटर ने बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह सहित कई नेताओं के वेरिफाइड हैंडल में ऑफिशियल लेबल जोड़ा था। इसके कुछ ही देर के बाद उसे कंपनी ने हटा लिया। इसके बारे में कंपनी का कहना था कि इस नए फीचर को इसलिए जोड़ा गया ताकि ब्लू अकाउंट और वेरिफाइड अकाउंट के बीच का अंतर समझा जा सके।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

न्यूज गैलरी

जसमीत कौर बैंस ने रचा इतिहास, कैलिफोर्निया विस के लिए चुनीं गयीं

कैलिफोर्निया (एजेंसी)। एक और भारतीय ने इतिहास रच दिया। जसमीत कौर बैंस ने भारत के सम्मान को और बढ़ाया। जसमीत कौर बैंस भारतीय मूल की पहली सिख महिला के रूप में कैलिफोर्निया विधानसभा के लिए चुनी गयीं। केर्न काउंटी में जसमीत कौर बैंस ने अपनी प्रतिद्वंद्वी लेटिसिया पेरेज को पराजित किया। बैंस को 10,827 मतों के साथ 58.9 प्रतिशत वोट मिला, जबकि उनकी प्रतिद्वंदी पेरेज को 7,555 वोट के साथ 41.1 प्रतिशत वोट हासिल हुआ। जसमीत कौर बैंस बेकर्सफील्ड रिकवरी सर्विसेज में चिकित्सा निदेशक हैं। जीत हासिल करने के बाद जसमीत कौर बैंस ने कहाकि, वह स्वास्थ्य सेवा, आवास, पानी की सुविधा और वायु गुणवत्ता को प्राथमिकता देंगी। कैलिफोर्निया विधानसभा के लिए चुनी गई जसमीत कौर बैंस ने अपने एक संदेश में लिखा, यह एक रोमांचक रात है, मैं शुरूआती रूझान से उत्साहित हूं और केर्न काउंटी में मिले समर्थन के लिए लोगों की आभारी हूं। उनका चुनाव क्षेत्र जिला अरविन से डेलानो तक फैला है। इसमें पूर्वी बेकर्सफील्ड का अधिकांश भाग शामिल है। जसमीत कौर बैंस के पिता ने ऑटो मैकेनिक के रूप में अपना कैरियर शुरू किया। और कार डीलरशिप के मालिक बना एक सफल व्यवसायी बनें।

जगदीप धनखड़ कंबोडिया में ताप्रोह्म मंदिर का करेंगे उद्घाटन

सीमरीप/कंबोडिया (एजेंसी)। उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को यहां जीर्णोद्धार किये गये ताप्रोह्म (बाबा ब्रह्मा) मंदिर का उद्घाटन करेंगे। श्री धनखड़ कंबोडिया में आयोजित भारत आसियान और भारत पूर्व एशिया शिखर बैठक के सिलसिले में गुरुवार शाम को नामपेन्ह पहुंचे। ये बैठकें नामपेन्ह में आयोजित आसियान शिखर बैठक के साथ ही आयोजित की जा रही हैं। ताप्रोह्म मंदिर का जीर्णोद्धार भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) विभाग द्वारा कंबोडिया के सरकारी एजेंसी अप्सरा नेशनल अथॉरिटी के माध्यम से किया जा रहा है। भारत इस परियोजना को यूनेस्को की संरक्षित स्मारकों की सूची में शामिल इस बौद्ध मंदिर के जीर्णोद्धार में 2003 से अब तक करीब 50 करोड़ रुपये खर्च कर चुका है। ताप्रोह्म परिसर के जीर्णोद्धार में शामिल एएसआई टीम के प्रमुख देवेन्द्र सिंह सूद ने भारत आसियान मीडिया संवाद कार्यक्रम के अन्तर्गत यहां आए भारतीय मीडियाकर्मियों के दल से बातचीत में कहा कि हम सीमरीप क्षेत्र में अंकोरवाट मंदिर परिसर के इस महत्वपूर्ण प्राचीन मंदिर के जीर्णोद्धार में 2003 से आठ स्थानों पर काम कर रहे हैं जिनमें तीन चौथाई काम हो चुका है।

ओइजा बोर्ड गेम खेल रहे 11 बच्चों की मौत, स्कूल के बाहर मिले शव

बोगोटा (एजेंसी)। कोलंबिया के एक स्कूल के बाहर 11 बच्चे मृत पाए गए हैं। ये बच्चे ओइजा बोर्ड गेम खेल रहे थे। डॉक्टरों का कहना है कि फूड पॉइजनिंग के कारण उन्हें उल्टी और मांसपेशियों में दर्द का सामना करना पड़ा। कोलंबिया के हाटो में एग्रीकल्चर टेक्निकल इंस्टीट्यूट के टीचर कॉरिडोर में 11 बच्चों को मृत देखकर हैरान रह गए। इन बच्चों की उम्र 13 से 17 साल थी जिन्हें सोकोरो जिले के मैनुएला बेल्ट्रान अस्पताल ले जाया गया था। बच्चों का एक दिन इलाज चला लेकिन उनकी बीमारी के रहस्यमयी कारण ने कर्मचारियों को हैरान कर दिया। मिरर की खबर के अनुसार, यह कहा जा रहा है कि बच्चे ओइजा बोर्ड गेम खेल रहे थे। ओइजा एक बोर्ड होता है जिस पर अक्षर, संख्याएं और चिन्ह बने होते हैं। माना जाता है कि इसका इस्तेमाल मृतकों से बात करने के लिए किया जाता है। हाटो के मेयर जोस पाब्लो टोलोजा रोंडन ने कहा, 'बच्चों की मौत हो चुकी है, जब उनके शव मिले तो उनका दम घुट चुका था और उनके मुंह से झाग निकल रहा था।' उन्होंने कहा कि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि ओइजा बोर्ड को लेकर जांच जारी है।

- मुंह से निकल रहा था झाग, मेडिकल रिपोर्ट में फूड पॉइजनिंग से मौत
- 13 से 17 साल के बच्चे, ओइजा बोर्ड गेम को लेकर भी चल रही है जांच

बच्चों ने एक ही गिलास से पिया पानी

अन्य लोगों का कहना है कि उन्होंने एक ही कंटेनर से पानी पी लिया था जबकि कुछ लोग कह रहे हैं कि उन्हें कुछ खाने के लिए दिया गया था। बातचीत में पता चला है कि उन्होंने एक ही गिलास से पानी पिया था। डेल सोकोरो अस्पताल के डॉक्टर जुआन पाब्लो वर्गास नोगुएरा ने कहा कि हम एल हाटो गए और हमें 13 से 17 साल के बीच 11 मरीज मिले जिन्हें उल्टी, पेट दर्द और मांसपेशियों में ऐंठन की शिकायत थी। बच्चों की मौत और ओइजा बोर्ड के बीच कनेक्शन को लेकर डॉक्टर ने कहा कि हमें बच्चों में कोई मनोवैज्ञानिक बदलाव देखने को नहीं मिला। मेडिकल रिपोर्ट में कहा गया है कि यह फूड पॉइजनिंग के कारण हुआ।

बेंगलुरु में दौड़ी दक्षिण भारत की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस

प्रधानमंत्री मोदी ने दिखाई हरी झंडी

बेंगलुरु (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु के क्रांतिवीर संगोली रायण्णा (केएसआर) रेलवे स्टेशन से दक्षिण भारत की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन बेंगलुरु के रास्ते मैसूर और चेन्नई के बीच चलेगी। प्रधानमंत्री ने भारत गौरव काशी दर्शन ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई, जो रेलवे की भारत गौरव ट्रेन नीति के तहत कर्नाटक के मुजराई विभाग द्वारा चलाई जाएगी। दक्षिण पश्चिम रेलवे के अनुसार, यह काशी की यात्रा करने को इच्छुक कई यात्रियों के सपने को पूरा करेगी। इस ट्रेन में यात्रा के लिए आठ दिन का एक यात्रा पैकेज उपलब्ध होगा, श्रद्धालुओं को इसमें विशेष छूट दी जाएगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कर्नाटक सरकार काशी विश्वनाथ यात्रा के तीर्थयात्रियों को अतिरिक्त पांच हजार रुपये भी देगी। यह ट्रेन वाराणसी, अयोध्या और प्रयागराज जैसे कई तीर्थ स्थल जाएगी।

कुछ देशों को दूसरों से श्रेष्ठ समझने की विश्व व्यवस्था में यकीन नहीं रखता भारत : राजनाथ

नयी दिल्ली (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ऐसी विश्व व्यवस्था में यकीन नहीं रखता है, जहां कुछ देशों को दूसरों से श्रेष्ठ माना जाता है। उन्होंने कहा कि अगर सुरक्षा वास्तव में सामूहिक उद्यम बन जाती है तो सभी के लिए फायदेमंद वैश्विक व्यवस्था बनाने की संभावना तलाशी जा सकती है। राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय में एक संबोधन में उन्होंने साइबर युद्ध कौशल को लेकर आगाह किया और कहा कि इससे अहम बुनियादी ढांचों की भेदता बढ़ गयी है। सिंह ने कहा, मैं आपको बताना चाहता हूं कि हमारी सामरिक नीति का आचरण नैतिक होना चाहिए। भारत ऐसी व्यवस्था में यकीन नहीं रखता है जहां कुछ देशों को दूसरों से श्रेष्ठ माना जाता है। उन्होंने कहा कि भारत के कृत्य मानवीय समानता और प्रतिष्ठा के मूल सार द्वारा निर्देशित हैं जो हमारे प्राचीन मूल्यों तथा उसके मजबूत नैतिक आधार का हिस्सा है और हमें राजनीतिक शक्ति देते हैं। हमारा स्वतंत्रता संग्राम भी उच्च नैतिक मूल्यों की आधारशिला पर आधारित था।

ईरान ने किया हाइपरसोनिक मिसाइल बनाने का दावा

तेहरान (एजेंसी)। एक ईरानी जनरल का दावा है कि उनके देश ने ऐसी हाइपरसोनिक मिसाइल विकसित कर ली है जो किसी भी एयर डिफेंस सिस्टम को भेद सकती है। हाइपरसोनिक मिसाइल पारंपरिक मिसाइलों की तरह ही परमाणु हथियार ढोने में सक्षम होती हैं। ये मिसाइल आवाज की गति से पांच गुना ज्यादा रफ्तार से उड़ान भर सकती हैं। इस्लामिक रेवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की एयरोस्पेस यूनिट के कमांडर जनरल अमिराली हाजीजादेह का कहना है कि यह हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल एयर डिफेंस सिस्टम के घेरे को तोड़ने के लिए बनाई गई है। ईरान की समाचार एजेंसी फार्स ने जनरल का बयान छापा है। हाजीजादेह के मुताबिक, यह सभी एंटी मिसाइल डिफेंस सिस्टम को तोड़ने में सक्षम है। इसके साथ ही उनका यह भी कहना है कि इसे पकड़ने की क्षमता रखने वाला सिस्टम विकसित करने में दशकों लग जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा आयोग (आईएईए) के प्रमुख रफायल ग्रोसी ने मिस्र में संयुक्त राष्ट्र के जलवायु सम्मेलन में इस घोषणा पर चिंता जताई है। समाचार एजेंसी एएफपी से ग्रोसी ने कहा कि हम जानते हैं कि इस तरह की घोषणाएं ध्यान बढ़ाती हैं, चिंता बढ़ाती हैं, लोगों का ध्यान ईरान के परमाणु कार्यक्रम की ओर बढ़ाती हैं। हालांकि इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वो ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर चल रही बातचीत पर इसका कोई असर नहीं होने की उम्मीद कर रहे हैं। यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब बीते हफ्ते ही ईरान ने माना है कि उसने रूस को ड्रोन दिये हैं। हालांकि, उसका यह भी कहना है कि उसने ये ड्रोन यूक्रेन की लड़ाई शुरू होने से पहले दिये। बीते महीने वॉशिंगटन पोस्ट ने खबर दी थी कि ईरान रूस में मिसाइलें भेजने की तैयारी कर रहा है। ईरान ने इस रिपोर्ट को खारिज करते हुए इसे पूरी तरह गलत बताया है। यह सारी घटनाएं तब हो रही हैं जब ईरान महसा अमीनी की हिरासत में मौत के बाद विरोध प्रदर्शनों की आंच झेल रहा है।

इमरान ने हत्या की कोशिश के पीछे सेना अधिकारी का बताया हाथ

लाहौर (एजेंसी)। पाकिस्तान के तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपने आरोप को दोहराते हुए कहा कि तीन नवंबर को उनकी हत्या की कोशिश के पीछे एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी का हाथ था। श्री खान ने गुरुवार को कहा कि सेना के अधिकारी मेजर जनरल फैसल नसीर ने मेरी हत्या की योजना का मास्टरमाइंड था और उसी ने इसकी पूरी योजना बनायी थी। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, श्री खान ने पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश से निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की ताकि यह पता चल सके कि देश में लोकतंत्र कमजोर नहीं हुआ है।

चीन को चिप कंपनियां नहीं बेचेगा जर्मनी

बर्लिन (एजेंसी)। चीनी कंपनी साई माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स जर्मन कंपनी एल्मोस के डॉर्टमुंड फैक्ट्री को खरीदने वाली थी। साई माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स इसे सहायक स्वीडिश कंपनी सिलेक्स के जरिये खरीदना चाहती थी। अर्थव्यवस्था मंत्रालय ने बताया कि सरकार ने अधिग्रहण को खारिज कर दिया क्योंकि खरीद जर्मनी की व्यवस्था और सुरक्षा को खतरे में डाल सकती है। दूसरा अधिग्रहण जिसे रोका गया, वह बवेरिया का ईआरएस इलेक्ट्रॉनिक है, जो वेफर मैन्यूफैक्चरर को कूलिंग तकनीक मुहैया कराता है। जर्मनी के आर्थिक मामलों के मंत्री रॉबर्ट हाबेक ने कहा है कि हमें कंपनी के अधिग्रहण पर बहुत बारीकी से नजर रखनी चाहिए जब यह अहम बुनियादी ढांचे से जुड़ा हो या जब टेक्नोलॉजी के गैर-यूरोपीय संघ के देशों के खरीदारों तक जाने का कोई खतरा हो। एल्मोस और सिलेक्स ने इस फैसले पर खेद जताया है। एल्मोस ने कहा कि यह सौदा यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में सेमीकंडक्टर के उत्पादन को मजबूत करता। कंपनी कानूनी कार्रवाई पर विचार कर रहा है, क्योंकि अधिग्रहण पर रोक की घोषणा समीक्षा अवधि के खत्म होने से पहले और कंपनियों को सुनवाई का मौका दिये बिना की गयी। एल्मोस मुख्य रूप से ऑटोमोबाइल पुर्जे बनाती है। सिलेक्स इसे 8.5 करोड़ यूरो में खरीदना चाह रहा था। जर्मनी में बीजिंग पर ज्यादा निर्भरता और चीन से जुड़ी कंपनियों के हाथों में अहम इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट जाने को लेकर आशंकाएं बढ़ रही हैं। यूक्रेन पर रूस के हमले और उसके बाद यूरोप के गैस आपूर्ति में कमी ने चिंताओं को और बढ़ा दिया है।



कोविड से भी ज्यादा और कैंसर के बराबर जानलेवा है जलवायु

संयुक्त राष्ट्र (एजेंसी)। कोविड से भी ज्यादा और कैंसर के बराबर जानलेवा। इंसानी सेहत पर जलवायु परिवर्तन के असर का जांच रहे वैज्ञानिक तुरंत कार्बन उत्सर्जन घटाने की मांग कर रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का कहना है कि जलवायु परिवर्तन इंसान की सेहत के लिए अब तक का सबसे बड़ा खतरा बन चुका है। डब्ल्यूएचओ ने मिस्र के शर्म अल शेख शहर में हो रहे विश्व जलवायु सम्मेलन, सीओपी27 में इस मुद्दे को केंद्र में रखने की मांग की है। विशेषज्ञों के मुताबिक, जलवायु परिवर्तन कई तरह से इंसान पर असर डालता है। बेहताशा गर्मी, पानी की कमी, बाढ़ जनित बीमारियां और वायु प्रदूषण, ये सारे कारक मानव स्वास्थ्य को अलग-अलग तरीके प्रभावित करते हैं।

मौतों का आंकड़ा बढ़ाएगा जलवायु परिवर्तन

डब्ल्यूएचओ का दावा है है कि जलवायु परिवर्तन की वजह से 2030 से 2050 के बीच, हर साल ढाई लाख मौतें ज्यादा होंगी। इनमें से ज्यादातर लोग कुपोषण, मलेरिया, डायरिया और गर्मी की वजह से जान गंवाएंगे। ग्लोबल क्लाइमेट एंड हेल्थ अलायंस नाम के एनजीओ की पॉलिसी लीड अधिकारी जेस बीग्ली कहती हैं, मौत का यह आंकड़ा बहुत ही संकुचित अनुमान है। वह कहती हैं कि जैसे जैसे जलवायु परिवर्तन का असर बुरा होता जाएगा, वैसे वैसे हम इंसानी सेहत के सामने बढ़ते खतरे देखेंगे। संयुक्त राष्ट्र के जलवायु विशेषज्ञों के पैनल, आईपीसीसी के मुताबिक दुनिया भर में फिलहाल करीब 70 फीसदी मौतें बीमारियों से होती हैं। ग्लोबल वॉर्मिंग इस तस्वीर को और भयावह बनाएगी।

असहनीय माहौल में जीवन : दुनिया के कई हिस्सों में बीते 50 साल में कई बार सूखा पड़ा है। सूखा भोजन के साथ साथ पीने के पानी का भी संकट खड़ा कर रहा है। 2020 में ही दुनिया में खाद्यान्न की कमी से जूझने वाले लोगों की संख्या में 10 करोड़ का इजाफा हुआ है। दूसरी तरफ 2020 में दुनिया भर में वायु प्रदूषण के कारण 33 लाख लोगों की मौत हुई। इनमें से 12 लाख मौतें तो सीधे जीवाश्म ईंधन से होने वाले उत्सर्जन की वजह से हुईं। यह दावा द लैंसेट काउंटडाउन की रिपोर्ट का है। वैज्ञानिक चेतावनी दे रहे हैं कि गर्म होती दुनिया में बीमारियां दूर-दूर तक फैलेंगी। उदाहरण के लिए, गर्म होते यूरोप, रूस और कनाडा में मच्छर पहुंचने लगे हैं।